सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-195 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 24 दिसम्बर 2023
10 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### इस्राइल जाएंगे श्रमिक

**आगरा।** इस्राइल में श्रमिकों के संकट को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश से 10 हजार श्रमिक भेजे जाने हैं। इसके लिए आगरा से 50 श्रमिकों ने जाने के लिए अपनी मंजूरी श्रम विभाग को दी है। इनका जल्द ही दिल्ली में साक्षात्कार होगा। अंग्रेजी का ज्ञान और काम में प्रवीण श्रमिक को एक लाख 34 हजार रुपये महीना मिलेगा। हमास के हमलों के बाद इस्राइल में काफी नुकसान हुआ है। इस्राइल ने सभी फलिस्तीनियों के वर्क परमिट भी निरस्त कर दिए हैं। इससे श्रमिकों का संकट हो गया है। सहायक श्रमायुक्त प्रवीन चंद्रा ने बताया कि पहले हमें श्रमिकों को फोन कर इस्राइल जाने के लिए कहना पड़ रहा था।

### एक घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई है। 22 और 23 दिसंबर की रात को चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। अलर्ट सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देख फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि तीन वापस भाग गए। तीनों आतंकी एक शव को घसीटकर ले गए। आतंकवादियों को एक शव को आईबी के पार घसीटते हुए देखा गया है। आपको बता दें कि पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंकी अपना ठिकाना बना रहे हैं।

### मंसूर पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** तमिल अभिनेता मंसूर अली खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने उन्हें अभिनेत्री तृषा कृष्णन, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं न्यायालय ने अभिनेता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जानकारी हो कि खान को तब से आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जब से उन्होंने अपनी लियो सह-कलाकार त्रिशा के बारे में आपत्तिजनक और स्त्रीद्वेषपूर्ण टिप्पणियां कीं।

### ईडी के समक्ष पेश कार्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धनशोधन के मामले में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इस मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक, ईडी का मामला वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमण को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये का भुगतान करने के आरोपों से संबंधित है। टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही थी। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है।

# दिल्ली में एक और घोटाला

## नई मुसीबत में फंसी केजरीवाल सरकार

- सरकारी अस्पतालों को मिली नकली दवाएं
- एलजी ने दिए जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी अस्पतालों में आपूर्ति की जा रही गैर-मानक दवाओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की सिफारिश की है। मुख्य सचिव को लिखे एक नोट में सक्सेना ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण की गई ये दवाएं मानक गुणवत्ता की नहीं निकलीं। उन्होंने कहा कि ये दवाएं दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में लाखों मरीजों को दी जा रही हैं और संभवतः इन्हें मोहल्ला क्लीनिकों में आपूर्ति की जा रही हैं। सक्सेना ने दवाओं की खरीद में भारी बजटीय आवंटन पर चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया कि इस अभ्यास में अन्य राज्यों के आपूर्तिकर्ता और निर्माता शामिल थे। घटिया दवाओं के मामले पर सतर्कता निदेशालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सरकारी प्रयोगशालाओं को भेजे गए 43 नमूनों में से तीन गुणवत्ता परीक्षण में विफल रहे।

# इजरायली जहाज पर ड्रोन से हमला

## विस्फोट के बाद लगी आग, मदद के लिए इंडियन नेवी का युद्धपोत रवाना

- चालक दल में 20 भारतीय
- हूती विद्रोहियों का हो सकता है हाथ
- हाल ही में समुद्री डाकुओं ने किया था अपहरण
- हमले से कामकाज पर पड़ा है असर



**दुबई।** अरब महासागर में एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमले के बाद आग लगने की खबर सामने आई है। इसे लेकर भारतीय नौसेना भी अलर्ट हो गई है।

भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो में ड्रोन हमले के कारण आग लगने की आशंका है। ये जहाज इस्राइल का बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी मुताबिक, ब्रिटिश सेना की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि एक व्यापारिक जहाज पर भारत के वेरवल के पास ड्रोन द्वारा हमला किया गया। भारतीय रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, जहाज में कच्चा तेल है और यह सऊदी अरब के एक बंदरगाह से मंगलुरू की ओर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तो बुझ गई है लेकिन इसका असर कामकाज पर पड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में भारतीय नौसेना के युद्धपोत भी भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर अरब सागर में व्यापारी जहाज एमवी केम प्लूटो की ओर बढ़ रहे हैं। नौसेना के अधिकारियों ने यह भी बताया कि भारतीय नौसेना का व्यापारिक जहाज के साथ संपर्क हो गया है। उन्होंने बताया कि नौसेना के पी-8आई समुद्री निगरानी विमान ने गोवा में आईएनएस हंसा नौसैनिक हवाई अड्डे से उड़ान भरी और संकटग्रस्त जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित किया।

### जांच में जुटे अधिकारी

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे के मुताबिक, भारत के तट पर संदिग्ध हमले के कारण जहाज पर आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने कहा कि हमला अनक्रूड एरियल सिस्टम द्वारा किया गया था। फिलहाल, अधिकारी इस मामले की गहन जांच कर रहे है।

# 30 दिसम्बर को पीएम मोदी अयोध्या में करेंगे रोड शो

- एयरपोर्ट से अयोध्या रेलवे स्टेशन तक रोड शो करेंगे पीएम
- होगी बड़ी जनसभा



**अयोध्या।** श्रीराम एयरपोर्ट से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को रोड शो भी करेंगे। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और भाजपा संगठन की होने वाली संयुक्त बैठक में इसकी तैयारी की रूपरेखा बनाई जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री मोदी की एयरपोर्ट के पास मैदान में होने वाली रैली की तैयारी का खाका खींचा गया।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि 256 शक्ति केंद्र से एक-एक बस में सवार होकर कार्यकर्ता और समर्थकों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी तरह महानगर के 60 केंद्रों से छोटे चार पहिया वाहनों से लोग पहुंचेंगे। जनपद से करीब एक लाख लोगों को रैली में लाने का लक्ष्य तय किया गया है।

जिलाध्यक्ष के अनुसार पीएम मोदी एयरपोर्ट से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन तक रोड शो भी कर सकते हैं। इस संबंध में कमिश्नर गौरव दयाल के साथ बैठक होगी। सभी जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी शामिल रहेंगे। कमिश्नर गौरव दयाल ने आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नैय्यर के साथ एयरपोर्ट व प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रैली स्थल का निरीक्षण किया। रैली में आने वाले लोगों के लिए वाहनों के पार्किंग स्थलों का जायजा लिया। संबधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी मधुबन सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद से हवाई सेवा होगी शुरूः योगी

## चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सीएम ने जनसभा को किया संबोधित

- यूपी सरकार निजी ट्यूबवेलों के लिए फ्री देगी बिजली
- पीएम मोदी ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया



**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों के निजी ट्यूबवेलों के लिए सरकार फ्री बिजली देगी। इसके लिए पैसे की व्यवस्था हो गई है। बिजली के ग्रिड और फीडर ठीक किए जा रहे हैं। बिलारी में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था की जानकारी रखते थे। उन्होंने कहा कि यदि किसान गरीब रहेगा तो भारत समृद्ध नहीं हो सकता है। भारत की समृद्धि का राज अन्नदाता है। एक मुख्यमंत्री और व्यक्ति के रूप में अन्नदाता किसान के लिए नीतियां और कार्यक्रम बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। पहली बार अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का उपहार मिला। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को क्रियान्वित किया गया। उत्तर प्रदेश में छह वर्षों के दौरान 22 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिला। एमएसपी ईमानदारी से लागू करने का काम किया। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के तहत प्रदेश के दो करोड़ 21 लाख किसानों को 15 किस्तों में 60 हजार करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से मिला है। यह पूर्वजों के प्रति सम्मान भाव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद से शीघ्र ही वायु सेवा शुरू की जाएगी। एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है। प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे शुरू की गई है। अब गंगा एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगी तो वाराणसी और इलाहाबाद से लोगों के लिए नजदीक हो जाएगा। नौजवानों को गंगा एक्सप्रेसवे से रोजगार मिलेगा।

### ट्रस्ट और जाट महासभा को मिली ताकत

ढकिया नरू गांव में आयोजित कार्यक्रम सफल रहने से चौधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान ट्रस्ट तथा अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा को ताकत मिली है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में मुख्यमंत्री और मंत्रियों-विधायकों के आने से आयोजक खुश हैं। मुख्यमंत्री के आगमन से ट्रस्ट और महासभा दोनों को ताकत मिली है।

## लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों में कांग्रेस प्रभारी बदले

# प्रियंका की यूपी से छुट्टी, पायलट बने प्रभारी महासचिव

- छत्तीसगढ़ का जिम्मा पायलट को
- मध्य प्रदेश सहित तीनों हिंदी पट्टी राज्यों के प्रभारियों को बदले गये



**नई दिल्ली।** हालिया विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस संगठन में फेरबदल जारी है। हाल ही में मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को बदल दिया गया था। वहीं, अब एक बार फिर कांग्रेस ने सांगठनिक फेरबदल किया है।

कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह अविनाश पांडेय को ये जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, प्रियंका गांधी बिना किसी पोर्टफोलियो के संगठन के काम संभालेंगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन नियुक्तियों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हैं। वहीं सचिन पायलट को प्रभारी महासचिव बनाया गया है। उन्हें छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही भक्त चरणदास को बिहार के प्रभारी पद से हटा दिया गया है और उनकी जगह मोहन प्रकाश को वहां का प्रभारी बनाया गया है। केसी वेणुगोपाल संगठन के महासचिव बने रहेंगे। वहीं अजय माकन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक, जयराम रमेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। वहीं, मुकुल वासनिक को गुजरात और माणिकराव ठाकरे गोवा का प्रभार सौंपा गया है। जितेंद्र सिंह को असम के साथ ही मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दीपक बाबरिया को दिल्ली के साथ ही हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुमारी शैलजा को उत्तराखंड और दीपा दास मुंशी केरल, लक्षद्वीप और तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### जितेंद्र सिंह को सौंपा प्रदेश प्रभारी का कमान

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के प्रभारी को बदला है। कांग्रेस ने जितेंद्र सिंह को एमपी का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है, जो रणदीप सुरजेवाला की जगह लेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बदला था। कांग्रेस ने जीतू पटवारी पर भरोसा दिखाते हुए उन्हें प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। हाल ही में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में हाईकमान ने कमलनाथ के प्रति नाराजगी भी जाहिर की।

# एक आवाज में नहीं बोल सकते विपक्षी नेताः ठाकुर

- इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का समूह



**बंगलूरू।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का एक ऐसा समूह करार दिया, जिनकी कोई समान विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश होकर संसद के शीतकालीन को बाधित किया।

अनुराग ठाकुर की यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। इसके बाद से इंडिया गठबंधन केंद्रीय गृहमंत्री से इस मामले पर बयान की मांग कर रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, गठबंधन कहा है? वे पंजाब में संघर्ष कर रहे हैं, वे अन्य राज्यों में संघर्ष कर रहे हैं। वे एक आवाज में नहीं बोल सकते। वे भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का एक समूह हैं और एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, उनकी कोई समान विचारधारा नहीं है। उनके पास कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम या साझा उम्मीदवार नहीं है। कोई इंडी गठबंधन नहीं है। संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मंत्री ने कहा कि उन्हें उन गतिविधियों के लिए निलंबित किया गया है जिन पर अध्यक्ष ने रोक लगा दी थी। ठाकुर ने कहा कि सभी राजनीतिक दल इस बात पर सहमत हुए थे कि वे नए संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा के कक्षों के अंदर तख्तियां नहीं लाएंगे। जब हमने नए संसद भवन में प्रवेश किया था तो अध्यक्ष ने सभी से नई परंपराओं के साथ शुरुआत करने का अनुरोध किया था कि किसी को भी कागज फाड़कर चेयर (स्पीकर) पर नहीं फेंकना चाहिए।

# भाजपा की बैठकः राम के जरिए भाजपा लगाएगी नैय्या पार

- आगामी लोकसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में दो दिवसीय बैठक का आज अंतिम दिन था। शनिवार को हुई बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल किए जाए। साथ ही बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की गई है। बैठक में कई मुद्दों पर किया गया फोकस

दिल्ली में दो दिवसीय भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के साथ बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारी से चर्चा के दौरान कहा गया कि वह नए मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस करें। साथ ही बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का भी लक्ष्य तय किया गया है। भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

### पीएम मोदी बोले, चार जातियों पर दें ध्यान

बैठक में पीएम मोदी ने शिरकत की थी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि चार जातियों (महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीब) को ध्यान में रखकर काम किए जाएं। साथ ही उन्होंने 2024 के आम चुनाव के लिए मिशन मोड में काम करने पर जोर दिया है।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में दिन के दौरान न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। मौसम कार्यालय के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता 97 से 69 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने रविवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। इसमें कहा गया कि अधिकतम 25 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी में शाम चार बजे 24 घंटे की अवधि का एक्यूआई 447 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

## फैसला — सजा के खिलाफ अपील खारिज

# आजम को राहत के साथ झटका

- पड़ोसी पर हमले में बेटे समेत बरी
- अभियोजन ने पेश किए सात गवाह



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां व उनके बेटे अब्दुल्ला को कोर्ट ने एक मामले में राहत दी है। सात साल की कारावास मामले में कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा। पड़ोसी पर हमले के मामले में कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम-अब्दुल्ला समेत चारों को बरी कर दिया है।सपा नेता आजम और उनके बेटे को शनिवार दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था।

गंज थाना क्षेत्र में जेल रोड निवासी मोहम्मद अहमद ने 2019 में सपा नेता आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, भाई शरीफ अहमद व भतीजे बिलाल खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, रंगदारी मांगने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। मामले में सभी आरोपी जमानत पर चल रहे थे। केस की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चली। शनिवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने चारों आरोपियों को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से मुकदमे के वादी मोहम्मद अहमद, मोहम्मद इस्माइल, यासिर अली खां, मेडिकल परीक्षण करने वाले डॉ. जावेद, एफआईआर लेखक हेड कांस्टेबल चंदकी राम, विवेचक एसएसआई कृष्ण किशोर मिश्रा व अजय कुमार गवाह के रूप में कोर्ट में पेश हुए। वहीं सपा नेता आजम खां की ओर से अपने बचाव में केवल दो गवाह ही पेश किए।

### नहीं मिला वकीलों को प्रवेश

सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम की कोर्ट में पेशी के वक्त सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। इस वजह से वकीलों को भी पुलिस ने अंदर जाने से रोक दिया। इससे वह भड़क गए। उन्होंने मामले की शिकायत जिला जज से की। सपा नेता आजम खां से जुड़े दो मामलों में शनिवार को फैसला आना है। इसके लिए कचहरी परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पेशी से पहले ही पुलिस ने वकीलों को भी कोर्ट से दूर रखा। इससे उनमें गुस्सा छा गया। वकीलों का कहना है कि उनके केस भी लगे हुए हैं।

# केंद्रीय मंत्री ने दो एफपीओ को प्रदान की फार्म मशीनरी बैंक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने विधायक योगेश वर्मा और विनोद शंकर अवस्थी, डीएम, सीडीओ के साथ खीरी जिले के जगदेवपुर फार्मर ऑर्गेनाइजेशन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड मढ़ई पुरवा भीरा बिजुआ और परमजीत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सहसपुर बांसी बिजुआ को एक-एक फॉर्म मशीनरी बैंक प्रदान की। इसमें सरकार की ओर से प्रत्येक फार्म मशीनरी बैंक (ट्रैक्टर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्राचापर, रोटावेटर) की खरीद पर 12 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया।

केंद्रीय मंत्री ने कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए 32 प्रगतिशील किसान को किया सम्मानित

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा के साथ कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए चार-चार प्रगतिशील किसानों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कृषकों को 07-07 हजार और चार-चार किसानों को द्वितीय स्थान प्रदान करने पर 05-05 हजार की धनराशि का चेक प्रदान किया। इसके अलावा किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एफपीओ जगदेवपुर यूएस ऑर्गेनाइजेशन प्रोड्यूसर कंपनी लि. मेंदईपुरवा निदेशक अचल मिश्रा, ट्राइनफार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. निदेशक डॉ प्रीति वर्मा, शेयर क्रॉपिंग बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. निर्देशक शिव मोहन पांडेय, कान्हा बाबू फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. निदेशक अरविंद कुमार यादव, इवानयान नगरी ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. ग्राम महेशपुर निदेशक बबीता देवी को सम्मानित किया। पराली एकत्र करने वाले यंत्र क्रय करने के लिए एग्रिटेर के रूप में चयन पत्र दिया गया।

## इन सेक्टर्स में इन प्रगतिशील किसानों को मिला सम्मान

**कृषि** धान फसल के लिए किसान रणधीर सिंह (72 कुंतल/हेक्ट.) ने प्रथम और दिनेश चंद्र वर्मा (69.80 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तिल के लिए कौशल किशोर (12 कु.) प्रथम, फूल सिंह(11 कु.) द्वितीय, गेहूं के लिए रामपाल (64 कु.) प्रथम, गुरबचन सिंह (63 कु.) द्वितीय, सरसों के लिए मीना देवी (20 कु.) प्रथम, राम मंगल (18.40 कु.) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**उद्यान** केला खेती के लिए किसान ज्वाला सिंह (1020 कुंतल) ने प्रथम और बलबीर सिंह (940 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संकर ब्याज की खेती किसान गुरुदत्त सिंह (430 कु.) प्रथम और उर्मिला देवी (380 कु.) द्वितीय स्थान, टमाटर की खेती के लिए जमुना प्रसाद (350 कु.) प्रथम और रामरतन (320 कु.) द्वितीय स्थान, मसाला मिर्च की खेती के लिए मो. शोएब (90 कु.) प्रथम और राजेश (65 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**गन्ना** शीघ्रपेड़ी गन्ना के लिए किसान रामाधार (गन्ना पेड़ी 0238/1441 कुंतल) और अनुज कुमार (गन्ना पेड़ी 0118/1370 कु.) शीघ्र पौधा गन्ना में किसान हरजिंदर सिंह (गन्ना पौधा 0118/1313 कुंतल) और जगत राम (गन्ना पौधा 0118/1079 कु.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शीघ्र पौधा गन्ना में किसान सत्यनारायण (गन्ना पौधा 0238/1307 कु.) , गुरविंदर सिंह (गन्ना पौधा 0118/1306 कुं.), सत्येंद्र पाल सिंह (गन्ना पौधा 0118/1283 कुं.), श्याम नारायण (गन्ना पेड़ी 0238/ 1072 कुं.) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**पशुपालन:** मुर्रा भैंस 96 लीटर प्रतिदिन उत्पादन के लिए चंद्रशेखर ने प्रथम और 85 लीटर प्रतिदिन उत्पादन के लिए राजकुमार यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एचएफ गाय से 200 लीटर प्रतिदिन उत्पादन के लिए कमलजीत सिंह प्रथम, साहीवाल गाय से 57 लीटर प्रतिदिन उत्पादन के लिए लक्ष्मी नारायण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बकरी पालन के के लिए सरफुद्दीन प्रथम, शरीफ ने द्वितीय प्राप्त किया। मुर्गी पालन में राजकुमार ने (30 हजार अंडा/ प्रतिदिन उत्पादन करके प्रथम स्थान और राम प्रकाश वर्मा ने 10 हजारअंडा उत्पादन करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## इनकी रही मौजूदगी

सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह चौहान, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, पीपीओ सत्येंद्र सिंह, बीएसए सुभाष चंद्र, एसडीओ कृषि निखिल देव तिवारी, ईई विद्युत शैलेंद्र कुमार, केवीके जमुना बाद से डॉ विसेन और डॉ सुहैल।

# खीरी में मना चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन, सीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भूतपूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई। जनपद स्तर पर मंडी समिति राजापुर में किसान सम्मान समारोह का केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह ने 32 अन्नदाताओं को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट किया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत में जनप्रतिनिधियों अफसरों ने किसानों के साथ लोकभवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। केंद्रीय मंत्री ने मंडी परिसर में कृषि, उद्यान, गन्ना, पशुपालन और उनसे संबंधित विभिन्न सेक्टरों द्वारा लगाए, स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्न जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने चौधरी चरण सिंह के कृतित्व, व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के जीवन में उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी एक किसान नेता के रूप में देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी एक पहचान है। आज भी देश में सर्वमान्य किसान नेता की बात होती है तो उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनसे प्रेरणा लेकर सरकार पीएम के मार्गदर्शन में कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही।उन्होंने कहा कि पीएम के लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचा को खड़ा करने के लिए सरकार की ओर से किए जाने वाले प्रयास बताए। आज प्रत्येक कृषि उपज का निर्यात बढ़ा है। ड्रोन दीदी की संकल्पना को रेखांकित करते हुए कहा कि आज ड्रोन के जरिए उर्वरकों का छिड़काव किया जा रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए फसल जहां खराब और बीमार है। वहीं पर दवा का छिड़काव होगा। इस दृष्टि से कितना फायदा होगा। इससे समय पैसे के साथ-साथ उर्वरक की भी बचत होगी। सरकार ने सहकारी समितियों की आमदनी बढ़ाने एवं सशक्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने मौजूद किसानों को चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती और किसान दिवस की शुभकामनाएं दी।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है।किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों के लिए समर्पित रहा है।

## 4 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैगलगंज खीरी में प्रकाश में आये 06 नफर अभियुक्तों में से 04 नफर अभियुक्त 01. एहसान कुरैशी पुत्र समीम कुरैशी, 2. गुफरान पुत्र नन्हे, 3. इलियास उर्फ पौवा पुत्र हमीद, 4. मो0 यासीन उर्फ अछू पुत्र हमीद सर्व निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी को दकौरा गांव के तालाब के पास से समय 13.00 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा में युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव कल शुक्रवार शाम से लापता हुआ था 35 वर्षीय सोनू कस्बा धौरहरा के बाजार रोड बारिन टोला का बताया जा रहा निवासी सिसैया मार्ग पर फॉरेस्ट कार्यालय के समीप एक बाग में हाथ पैर बंधे सोनू का शव हुआ बरामद।

## मैगो पैक हाउस में हुयी चोरी का खुलासा, एक चोर गिरफ्तार

# 1.5 किलो कॉपर वायर, 6 मीटर काला केबिल, 7 मीटर नीला केबिल व 345 ग्राम चरस बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मैगो पैक हाउस में चोरी करने वाले एक वांछित अभियुक्त को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी का डेढ किलो कापर वायर, 06 मीटर काला केबिल, 07 मीटर नीला केबिल, 1180 रूपये की नगदी व 345 ग्राम अवैध चरस भी बरामद हुयी है। गौरतलब रहे कि 14 नवम्बर 2023 को जगपाल सिंह मण्डी निरीक्षक कृषि उत्पादन मण्डी समीति सहारनपुर ने मैंगो पैक हाउस में चोरी हो जाने के संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली मण्डी प्रभारी निरीक्षक के



नेतृत्व में गठित पुलिस टीम थाना कोतवाली मण्डी क्षेत्र मण्डी समिति तिराहे पर चैकिंग अभियान में जुटी थी कि तभी भूरा उर्फ नौशाद पुत्र इरशाद निवासी अहमद कालोनी थाना कोतवाली देहात अपने हाथ मे एक सफेद कट्टा लेकर संदिग्ध हालत में खडा मिला, जिससे पूछताछ कर सफेद कट्टा चैक किया गया तो कट्टे से डेढ किलो कापर वायर, 06 मीटर काला केबिल, 07 मीटर नीला केबिल एवं रूपये 1180 व 345 ग्राम अवैध चरस बरामद हुआ। बरामद सामान चोरी से संबंधित होना पाया गया है। अवैध चरस की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मण्डी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर अभियुक्त नौशाद ने बताया कि दरसल मेरे हाथ मे पकडे इस कट्टे मे कापर वायर और लाल नीला केबिल है। यह सामान तथा कुछ और भी सामान उसने पिछले महीने की 14 तारिख की रात को मण्डी समिति से चुराया था। उस रात उसने कापर वायर, बैट्रे, स्टैप्लाईजर और कुछ वोल्ट चुराये थे। काफी सामान तो उसने चलते फिरते कबाडियों के बेच दिया था, बाकि सामान वह आज बेचने के लिये जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। अभियुक्त के खिलाफ थाना कोतवाली देहात व थाना मण्डी में भी कई मुकदमें दर्ज है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रवेज कुमार, हैड कांस्टेबल विपिन राठी, मौहम्मद राशिद व कांस्टेबल अकिंत पंवार शामिल रहे।

# 210 ग्राम अवैध चरस बेचने जाता एक तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 210 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशों के क्रम में थानाध्यक्ष चिलकाना विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त अरशद उर्फ छोटा उर्फ बूम्बा पुत्र नानू निवासी ग्राम बुड्ढाखेडा थाना चिलकाना को आज ग्राम सायफन पुलिया के पास से 210 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि वह आर्थिक लाभ कमाने के लिए अन्य राज्यों से चरस लाकर चरस की बिक्री करता है। नशा तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विजय सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार व गौतम सिंह शामिल रहे।

## दुखों से मुक्ति की युक्ति है गीताः स्वामी भारत भूषण

**सहारनपुर।** मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान में हर्षोल्लास के साथ गीता जयंती समारोह मनाया गया। सभी साधकों द्वारा योगेश्वर कृष्ण अर्चन और श्रीमद् भगवत गीता पाठ के बाद गीता ज्ञान संवाद में वरिष्ठ साधकों ने गीता श्लोकों की मनोहारी प्रस्तुतियों में श्रीमद् भगवत गीता में वर्णित कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग एवं सांख्य योग पर पर प्रकाश डाला।

बेरीबाग स्थित मोक्षायतन अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान में आयोजित गीता ज्ञान संवाद में वरिष्ठ योग साधकों डा अशोक गुप्ता, नंद किशोर शर्मा, आचार्या अनीता शर्मा, ललित वर्मा, उमेश खन्ना, शिवम और ध्यान प्रमुख विजय सुखीजा व मंजू गुप्ता के साथ ही नवोदित साधकों केशव वर्मा, दीपक मौर्य, सोनाक्षी वर्मा, अमित कपिल, नारायण वर्मा आदि ने श्रीमद् भगवत गीता में वर्णित कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग एवं सांख्य योग पर पर प्रकाश डाला। आचार्या अनीता शर्मा ने कहा कि श्री कृष्ण ने योगी को तपस्वी, ज्ञानी और मेहनतकश लोगों से भी ऊंचा मानते हुए योगी होने का ही आहवान किया है। इसलिए हम सौभाग्यशाली हैं कि हमे गुरुदेव स्वामी भारत भूषण के संरक्षण में योगमार्ग मिल गया है जबकि ललित वर्मा ने सर्वधर्मान परित्यज्य मामेकम शरण व्रज का विवेचन किया और अशोक गुप्ता ने ध्यायतो विषयानपुंस से प्रणश्यति के आधार पर काम पिपासा से प्राण हानि के स्वरूप को समझाया। योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने गीता को सारे उपनिषदों का सार बताया। उन्होंने गीता की रोशनी में ठोकरें खाने से बचे रहने का सुझाव देते हुए कहा कि टॉर्च का प्रयोग करने के लिए जागृत होना पहली शर्त है। योगगुरु ने कहा कि सोए रह जाने वाले अभागे हैं किंतु जग कर फिर से सो जाने वाले तो और भी अधिक अभागे हैं, हम साधकों को अभागा नहीं बनना और गीता जयंती से प्रतिदिन गीता स्वाध्याय करने का व्रत लेना है। गीता ज्ञान संवाद में भाग लेने वाले साधकों ने योग गुरु के हाथों से श्रीमद् भगवद् गीता की प्रतियां पुरुस्कार रूप में प्राप्त की।

## किसानों की खुशहाली ही देश की प्रगतिः दानिश

**सहारनपुर।** किसान देश का जीवन है। खुद का जीवन लगाकर देश को जीवन्त रखते हैं। किसानों की खुशहाली ही देश की प्रगति है।

उक्त विचार विकास खण्ड मुज़फ्फराबाद में चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर दानिश सिद्दीकी जिलामंत्री उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने व्यक्त किये। विकास खण्ड मुज़फ्फराबाद के समस्त कर्मचारियों ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दानिश सिद्दीकी जिला मंत्री उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने कहा कि भारत देश को विश्व में कृषि देश का दर्जा दिलाने वाले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के संघर्ष व योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सर्व समाज को साथ लेकर देश में राज किया और कृषि, मज़दूर, व्यापारिक व दस्तकारी इन सबको साथ लेकर भारत को सोने की चिड़िया बनाने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रवीन कुमार शर्मा, अंकुर कपिल, रजनीश कुमार, संजय सैनी, मौ.अब्बास, अश्वनी सैनी, अंकित सैनी मौजूद रहे।

# 25 दुकानों से पॉलीथिन व डिस्पोजल बरामद, 30 हजार जुर्माना

# नगर निगम ने चलाया पॉलीथिन उन्मूलन अभियान "आरम्भ"

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा पॉलीथिन उन्मूलन अभियान ''आरम्भ'' के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दो दिनों में 50 से अधिक दुकानों की जांच कर करीब 25 दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन व डिस्पोजल बरामद करते हुए 30 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। कुछ दुकानों पर गंदगी के लिए भी जुर्माना वसूला गया।

सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा पॉलीथिन उन्मूलन अभियान ''आरम्भ'' चलाया जा रहा है। इसके तहत आज निगम द्वारा पुल जोगियान, नवाबगंज, बेरीबाग, नुमाईश कैंप, माहीपुरा चौक क्षेत्र में 35 दुकानों की जांच की गयी जिनमें से 11 दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दो



दुकानों पर गंदगी पायी गयी, जिसके लिए इन दोनो दुकानदारों से 700 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस टीम में मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल, सफाई निरीक्षक मनोज, आशीष व सोमकुमार तथा प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे। इसके अलावा कोटरोड से दिल्ली रोड सब्जी मण्डी तक भी अभियान चलाया गया। जिसमें पांच दुकानदारों से करीब आठ हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

इसी कड़ी में गत दिवस बेहट रोड, नाजिरपुरा व साई मंदिर तक 20 दुकानों की जांच की गयी। इनमें से नौ दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन व तीन पैकेट डिस्पोजल बरामद किये गए। आठ दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर सात हजार तथा एक दुकान से डिस्पोजल बरामद कर दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल, सोमकुमार, सफाई निरीक्षक आशीष कुमार,राजेश व प्रकाशचंद व प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे। सहायक नगरायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा पॉलीथिन उन्मूलन अभियान ''आरम्भ'' लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करे, पॉलीथिन मानव जीवन के लिए सबसे ज़्यादा हानिकारक है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत धर्मगुरुओ को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** टीबी रोग उन्मूलन के अंतर्गत आज धर्म गुरूओं की बैठक आयोजित की गई और सभी से आह्वान किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2025 तक देश को टीबी रोग मुक्त किए जाने के संकल्प को पूरा करने में अपना पूर्ण सहयोग दें तथा जनता को इस रोग के प्रति जागरूक करें। आज राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला क्षय रोग केंद्र के सभागार में समस्त धर्मों के धर्मगुरुओं की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें टीबी रोग के कारण, निदान, उपचार के प्रति जानकारी देते हुए समाज के लोगों को जागरूक किए जाने का आह्वान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संजीव मांगलिक एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा.सर्वेश कुमार सिंह द्वारा धर्म गुरुओ से कहा कि सहारनपुर को टीबी मुक्त करने के लिए धर्मगुरुओ का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि कई लोगो से विशेष अभियानो के अंतर्गत या समय-समय पर स्वास्थ्य कर्मी टीबी संदिग्धों या मरीज़ो के घर वालो से ज़ब लक्षण पूछते है या परिवार के सदस्यों की संख्या या लक्षण पूछते है, तो भ्रान्तियो के कारण लोग कई बार सहयोग नहीं करते, यदि धर्मगुरु इस तरह से सहयोग करते रहेंगे, तो टीबी मुक्त भारत के सपने को शीघ्र साकार किया जा सकेगा। बैठक को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.कुणाल जैन और पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेन्द्र यादव ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर फादर राजन पिल्लई, फादर जॉन वैसले, ज्ञानी अमर पाल सिंह, ज्ञानी ईशर सिंह, मौलाना साजिद, मोहम्मद आलम, पार्षद अहतेशाम, मौलाना अब्दुल अलीम, मोहम्मद क़ासिम, पंडित धीरजानन्द महाराज, पंडित अजय कौशिक, आचार्य रोहित वशिष्ठ, दीपक कुमार सिंह, प्रतीक पराशर उपस्थित रहे। संचालन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एमपी सिंह चावला ने किया।

# आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में नगर निगम को मिली नंबर वन रैंक

**सहारनपुर।** नवंबर महीने में आईजीआरएस पोर्टल पर आयी शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिए सहारनपुर नगर निगम को नंबर वन रैंक प्राप्त हुई है। अपर नगरायुक्त एस के तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम को 90 में से 90 अंक प्राप्त हुए है।

अपर नगरायुक्त एस के तिवारी ने बताया कि नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देशन में कंट्रोल रुम में आने वाली शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का भी गुणवत्ता और गंभीरता के साथ निस्तारण किया जाता है। आईजीआरएस पोर्टल पर आयी शिकायतों के निस्तारण की मुख्यमंत्री कार्यालय से भी फीडबैक लेकर मॉनीटरिंग की जाती है।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि नवंबर माह में कुल 188 शिकायतें आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हुई जिनका शत-प्रतिशत निस्तारण कराया गया। शत प्रतिशत निस्तारण और मॉनीटरिंग के आधार पर नगर निगम सहारनपुर को 90 अंकों में से 90 अंक के साथ नंबर वन रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2023 से 20 दिसम्बर 2023 तक आईजीआरएस पोर्टल पर कुल 3048 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3030 शिकायतों का निस्तारण कराया जा चुका है। इन शिकायतों में अतिक्रमण की 383 में से 377,स्वास्थय विभाग की 1273 में से 1270,पथ प्रकाश की 328 में से 325, निर्माण विभाग की 906 में से 904, टैक्स विभाग की 54 में से 51 तथा जलकल की सभी 89 शिकायतों का निस्तारण शामिल है।

## चौधरी रूद्रसेन बने सपा के राष्ट्रीय महासचिव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चौधरी रूद्रसैन को सपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। चौधरी रूद्रसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाने की जानकारी मिलने पर सपा कार्यकर्ताओ ने उनके आवास पर पहुंचकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता चौधरी रुद्रसैन के पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनने की जानकारी मिलते ही महादेव कालोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचे तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ नेता पुष्पेन्द्र चौधरी ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने चौधरी रुद्रसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर गुर्जर समाज के साथ ही सपा के आम कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम किया है। उन्होने कहा कि इससे समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। पार्षद अभिषेक अरोडा टिंकू व पार्षद फहाद सलीम ने कहा कि चौधरी रुद्रसैन ने हमेशा समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया, उनके राष्ट्रीय महासचिव बनने से सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा, जिसका फायदा सपा को आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष फैसल सलमानी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी अब्दुल गफूर व एससी प्रकोष्ट के पूर्व जिलाध्यक्ष आकाश पंवार खटीक ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा चौधरी रुद्रसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने का निर्णय स्वागत योग्य है। इस दौरान चौधरी प्रवीन बांदूखेडी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी. विजेश कुमार शर्मा, पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष अनुज प्रधान, पिछडा वर्ग महानगर अध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, चौधरी वीर सेन, वासिल तोमर, उद्देश्य काम्बोज, सुरेन्द्र बीडवी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चूड़ियां लेकर गाजियाबाद जिला मुख्यालय पहुंचे सपा कार्यकर्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** में महामहिम राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली द्वारा जिलाधिकारी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश विषय 142 सांसदों को अलोकतांत्रिक कार्रवाई कर केंद्र सरकार द्वारा निलंबन करने के अवगत कराने तथा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए हम समाजवादी पार्टी जनपद गाजियाबाद के साथीगण ज्ञापन द्वारा आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में असफल साबित हो रहे हैं तथा संविधान की लगातार अवहेलना कर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगी हुई है अब शीतकालीन सत्र में अपनी असफलता को छुपाने के लिए अ लोकतांत्रिक तरीके से 142 माननीय सांसदों का निलंबन कर संसद को विपक्ष विहीन कर मनमानी करना चाहती हैं इंडिया गठबंधन ने यह निर्णय लिया है कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हम सभी केंद्र सरकार के अलोकतांत्रिक कृत




का विरोध करते हैं तथा शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह धरना कर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं, कार्रवाई की मांग करते हैं। अतः आपसे सानुरोध निवेदन है कि केंद्र सरकार की अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक कार्रवाही पर संज्ञान लेते हुए लोकतांत्रिक और संविधान की रक्षा के लिए उचित कार्रवाही करेंगी आभार सहित। हस्ताक्षर करने वाले समाजवादी साथीगण फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष धर्मवीर डबास प्रदेश सचिव अमन यादव जिला महासचिव राजन कश्यप महानगर महासचिव जेपी कश्यप पूर्व महानगर अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल वरिष्ठ सपा नेता महबूब आलम लारी वरिष्ठ सपा नेता मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा भुवन जोशी वरिष्ठ सपा नेता मुकेश यादव ठाकुर विक्की सिंह रमेश चंद यादव एडवोकेट वरिष्ठ नेता मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष प्रवेश जिला उपाध्यक्ष रश्मि चौधरी महिला सभा जिला अध्यक्ष ऋतु खन्ना महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया प्रदेश सचिव महिला सभा पुष्पा शर्मा पूर्व प्रदेश सचिव महिला सभा निसार कसर विशाल भारती अंशु ठाकुर आशा कुशवाहा मोहम्मद असलम कुरैशी मजदूर सभा जिला अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता मनीष त्यागी संजीव कुमार यादव सत्येंद्र सिंह यादव कृष्ण यादव हाजी नूर हसन चौधरी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा जुबेर चौधरी संजीव उपाध्याय ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में महिलाओं की विशेष भागीदारी: मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ग्राम परोंख में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने में महिलाओं को विशेष भागीदारी निभाई है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री ने बीड़ा उठाया है, राजनीतिक क्षेत्र से लेकर सामाजिक भागीदारी तक प्रत्येक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का अभियान संचालित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश की बागडोर संभालने के बाद से ही निर्धन, गरीब, समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने का बीड़ा उठाया, तमाम योजनाओं का लाभ गरीब तबके को उपलब्ध कराकर उन्हें भी विकास की मुख्य धारा से जोड़कर सम्मान से जीने का हक प्रदान किया, तमाम प्रयासों के बाद भी कुछ पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह गए थे, ऐसे वंचित पात्रों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा लागू करने का निर्णय लिया जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड तक मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी भेजने का निर्णय लिया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याणार्थ अनगिनत योजनाएं संचालित कीं, गर्भ में बच्चा आने से लेकर जीवन पर्यंत तक, मनुष्य के मरने तक किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र तक पहुंचें, किसी भी योजना का लाभ पाने के लिए किसी पात्र व्यक्ति को बिचौलियों का सहारा न लेना पड़े, इसके लिए मुकम्मल व्यवस्था की गयी है, सरकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र तक लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, योजना का लाभ पहुंचाने में भ्रष्टाचार फैलाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है।

उन्होने कहा कि कुछ पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित रह गये हैं, इस गैप को दूर करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा लागू की गई, जिसके तहत एल.ई.डी. वैन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ग्रामीण तक पहुंचाने का कार्य संचालित है, इसी संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहकर विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने से वंचित पात्रों के मौके पर ही आवेदन पत्र भरवाकर प्राथमिकता पर लाभान्वित करायेंगे।

**संचालित योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र तक पहुंचें**

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कराकर विभिन्न संचालित योजनाओं का लाभ पाने से वंचित पात्रों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित कराया जाएगा।

## छात्रों ने कल्चरल फेस्ट गज ज्योति का किया आयोजन

**कानपुर।** सीएसए के कैलाश भवन सभागार में शनिवार को विवि के कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा कल्चरल फेस्ट गज ज्योति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कानपुर परिक्षेत्र के एडीजी आलोक सिह रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन आपूर्ति श्रृंखला, मूल्य संवर्धन, विपणन, वितरण उद्यमिता, माइक्रो फाइनेंस सहित अन्य कार्यक्रमों की भी श्रृंखला शामिल होती है। उन्होंने कहा कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन वर्तमान समय में एक अच्छा विकल्प है। कृषि व्यवसाय प्रबंधन के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर क मौर्य ने कहा कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन के छात्रों का प्लेसमेंट विभिन्न सेक्टरो में प्रतिवर्ष 90 से 95 प्रतिशत तक होता है।

# किसान सम्मान दिवस पर 26 प्रगतिशील किसान सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में शनिवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के 26 प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें 12 किसान कृषि विभाग के 06 मत्स्य विभाग के 06 उद्यान विभाग के एवं 02 किसान प्राकृतिक विधि से खेती करने वाले शामिल हैं। इस अवसर पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक कार्यक्रम संचालित किए हैं एवं किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस गोष्ठी का उद्देश्य है की किसानों के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं उन्हें उन्नत कृषि के संबंध में जानकारी देना है। गोष्ठी में किसान अपनी समस्याओं को सीधे संबंधित अधिकारी को बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में खेती घाटे का धंधा नहीं है किसान अपनी जमीन पर सभी प्रकार की खेती करने के साथ ही पशुपालन का कार्य भी करें।आज के दौर में फूलों की खेती से अच्छी आमदनी हो सकती है किसान अपनी जमीन पर पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक एवं उन्नत कृषि भी करें इसके लिए सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं भी संचालित की हैं जो उन्हें आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

## योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को देना सरकार का लक्ष्य



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाटपार रानी विकास खंड के ग्राम पंचायत शंभू बनकटा एवं माणीपुर तथा बनकटा विकासखंड के सोहनपुर एवं सुंदर पार भटवलिया में विकसित भारत संकल्प का यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा। सोहनपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की गारंटी देने का जज्बा अगर किसी के अंदर है तो वो है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर है। शंभू बनकटा एवं माणीपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से ऊपर गरीब महिलाओं को जहां निशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया है वहीं पर सौभाग्य योजना के अंतर्गत लोगों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन देने का कार्य हुआ है।

## प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण स्वर्ण जयंती अवसर पर बरेली में 23 व 24 को प्रशिक्षण शिविर एव व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का समापन में 30 सितंबर 2023 को स्वाभिमान रथ यात्रा का कानपुर में भव्य स्वागत किया गया था पूरे प्रदेश में कानपुर द्वारा स्वाभिमान यात्रा का भव्य स्वागत करने पर कानपुर के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता व उनकी पूरी पद अधिकारियों और सदस्यों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 6 सत्र चले , हर सत्र में अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई प्रदेश से लगभग 1500 पदाधिकारी जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री वह प्रदेश पदाधिकारी पधारे थे उन सभी ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वह शिविर में हुई तमाम बातों पर मनन किया व अपने-अपने जिले में जाकर इस प्रकार के प्रशिक्षण लगाने का आश्वासन भी दिया।

# समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की मनाई जयंती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मलिहाबाद विधानसभा के दुर्गागंज चौराहे पर पूर्व ब्लाक प्रमुख काकोरी रूप नारायण यादव जी के निवास स्थान पर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती मनाई गई। जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोलते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सी एल वर्मा ने कहा कि देश की आजादी हो या कांग्रेस की इंदिरा सरकार में लागू इमरजेंसी के खिलाफ आंदोलन दोनों में चौधरी चरण सिंह जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम किया।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया ने अपने विचार रखते हुए बताया उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में जन्मे चौधरी चरण सिंह जी ने कानून की पढ़ाई आगरा विश्वविद्यालय में पूरी की पहली बार गाजियाबाद में वकालत शुरू की आजादी की लड़ाई में भाग लिया देश की आजादी के लिए 1929 में पहली बार जेल भी गए।कार्यक्रम के अंत में अपनी बात रखते हुए सपा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी धर्मेंद्र यादव ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार में 1952 में पहली बार राजस्व मंत्री बनाकर किसानों के असली मसीह के रूप में माननीय चौधरी चरण सिंह जी ने काम किया और किसानों के असली मसीहा बनकर उभरे।23 दिनों के कार्यकाल के बाद 20 अगस्त 1979 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया ऐसे संसद का विश्वास हासिल नहीं करने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री बन गए। कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त टाउन एरिया प्रधान ज्योति प्रकाश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रूप नारायण यादव, निवर्तमान प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यादव, मनोज यादव, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राम लखन चौरसिया,पूर्व मंत्री आर के चौधरी, ज़िला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, ज़िला महासचिव शब्बीर ख़ान, विधानसभा प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया, ज़िला निर्वाचन प्रभारी टी,बी सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नागेंद्र यादव, ज़िला पंचयत सदस्य जितेंद्र यादव गुड्डु, पप्पू यादव, नगर पंचायत प्रत्याशी इब्राहिम मंसूरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर यादव, सलमान नफ़ीस, सभासद प्रत्याशी अनस अहमद,ललित यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## प्रभु श्रीराम के चरणों में अथाह प्रेम रखने वाले अनुज भरत के साथ त्याग अद्भुत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां कस्बे के मंडी समिति पूर्वी गेट स्थित एक मैरेज हाल में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा के सातवे दिन कथावाचक संत राघव ऋषि ने कहा कि मानव शरीर की सार्थकता तभी है कि जब वह अपने साथ दूसरों के कल्याण की भी चिंता करे। योगी होना उतना कठिन नहीं जितना उपयोगी होना है। मनुष्य को समाज के लिए उपयोगी बनना चाहिए। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के चरणों में अथाह प्रेम रखने वाले अनुज भरत का त्याग अद्भुत है। भाई का भाई से कैसा प्रेम होना चाहिए यह भरत से सीखना चाहिए। भरत धीर, वीर साहसी के साथ त्याग तपस्या की खान हैं। भरत को कुछ भी पाने का लालच नहीं है। एकमात्र भैया राम के मुखकमल चरणकमल के दर्शन की अभिलाषा है। जीव का परमात्मा से बिछोह अति दुखदाई है जिसकी वेदना को कह पाना या सह पाना दोनों कठिन है। सम्पूर्ण विश्व की संपदा उस वियोग की पूर्ति नहीं कर सकती। प्रभु से मिलन होते ही समस्त वियोग सुयोग में परिवर्तित हो जाते हैं। इस मौके पर गायक सौरभ ने राम भक्त ले चला रे राम की निशानी भजन सुनाकर भाव विभोर कर दिया। कथा में अरविन्द शुक्ल, श्रीप्रकाश शुक्ल, रोहित शुक्ल,विनोद पाण्डेय, भगीरथ पाठक, दुर्गेश पटवा, मनोज अग्रहरि, सुधाकर पाण्डेय, मनोज गुप्ता, हनुमान अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## 50 किसानों का दल पहुंचा विवि

**कानपुर।** के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा विश्वविद्यालय में आज फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्स्पोज़र विजिट के तहत 50 किसानों का दल कृषि विश्वविद्यालय कानपुर भ्रमण हेतु पहुंचा। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय स्थित कृषि संग्रहालय में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की प्रजातियां को देखा तथा कृषि यंत्रों को भी देखा गया इसके अतिरिक्त विभिन्न तकनीकों का ज्ञान अर्जन भी किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदों, सावाँ, कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तथा यह सभी जनमानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। केंद्र के प्रभारी डॉक्टर ए के सिंह ने किसानों को कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की हुई मांग

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** राष्ट्रीय लोकदल एवं चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 121 वें जन्मदिन किसान दिवस प्रतिमा स्थल घंटाघर चौराहे पर विधि विधान से हवन एवं पुष्पांजलि कर संगोष्ठी कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर मनाया गया साथ ही साथ रामादेवी चौराहा, गंगा बैराज में भी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।



सुरेश गुप्ता प्रान्तीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश ने कहा कि चौधरी साहब खादी एवं ग्रामोद्योग के पक्षधर से वह कहते थे कि आज देश में बेरोजगारी की भारी समस्या की दृष्टि से चौधरी साहब ने लघु कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन देने की नीति पर बल दिया था ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने कहा कि उन्होंने कृषि और किसान की हालत में सुधार की भी हिमायत करते वे कि जबतक किसानों की कृषि में आय नहीं बढ़ेगी तब तक औद्योगिक उत्पादन की खपत सम्भव नहीं है। चौधरी साहब की प्रशासनिक क्षमता असीमित थी। चौधरी साहब ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में किसानों को जोत बही दिलवायी जिससे उनके भूमि सम्बन्धित रिकाडों में गड़बड़ी ज हो सके। जहर की पटरियों पर ग्रामीणों के चलते पर लगे रोक को ब्रिटिश कालीन काजून को समाप्त कराया।सरकार से भारत रत्न देने की मांग की गयी।कार्यकम की अध्यक्षता सुरेश गुप्ता प्रान्तीय उपाध्यक्ष रालोद ने किया संचालन मो उरमान महानगर अध्यक्ष ने किया। मुख्य रूप से मोनू गुप्ता पार्षद, सोमेन्द्र शर्मा, श्यामदेव सिंह, नीरज सिंह एड, शाकिर अली उस्मानी, विजय शंकर लाल, राजकुमार तिवारी, सुहैल चौधरी, भैया लाल पूरी, मुशीर सिददकी, नरेश अग्रवाल, अनिल सोनकर, नसीम रजा, रतीटाम यादव, मो वसी, उमाकान्त, अरविन्द सिंह, टाकेन्द्र मोहन, विजय सिंह, श्रीमती विद्या रजवार, बीण्डी0 जायसवाल, वैतूल खाँ, सोनेलाल, वेद प्रकाश, चांद जाबिर, मंसूर खाँ, अक्लि अहमद, मो शफीक आदि प्रमुख थे।

## डीएम ने 75 अन्नपूर्णा मॉडल शॉप के निर्माण के संबंध में की समीक्षा बैठक




**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में राशन वितरण प्रणाली के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन 75 अन्नपूर्णा मॉडल शाप के निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में निर्माणाधीन 75 अन्नपूर्णा मॉडल शाप के निर्माण के संबंध में बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए विकास खंड सरसौल की ग्राम पंचायत हाथीपुर एवं विकास खंड बिल्हौर की ग्राम पंचायत हसौली काजीगंज में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा मॉडल शाप में निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने के कारण संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खंड विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर सुचारू रूप से निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कराएं।विकास खंड बिधनू की ग्राम पंचायत फत्तेपुर में अन्नपूर्णा मॉडल शाप के निर्माण हेतु विवादित जगह आवंटित करने के कारण अपर जिलाधिकारी, आपूर्ति को निर्देश दिए गए कि संबंधित लेखपाल को कारण बताओ नोटिश निर्गत किया जाए। परियोजना निदेशक, डीआरडीए यह सुनिश्चित करें कि समस्त विकास खंडों निर्माणाधीन अन्नपूर्णा मॉडल शाप को प्रदर्शित करने हेतु यूनीफार्म साइन बोर्ड एवं ब्रांडिंग का निर्धारण कर समस्त खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से लगवाए जाएं। विकास खंड चौबेपुर में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा मॉडल दुकानों की प्रगति धीमी पाए जाने के कारण खंड विकास अधिकारी, चौबेपुर को निर्देशित किया गया कि सभी मॉडल शॉप का निरीक्षण करने के साथ अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी खंड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अन्नपूर्णा मॉडल शाप में यूनीफार्म ग्लो साइन बोर्ड, कलर पैनल एवं टाइल इत्यादि लगाकर दुकान को आकर्षित बनाया जाए तथा निर्माणाधीन समस्त 75 शॉप का निर्माण कार्य 26 जनवरी, 2024 तक पूर्ण किया जाए।

## राममंदिर के निर्माण के लिए नगर में पहुंचे चावल



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजमान होने के दिन 22 जनवरी को भक्तों को अयोध्या पहुंचने के लिए घर घर पीले चावल भेजे जाएंगे। भक्तों को घर पहुंचाने के लिए आज चावल नगर में पहुंच गए हैं। इन्हें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। स्वयं सेवकों के माध्यम से इन्हें आमंत्रित करने घर घर भेजा जाएगा। अगले माह 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में विराजमान होगें। इस धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, अनुराग तिवारी, रामेंद्र गुप्ता, राजा सिंह सेंगर गधेला, मृदुल पाटकार, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, मानवेंद्र सिंह परिहार, विनय निगम, कपिल सोनी, कार्तिक, अशोक कौशल, रामजी, रमेश हूंका, आशीष सोनी आदि मौजूद रहे।

## योग केन्द्रों का भव्य सामूहिक उद्घाटन समारोह



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के द्वारा सम्माननीय निदेशक श्री विनय श्रीवास्तव तथा श्रीमान जितेन्द्र कुमार (आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग) के कुशल निर्देशन में आज सम्पूर्ण उत्तरप्रदेश में 69 केन्द्रों पर योग कक्षाओं का उद्घाटन किया गया। जिन केन्द्रों में लगभग 2800 छात्र योग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उसी क्रम में जालौन जिले में गहोई वैश्य भवन (गहोई धर्मशाला) मु 0 गणेश जी जालौन केन्द्र पर राजेश कुमार गुप्ता केन्द्राध्यक्ष की देखरेख में पवन कुमार गुप्ता प्रशिक्षक के द्वारा योग कक्षा का उद्घाटन किया गया। संस्थान के सम्माननीय सर्वेक्षक तथा इस सत्र के मुख्य मार्गदर्शक श्रीमान महेन्द्र पाठक ने इस सत्र के शुभारम्भ में सभी प्रशिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग से मानव शरीर व मस्तिष्क स्वस्थ रहता है इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र, सर्वेक्षिका डा. चन्द्रकला शाक्या, प्रशिक्षण समन्वयक धीरज मैठानी, समन्वयिका राधा शर्मा, शिवम वर्मा, अनिल गौतम, पूनम मिश्रा, भगवान सिंह चौहान, नितेश कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, ऋषभ पाठक, शान्तनु मिश्र सहित सभी 69 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, संचालक, प्रशिक्षक एवं शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**भटनी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के खोरीबारी स्थित ऐश माउन्ट पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रबंधक धीरेन्द्र राय ने फीता काटकर किया। दो वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, रिले रेस, चाकलेट दौड़ आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत बालिका वर्ग में कबड्डी से की गयी। जिसमें कक्षा 7 की शबनम, सुप्रिया, आंचल, नाजिया की टीम ने बाजी मारी। कक्षा 8 तथा 9 के बालक वर्ग के बीच हुई प्रतियोगिता में कक्षा 9 के विनय, शिवम, साजिद की टीम विजयी घोषित हुई। सौ मीटर दौड़ में कक्षा 4 की इंदू, अनन्या तथा प्रिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान मिला। कक्षा 5 में सौम्या को प्रथम, शिखा को द्वितीय तथा शीतल को तृतीय स्थान मिला। कक्षा6 में दिव्या, रमा तथा तनू ने पहला दूसरा तथा तीसरा स्थान क्रम से प्राप्त हुआ। कक्षा 1 में कादिर को प्रथम, साबिया को द्वितीय तथा तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा बालक वर्ग में भी सभी कक्षाओं के बच्चों के बीच सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। मोजा दौड़ में सादिया, बिट्टू, आराध्या, नीतू को प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रबंधक ने कहा कि खेल कूद से मानसिक तथा शारीरिक विकास होता है। खेल से बच्चों के बीच टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण अंचल में ऐसे आयोजन से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। खेल कूद की रोचक कमेन्ट्री आशुतोष तथा गगनदीप ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रिया,रीना, कविता तथा नितेश आदि ने निभाई। इस अवसर पर दीपिका, सुनीता, प्रीति, दीपिका, सलोनी आदि मौजूद रहे।



## प्रसार निदेशालय में अन्न दाताओं का हुआ सम्मान

**कानपुर।** सीएसए के प्रसार निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र, दिलीपनगर के संयुक्त तत्वाधान में प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में एक विशाल किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा चौधरी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस किसान सम्मान दिवस के अवसर पर निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने समस्त सम्मानित किसानों एवं महिला किसानों को बताया कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हमदर्द थे।

किसानों की तकलीफों को वे अपनी तकलीफ समझते थे।किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं को आज भी याद किया जाता है। सह निदेशक प्रसार डॉ पीके राठी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के द्वारा कृषि विकास में योगदान विषय पर किसान भाइयों को विस्तार से जानकारी दी।

# हत्या के मुकदमे में साक्ष्य न पेश करने वाले पुलिसकर्मियों पर दर्ज होगा केस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हत्या के मुकदमे में साक्ष्य प्रस्तुत न करने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पुलिसकर्मियों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसपी पडरौना को आदेश दिया कि जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कराएं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 के न्यायाधीश शैलेंद्र त्रिपाठी ने आदेश दिया।

मुकदमे के वादी कसया थाना क्षेत्र के सिसवा महंथ गांव के निवासी रामआधार सिंह ने 11 सितंबर 2017 को केस दर्ज कराया था। जिसमें कहा कि रात के करीब 9 बजे उनका 16 वर्षीय बेटा धनंजय सिंह विस्तर लगाने के बाद घर से निकला। लेकिन वापस नहीं आया। गांव और रिश्तेदारों के वहां खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने सिसवा महंथ गांव के ही लक्ष्मण को गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस की पूछताछ में रामआधार सिंह के बेटे धनंजय की हत्या की बात स्वीकार की थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई थी। तभी से मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 में विचाराधीन है। हत्यारोपी भी मौजूदा समय में जेल में है। मुकदमे में न्यायालय में 4 अप्रैल 2018 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमे में अब तक सात गवाहों का बयान अंकित हुआ है। इसमें निरीक्षक गजेंद्र कुमार राय का बयान 6 जुलाई 2022 को हुआ। हत्या में प्रयुक्त माल मुकदमाती के अभाव में इसकी सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। इस मुकदमे में अब तक 49 तारीखें पड़ चुकी हैं। फिर भी माल मुकदमाती संबंधित पुलिसकर्मियों ने कोर्ट में पेश नहीं किया। शुक्रवार को कसया थाने के हेड मुहर्रिर ने न्यायालय को बताया कि अब तक संबंधित माल मुकदमाती का चार्ज नहीं मिला। चार्ज के बारे में क्षेत्राधिकारी की ओर से जांच हो रही है। न्यायालय ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध जांच कराकर पुलिस अधिनियम की धारा-7 एवं उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। इसकी रिपोर्ट 3 जनवरी 2023 तक न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 के न्यायाधीश शैलेंद्र त्रिपाठी ने दिया आदेश**

## शहीद जवान के घर पहुंचे मंत्री

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खाद्य एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोउद्योग विभाग उप्र राकेश सचान द्वारा राजौरी आतंकी हमले में शहीद हुवे जवान करन कुमार के घर जाकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की व मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में उ0प्र0 सरकार परिवारीजनों के साथ खड़ी है, परिवार की पूरी हर संभव मदद की जाएगी, तथा शहीद जवान का पूरा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है, इसके साथ ही शहीद के नाम पर एक द्वार व एक सड़क का नामकरण किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री अजीत पाल, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक बिल्हौर मोहित सोनकर (राहुल बच्चा) उपस्थित रहें।

# स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मकबरा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में चल रही लोकसभा क्षेत्र की सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में खेल राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्जवलन व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मधुर प्रस्तुति किया। खेल राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के विकास व उनकी प्रतिभा में निखार लाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। खिलाड़ियों अच्छी सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत करके अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से खिलाड़ी के भीतर टीम भावना आती है। टीम भावना से भविष्य में संघर्ष करने की क्षमता और बढ़ती है। प्रतियोगिताओं में शामिल होने खिलाड़ियों को अपनी कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है। आयोजन समिति के सचिव अनूप दूबे ने बताया कि रसाकस्सी की प्रतियोगिता में रुदौली विजेता, हरिग्टनगंज उपविजेता, वालीवाल में बीकापुर विजेता, पूरा उपविजेता, कबड्डी बालक वर्ग में महानगर विजेता, सोहावल उपविजेता, कबड्डी बालिका वर्ग में बीकापुर विजेता, महानगर उपविजेता, खो-खो बालिका में महानगर विजेता, अमानीगंज उपविजेता, बालक वर्ग में महानगर प्रथम विजेता व महानगर द्वितीय उपविजेता रही।उन्होंने बताया कि दौड़ में 100 मीटर बालक वर्ग में निर्भय सिंह पूरा प्रथम सौरभ सिंह महानगर द्वितीय, 200 मीटर बालक वर्ग में निर्भय सिंह पूरा प्रथम, राहुल निषाद बीकापुर द्वितीय, 400 मीटर बालक वर्ग में चिरंजीव यादव दरियाबाद प्रथम, अंकुर सिंह पूरा द्वितीय, 800 मीटर बालक में राकेश यादव प्रथम व सुनील यादव बनीकोडर, 1500 मीटर बालक राकेश यादव मसौधा प्रथम व आवेश यादव सोहावल द्वितीय रहे। वहीं बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिवानी हैरिग्टनगंज प्रथम, अंशिका मौर्य मसौधा द्वितीय, 400 मीटर में नेहा हैरिग्टनगंज प्रथम आयुषी सिंह आर्मी स्कूल द्वितीय, 800 मीटर में शिवानी हैरिग्टनगंज प्रथम व अंकित यादव आमी स्कूल द्वितीय, बालिका 1500 मीटर में नेहा हैरिग्टनगंज प्रथम व शांति वर्मा बीकापुर द्वितीय रही। मौके पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जौनपुर के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्रा, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, नगर निगम के उपसभापति जयनारायन सिंह रिंकू, मनमोहन जायसवाल, तेजेन्दर पाल सिंह टिंकल, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, गोकरन द्विवेदी, सुरेन्द्र यादव, विशाल सिंह, शैलेन्दर कोरी, विश्वनाथ सिंह, सूरज सोनकर, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, आशा गौड़, आकाश गुलानी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अयोध्या बोर्ड की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायत अयोध्या के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में बोर्ड की बैठक आहूत की गई जिसमें गत कार्यवाहियों की पुष्टि के साथ पंचम और 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई और इसके साथ ही वर्ष 2023-24 की संशोधित कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया। आगामी वर्ष 2024-25 की प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कार्य प्रस्ताव भी सभी सदस्यों से मांगे गये हैं। सदन में रामचन्द्र यादव विधायक रूदौली एवं अभय सिंह, विधायक गोशाईगंज उपस्थित रहे।

अध्यक्ष महोदया के अनुमति के साथ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही का संचालन आरम्भ किया गया जिसमें एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर गत कार्यवाहियों पर विमर्श के साथ सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। सदन के पटल पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यों की प्रगति समीक्षा से अवगत कराया गया। इसके साथ कार्ययोजना में सदस्यों के कार्य प्रस्तावों के सापेक्ष संशोधन से भी अवगत कराया गया। इसी कम में कार्ययोजना को सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। सदन द्वारा गत बैठक में प्रस्तुत जिला पंचायत की खनन परिवहन उपविधि एवं मानचित्र पारण उपविधि की दरों में संशोधन को



अनुमोदित किया गया। ईंट भट्ठा संचालक उपविधि में संशोधन के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए विलम्ब शुल्क प्रथम माह 500 /- रूपये और पश्चात माह में विलम्ब होने पर 200 /- रूपये प्रति माह विलम्ब शुल्क को अनुमोदित किया गया। इसके पश्चात कारखाना उपविधि और पशुबाजार उपविधि में संशोधनों पर विचार किया गया, कारखानों के लाईसेन्स शुल्क अधिकतम 1 लाख रूपये तथा पशुबाजारों के लाईसेन्स शुल्क के दरों को भी अधिकतम सीमा 1 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के पूर्व सदन द्वारा एक मत से अधिकारियों की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया गया। विभिन्न विभागों से सम्बन्धित मा0 सदस्यगणों के प्रश्नों का उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरता से जवाब दिया गया और सभी मामलों में यथोचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया। सभी सदस्यगणों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा रखते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

सदन की बैठक के अन्त में अध्यक्ष द्वारा अध्यक्षकीय सम्बोधन में विधायकगण सदस्यगण दर्शकदीर्घा मौजूद मेरे मीडिया बुधुओं, जिला स्तरीय अधिकारीगण का कार्यवाही में सम्मलित होने के लिए आभार व्यक्त किया गया।उनके द्वारा कहा गया कि आज की बैठक आप सभी के सहयोग से सम्पन्न हुई।

यह सब हमने मिलकर जनता के लिए किया है और ये उस पुण्यभूमि की जनता है जिस पुण्यभूमि की ओर सारे विश्व की निगाहें हैं। ऐसे में आस्था के इस मन्दिर को आपसभी के विश्वास को सदैव बनाये रखा जाय यह मेरा अनुरोध है।

उन्होंने कहा कि यह प्रभु श्रीराम जी की धरती है और यहां कार्य करने का अवसर मेरा सौभाग्य है, आप सब का सौभाग्य है तो हम सब मिलकर विश्वास और सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसी भी मुद्दे पर आप में से किसी को भी कोई समस्या हो तो मुझे अवश्य बतायें, आपका सदैव स्वागत है।इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा कार्यवाही की समाप्ति की घोषणा की गई।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई, राष्ट्रीय महासचिव विधायक अवधेश प्रसाद जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की , जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि 23 दिसंबर 1902 को हापुड़ में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की और 1928 में गाजियाबाद में वकालत शुरू की. इसके साथ ही उन्होंने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेना शुरू कर दिया, जिसने उन्हें राजनीति की राह दिखाई. 1937 में पहली बार चौधरी चरण सिंह ने यूपी के छपरौली से विधानसभा का चुनाव जीता और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया, उन्होंनेअपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के लिए समर्पित कर दिया था।

## स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर किसानों किया सम्मानित



**पूराबाजार- अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस पर विकासखंड पूरा बाजार के कार्यालय प्रांगण में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे देश को अनाज की व्यवस्था करने वाले किसान धरती के देवता हैं उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है इनका हमें सदैव सम्मान करना चाहिए विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड जैसी महामारी के दौर में भी किसान अन्नदाता ने देशवासियों को खाद्यान्न की व्यवस्था कम नहीं होने दिया इसलिए भाजपा सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर दो दर्जन से अधिक कल्याणकारी योजनाओं को गति प्रदान किया है जो फलीभूत भी हो रही है मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव ने सैकड़ो किसानों को शाल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा यादव के साथ क्षेत्रीय गणमान्य लोग व काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## लोकसंस्कृति, परम्पराओं व कला को समाहित करते अयोध्या महोत्सव का उद्घाटन आज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोकसंस्कृति, परम्पराओं व कला को समाहित करते अयोध्या महोत्सव का उद्घाटन 24 दिसम्बर को शाम पांच बजे केन्द्रीय मंत्री अश्वनी चौबे करेंगे। उद्घाटन के दौरान सर्वधर्म सभा, आतिशबाजी व स्वाती मिश्रा अपने भाव विभोर करने वाले गीत राम आएंगे की प्रस्तुति करेंगी। द्वितीय सत्र में शास्त्रीय संगीत का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य कलाकार पंडित अनुज मिश्रा, पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा व अनूप मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन में विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया है।

अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या की धरा में व्याप्त मर्यादित संस्कृति व संस्कार पूरी दुनिया के लिए शोध का विषय है। यहां की धरती से रामराज्य की परिकल्पना ने वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। इसी संस्कृति व संस्कार को परिभाषित अयोध्या महोत्सव के माध्यम से किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 24 दिसम्बर से 4 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम में 25 दिसम्बर को बिरहा गायक छविलाल पाल की मौजूदगी में कला साधक अभिनंदन समारोह, डांडिया नाईट में भजन गायिका शाहनाज अख्तर अपनी प्रस्तुति देंगी। 26 दिसम्बर को आल्हा गायक सज्जन मिश्रा की प्रस्तुति के साथ अन्नदाता अभिनंदन समारोह , शाम के अवध में लोकगायिका संजोली पाण्डेय मुख्य कलाकार के रुप में होंगी। 27 जनवरी को रक्षक अभिनन्दन समारोह व शाम को लोकरंग के आयोजन में प्रख्यात कलाकार सपना चौधरी की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र बनेगी।

उन्होंने बताया कि 28 दिसम्बर को नारी शक्ति दुरदुरिया पूजन में आमंत्रित कलाकार लोक गायिका रंजना मिश्रा व शाम को फैशन नाईट, मिस्टर, मिस एण्ड मिसेज कल्चर इण्डिया का आयोजन होगा।

29 दिसम्बर का कन्या पूजन भजन गायिका रंगीता अवस्थी की उपस्थिति में तथा शाम ए गजल का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य कलाकार कुमार सत्यम, रिजूराज, मुकेश सिंह, तक्सीम खान होंगे। 30 दिसम्बर को लोक गायक अनादि उपाध्याय की उपस्थिति में जनसेवक अभिनंदन समारोह व शाम को काव्य कलश का आयोजन होगा। जिसमें आमंत्रित कवि सरदार प्रताप भौजदार, स्वयं श्रीवास्तव, शशिकांत यादव, कमलेश शर्मा, हेमन्त पाण्डेय, साक्षी तिवारी व अरुण द्विवेदी होंगे।

## गन्ना किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील

**अयोध्या।** वर्तमान सत्र से ही छोटे गन्ना किसानों को भी गन्ना सप्लाई में आ रही समस्या को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता दी जाएगी। उक्त उद्गार गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में हुई गन्ना किसानों की गोष्ठी में के एम शुगर मिल्स मसौधा के अधिशाषी निदेशक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। इसके अलावा अग्रवाल ने मिल द्वारा गन्ना किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठाने की अपील की जिसमें झटका मशीन पे भी अनुदान देने की योजना पर भी प्रमुखता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को पर्ची की समस्या है वे तुरंत अपने क्षेत्र के मिल कर्मचारियों से संपर्क करें। मिल के उच्चाधिकारियों को अपने बीच पाकर खुश किसानों ने समिति में व्याप्त अनियमितताओं के साथ साथ शिकायतों की झड़ी लगा दी। जिसका श्री अग्रवाल ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे भारत एवं विश्व की नजरः बृजेश पाठक




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उपमुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार बृजेश पाठक की अध्यक्षता में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के 22 जनवरी 2024 में प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों के सम्बंध में बैठक अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री ने वर्तमान में अयोध्या में स्थित विभिन्न चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे भारत एवं विश्व की नजर है। हम सभी पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या आने वाले विशिष्ट जनों श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का दायित्व है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्व से ही कर लिया जाय। उन्होने कहा कि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान अयोध्या के आसपास के जनपदों के हास्पिटलों में सभी सुविधाओं की तैयारियां कर ली जाय। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों आदि के सम्बंध में जानकारी दी।

# डकैती की वारदात खुली, एक बदमाश के साथ मुठभेड़ 6 अन्य गिरफ्तार लाखो का माल बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** चार दिन पूर्व थाना कुर्सी के टिकैतगंज में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, इनमे एक अभियुक्त नौशाद को मुठभेड़ में पकड़ा गया। इनके कब्जे से 21.200 किग्रा चांदी, चांदी के आभूषण, 51 ग्राम सोने के आभूषण, नकदी सहित 2 तमंचा, कारतूस बरामद किया गया।

बता दें कि थाना कुर्सी क्षेत्र में शिवकुमार पुत्र मैकूलाल निवासी टिकैतगंज मजरे मोहसण्ड के घर पर असलहाधारी बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना के खुलासे के लिए चार टीमो का गठन करने के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी द्वारा घटना स्थल पर कैम्प कर समीक्षा की जा रही थी।

इसी क्रम मे पुलिस, एसटीएफ लखनऊ व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा साक्ष्य संकलन, मैनुअल इंटेलीजेंस, डिजिटल डेटा व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए नौशाद पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम भौली थाना



बक्शी का तालाब, मनोज पुत्र शत्रोहन गुप्ता निवासी फैजुल्ला गंज गणेश बिहार कालोनी एस आर पैलेस के बगल थाना मड़ियाव, रूपेन्द्र उर्फ सूरज पुत्र पुत्तन सिह निवासी देवरी रूखारा, मोनू उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र बचान सिंह निवासी ग्राम मामपुरबाना थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ, प्रेम कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम लोहराई मजरे डिकरी बाजार खिंझना थाना घुघंटेर, रामबहादुर सिंह पुत्र भगवान बख्श सिंह निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना महिगवां जनपद लखनऊ व राजू यादव उर्फ वीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 सोहन लाल यादव निवासी ग्राम लंघनियाँ थाना बिसवां जनपद सीतापुर को ग्राम बोहड्या स्थित भुइहारन बाबा मन्दिर के पास बाग से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 21.200 किग्रा चांदी व चांदी के आभूषण, 51 ग्राम सोने के आभूषण, 5,075/- रुपये नकद, एक तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस, मोटर साइकिल स्लेण्डर घटना में प्रयुक्त बरामद किया गया। इन सभी के विरुद्ध जनपद लखनऊ व अन्य जनपदों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनकी विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की जा रही है। थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त तमंचा की बरामदगी हेतु अभियुक्त नौशाद उपरोक्त को मदारपुर पुलिया के पास ले जाया गया था जहां पर अभियुक्त नौशाद अंधेरे का फ़ायदा उठाकर पुलिस टीम को चकमा देकर मदारपुर पुलिया के पास मे रखे तमंचा व कारतूस को लेकर भागा एवं पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दी, तत्पश्चात् पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्त नौशाद उपरोक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

## भारत सरकार को चाहिए कि किसानों के फसलों के लाभकारी मूल्य घोषित करके किसानों का विकास करें: चौधरी राकेश टिकैत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत ने किसान घाट अयोध्या में स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहां की चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश के विकास का रास्ता खेत और खलिहानों से होकर गुजरता है देश और प्रदेश की सरकारें यदि चौधरी चरण सिंह के नीतियों का अमल करें तो देश का किसान खुशहाल होगा, खेती का विकास होगा और देश विकसित होगा चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि कोरोना काल में भी देश के किसान ने अपने परिश्रम के बल पर महत्वपूर्ण जीडीपी को बरकरार रखकर महत्वपूर्ण कार्य किया है। भारत सरकार को चाहिए कि किसानों के फसलों के लाभकारी मूल्य घोषित करके किसानों का विकास करें। और प्रदेश सरकार से मांग किया की अवलंब गन्ना मूल्य घोषित करके उहापोह समाप्त करें।



चौधरी राकेश टिकैत ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की वकालत करते हुए अभिलंब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाने की मांग किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा ,राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ,युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, मध्यांचल जॉन के अध्यक्ष सालिकराम यादव, राम गणेश मौर्य ,देवी प्रसाद वर्मा सहित कई दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके पूर्व चौधरी राकेश टिकैत द्वारा 22 दिसंबर को किसान धाम साईं का पुरवा दर्शन नगर में किसान कार्यशाला का आयोजन करके भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं का पेच कसते हुए भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करने, सफल आंदोलन करने और कुशलता पूर्वक अधिकारियों से वार्ता करके समस्या समाधान करने का टिप्स दिया, चौधरी टिकैत ने फिजूल खर्ची रोकने, जन्मदिन व मृत्यु भोज रोकने पर भी बल दिया। चौधरी राकेश टिकैत ने स्पष्ट किया कि बिना संगठन के आंदोलन नहीं हो सकता और बिना आंदोलन के देश नहीं बच सकता, चौधरी राकेश टिकैत भगवान राम लला का दर्शन राम जन्म भूमि में किया तथा हनुमानगढ़ी में हनुमान जी का दर्शन किया चौधरी राकेश टिकैत राम जन्मभूमि निर्माण पर मांग किया कि मजबूत पत्थरों का प्रयोग होना चाहिए और यह भी मांग किया कि अयोध्या को नशा मुक्ति बनाना चाहिए चौदहकोसी परिक्रमा के अंदर प्रत्येक प्रकार की नशा के दुकानों को बाहर करना चाहिए।

## विद्युत मेगा कैंप में की गई बकाया वसूली

**कोठी बाराबंकी।** विद्युत मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने बिल वसूली डिस्कनेक्शन पंजीकरण का कार्य किया।

शनिवार को कोठी कस्बे में अधीक्षण अभियंता पीके गौतम व उपखंड अधिकारी शैलेंश गुप्ता की अगुवाई में विद्युत मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं ने 12 लाख 57 हजार का विद्युत बिल जमा किया। जिसमें ज्यादा बकाया होने पर 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए तथा 125 उपभोक्ताओं का पंजीकरण किया गया। धीरेंद्र सिंह ने बताया उपभोक्ताओं के लिए छूट चल रही है बिल जमा कर छूट का लाभ उठाएं अन्यथा ज्यादा बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस मौके पर जेई अजय कुमार, कृष्ण कुमार, मनीष कुमार, दिनेश सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**मसौली बाराबंकी।** भारतीय कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बब्लू के साथ सांसद ब्रजभूषण सिंह का अयोध्या जाते समय हाइवे पर स्थित सागर इंस्टीयूट के निकट अजय प्रताप सिंह मोनू भैया की अगुवाई मे जोरदार स्वागत किया गया। बताते चले कि विगत दिनों भारतीय कुश्ती संघ के हुए चुनाव मे गोंडा सांसद पूर्व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के अति करीबी संजय सिंह बब्लू को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शनिवार को अयोध्या जाते समय जोरदार स्वागत किया गया। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह चुनाव सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुआ है। हमें सिर्फ अपने खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता है। उन्होंने कहा कि कुश्ती के लिए राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कहा कि जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं, वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे। इस मौके पर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महन्त बलराम दास महाराज रवि प्रताप सिंह, आकाश सिंह, शैलेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान जियाउल हक अंसारी, दानिश फिरोज अहमद, शरद प्रकाश सिंह, जितेंद्र मौर्य, अजय यादव मौजूद रहे।

## हादसे में जख्मी चाचा भतीजे की ईलाज के दौरान मौत

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार को गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गम्भीर रूप से जख्मी बाईक सवार चाचा भतीजे की लखनऊ ट्रामा सेंटर लखनऊ मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। बताते चले कि शुक्रवार को टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बांसगाव निवासी 30 वर्षीय सुंदर पुत्र बुधराम अपने 8 वर्षीय भतीजे संकित पुत्र जीतेन्द्र के साथ बाईक से लखनऊ जा रहे थे कि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम भुलभुलिया के निकट अज्ञात वाहन ने टककर मार दी जिसमे दोनो चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। मौक़े पर पहुंची मसौली पुलिस ने दोनो घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन हालत नाजुक होने के कारण दोनो घायलों को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया जिनकी इलाज के दौरान दोनो घायलों की मृत्यु हो गयी।

# श्रद्धा संग मनाई गई पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह की 121वीं जयंती जिले भर में बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाई गई। आयोजनों में उन्हें किसानों का मसीहा बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सांसद डॉक्टर के डा पीएल पुनिया ने कहा कि स्व चरण सिंह किसान तथा मजदूरों के मसीहा थे उनका स्पष्ट मत था कि भारत कृषि प्रधान देश है खेती तथा किसानी के विकास के बिना देश की तरक्की संभव नहीं है चौधरी साहब कहा करते थे कि भारत के उन्नति का मार्ग खेतो और खलिहानो से होकर गुजरता है। डा पुनिया आज जयंती के अवसर पर अपने ओबरी आवास पर कांग्रेसजनों के साथ उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात बोल रहे थे। कांग्रेस के प्रांतीय महासचिव तनुज पुनिया ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात कहा कि चौधरी चरण सिंह एक विवेकशील राजनेता, बेदाग, चरित्र-



इमान के धनी नेता थे। अपने प्रदेश में जमींदारी प्रथा समाप्त करने में उन्होने अहम भूमिका निभाई किसान और उनकी समस्याओं से भली-भांति परिचित होने के कारण उन्होंने आजीवन भारतीय कृषि के हितों के लिए बहुमूल्य योगदान दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, सिकंदर अब्बास रिजवी, रामकुमार लोधी नेकचन्द्र त्रिपाठी, सौरभ पांदे धनंजय सिंह, आदि कांग्रेसजन थे।

मसौली प्रतिनिधि के अनुसार मसौली चौराहे पर किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जब भी सत्ता में आये तो किसानों को ताकत मिली, उन्होंने किसानों के उत्थान के लिए काम किया। गन्ने और गेहूं के दाम बढ़ाए। खेत, खलियान, किसान, मजदूरों की भलाई के लिए काम किया। वो किसानों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने पूंजीपतियों से कभी भी हाथ नहीं मिलाया। विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के अधिकारों के समर्थक थे। पार्टी के प्रदेश सचिव सरताज चौधरी व डॉक्टर विकास यादव ने अपने संयुक्त संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय चौधरी साहब को जाता है। उन्होंने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया। ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता तथा जिला उपाध्यक्ष रिजवान संजय के संचालन में जयंती कार्यक्रम को जगरूप वर्मा, ब्लॉक महिला सभा अध्यक्ष शीलम वर्मा, विधानसभा महासचिव पप्पू वर्मा, मोहम्मद शाहिद सत्येंद्र वर्मा, अवध राम वर्मा, फकीर अली अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने चयनित लाभार्थियों में वितरित किये प्रमाण पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड देवां के ग्राम पंचायत गढ़ी छ्तैना व ग्राम पंचायत मुरादाबाद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहें। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लाभार्थियों और जनता-जनार्दन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जनहित में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमन्त्री आवास योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि के बारे में जानकारी दी तथा वंचित लोगों का रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से जोड़ा गया और चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। इस ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष परशुराम रावत, बी.डी.ओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष रामनाथ यादव, महेंद्र सिंह, नेवल किशोर, देवेन्द्र वर्मा, विनोद वर्मा, राम प्रकाश रावत,जगदीश वर्मा, राजकुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

आफ़ताब रिज़वी



- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित खेलकूद प्रतियोगिता में लिया भाग

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में स्थित पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया गया। ततपश्चात बच्चों ने नाटक, नृत्य, कहानी, निबंध प्रतियोगिता व खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कृष्ण डांस में नव्या, सायमा, वैष्णवी, चांदनी ने भाग लिया। भाषण में फलक, ग्रुप डांस में पाप ओ मेरे पापा के लिए अनोखी, सृष्टि, आयत, सायबा, नैनी ने शानदार प्रस्तुति की। इसके बाद नानी तेरी मोरनी गीत में रूपा, सिरसा, अलका, बॉबी, नैनी, आराध्या, ऋषि ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। नाटक में जैसी करनी वैसी भरनी की सुंदर प्रस्तुति बच्चों द्वारा की गई। स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि में बच्चों ने भाग लिया। शासन स्तर पर दिए गए निर्देश के क्रम में पीएम श्री विद्यालयों में रचनात्मक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से व बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था।

यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाना था। अंत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अपने मुख्य अतिथि संबोधन में बीईओ संजय कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और रचनात्मक कार्यों में रुचि भी बच्चे लेते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का कार्यक्रम विद्यालयों में होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धर्मराज दुबे व संचालन एआरपी अरविंद अग्रहरि ने किया। इस मौके पर शिक्षक रामविलास यादव, तिलक राम, मोहम्मद सादिक, अहमद हुसैन फारूकी, अमृतलाल, विजय श्रीवास्तव, संतोष पाठक व शिक्षिका ज्योति यादव, बरखा अग्रहरि,दिव्या सोनी, दीपा मिश्रा, मलिक निकहत, वर्षा जैन आदि उपस्थित रहे।

## तालाब की ज़मीन पर हो रहा अवैध निर्माण

**अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा वार्ड तीन मुजफ्फरनगर में तालाब की जमीन पर नईम के द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है उसी तालाब में गांव वालों के पानी नाली के जरिए जाता है। वार्ड तीन मुजफ्फरनगर के नगर पंचायत वासियों ने बताया कि नईम के द्वारा अवैध निर्माण करवा नाली बन्द कर दिया गया जिससे नाली का गन्दा पानी होकर बह रहा है जिससे लोगों को हो रही है परेशानी नगर पंचायत अध्यक्ष ने मीडिया के कैमरे के सामने शपथ के बाद कहा था की अवैध निर्माणों पर चलेगा बुलडोजर यहां तो खुले आम तालाब की जमीन पर निर्माण करवाए जा रहे हैं जिससे लोगों की परेशानी भी बढ़ गई लेकिन अभी तक नगर पंचायत अध्यक्ष की नजर क्यों नहीं पड़ा। क्या अवैध निर्माण हटवाया जाएगें। पहले ही अवैध निर्माण करवा लिए हैं क्या इन सब पर कार्रवाई होगी या नहीं यह आने वाला समय बताएगा लेकिन नगर पंचायत में जो निर्माण अवैध करवा रहा है नाली को रोका है उसके खिलाफ जनता में आक्रोश बढ़ते जा रही है क्या जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेंगे या फिर वहां कोई बड़ी घटना का दावत देंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



- केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार के आने से हो रहा है विकास

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनियाडीह के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर ग्राम प्रधान विनोद व ग्राम पंचायत हरिगाव प्रधान भारत की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बनियाडीह में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राम ने कहा की 76वर्षो से विजली नही दे पा रहे थे केंद्र में व उत्तर प्रदेश भाजपा की सरकार आई है तब से विकास को गति देने का कार्य किया जा रहा है जो एमश हास्पिटल दिल्ली मे था वह आप के करीब के जिला गोरखपुर में एमश हास्पिटल बना कर इलाज कराने का कार्य किया जा रहा है। गरीब परिवार के लिए 5 लाख आयुष्मान कार्ड दिया जा रहा है ताकी फ्री मे इलाज हो सके विकास के कार्य को रोक कर अलमारी भरने का कार्य करते थे वह पकड़े जा रहे है विकास कार्य के लिए व जन-मानस की सुरक्षा के लिए भाजपा सरकार खडी है। सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल ने मौजूद लोगो से कहा मोदी जी रेलवे स्टेशन पर अपने पिता जी के साथ चाय बेचने के नाते गरीबी को बहुत करीब से देखा इस लिए सबसे पहले गरीब परिवार को सौचालय देने को कहा पन्नी के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति को पक्का मकान देने को कहा प्रधानमंत्री जी तरह विधायक जी भी बहुत करीब से गरीबी को देखी है इस लिए हर दम गरीब परिवारों का ख्याल करते है जिस तरह विधायक जी को भारी मतो से जित दिलाई थी उस तरह आने वाले चुनाव में सांसद जी को विजई बनाकर दिल्ली भेजे। इस दौरान बीडीओ राम प्रवेश, सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, एडीओ कापरेटिव युनूस अंसारी, एडीओ एजी रामकृष्ण मिश्रा, महबूब, मो आरीफ, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुसे सिंह, लक्ष्मी राम, सुरेन्द्र मणि, निजाम जिलानी, प्रधान भारत, पंकज वर्मा, लेखपाल मनोज कुमार, करूणेश पाण्डेय, सोनू चौरसिया, फार्माशिष्ट राजन मिश्रा, एल टी प्रवीन दुबे, डा प्रियंका त्रिपाठी, राहुल सिंह, शन्नी सिंह, जनार्दन मणि, नीतु, चांद रानी, विष्णु प्रजापति, उमेश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# नगर पंचायत प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मदद से कराया गया अतिक्रमणमुक्त

अवधनामा संवाददाता





- पुनः अतिक्रमण किए जाने पर जुर्माना वसूली करते हुए की जाएगी कानूनी कार्यवाही: महेश प्रताप
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय नगर पंचायत को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत डुमरियागंज व पुलिस टीम के की ओर से शनिवार सुबह अभियान चलाया गया। मंदिर चौराहे सहित आसपास की दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया। नगर पंचायत के इस कार्य से पटरी दुकानदारों में हड़कम्प मच गया है। नगर पंचायत डुमरियागंज मंदिर चौराहा के आस-पास विभिन्न अतिक्रमण कारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को नगर पंचायत प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मदद से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिक्रमण कारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि पुनः अतिक्रमण किए जाने पर जुर्माना वसूली करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान के तहत नगर पंचायत डुमरियागंज के मंदिर चौराहा पर सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु अभियान चलाते हुए प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा अन्य लोगों को भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान में लिपिक हसन ताकीब रिजवी, कासिम मेहंदी, मोहम्मद हैदर, अर्पित द्विवेदी, महंथ मिश्रा, कृष्ण कुमार सहित नगर पंचायत कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर सभागार में तिलहन मेला व संगोष्ठी का आयोजन

# किसान सम्मान दिवस के रूप में मनी चौधरी चरण की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस, तिलहन मेला का आयोजन अम्बेडकर सभागार में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधिगण को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का लाइव प्रसारण देखा गया। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा युवाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानो को खेती करने के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर उन्नतशील खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि उपकरण, बीज आदि पर सब्सिडी देकर किसानों की आय दोगुना करने का कार्य कर रही है। अन्नदाता किसानो द्वारा कड़ी मेहनत कर फसल तैयार करते है। अन्नदाता किसानो को बधाई दिया गया।

सीडीओ जयेन्द्र कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानो के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया गया। जिसके कारण उनके जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। किसान हमेशा नया प्रयोग करता है जिससे अच्छा लाभ प्राप्त होता है। वैज्ञानिक विधि से खेती करके विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी आय प्राप्त कर सकते है।

जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, उद्यान विभाग द्वारा सब्जी में केला आदि में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, मछली पालन में अच्छा कार्य करने वाले लाभार्थी, पशु पालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन में अच्छा कार्य करने वाले किसान, गन्ना उत्पादन में अच्छी पैदावार करने वाले किसान कुल 32 किसानो को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवनलाल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा तथा अन्य अधिकारी व किसान आदि उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थेः अमित वर्मा

**अम्बेडकर नगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानपुत्र चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन देश के किसानों के लिये समर्पित कर दिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा जिला कांग्रेस कार्यालय पर किसान दिवस गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि कृषि सुधारों और किसानों के हितों के लिए चौधरी साहब ने कानून बनाये, भ्रष्टाचार मिटाया। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अध्यक्षता और नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति के संचालन में किसान दिवस के रूप में मनायी गयी समस्त कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया और गोष्ठी की। पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल और सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष राज बहादुर मिश्रा ने कहा कि भाजपा राज में त्राहि त्राहि कर रहे किसानों को आज फिर चौधरी चरण सिंह की जरूरत आन पड़ी है उनके संकल्पों को कांग्रेस पूरा करेगी।

## जमीन से सम्बंधित समाधान दिवस में आये तीन मामले निस्तारण के लिए निर्देशित थानाध्यक्ष



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस मे तीन मामले आये जो भूमि विवाद से सम्बंधित था। ग्राम प्रधान गदहमरवा सोनी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है की मनरेगा योजना से सड़क का कार्य हो रहा था जो गांव के कुछ लोगो ने रोक दिया है जिसको पैमाइश कराया जाये ताकी ग्रामीणों को आने जाने के लिए सड़क बनवाया जा सके। जमील अली पुत्र अब्दुल रहमान ग्राम भीटपरा निवासी ने भूमि की पैमाइश कराये जाने का प्रार्थना पत्र दिया और अपने प्रार्थना पत्र मे कहा की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया जाये व चैनमती पत्नी बनारसी यादव ग्राम सेमरी सोतियाडाडी की महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है। मामले के निस्तारण करने के लिए सम्बंधित लेखपाल को थाना प्रभारी यशवन्त सिंह ने निर्देशित किया।बताते चले की कुछ क्षेत्रीय लोगो का कहना है की बिजली सम्बंधित व ब्लाक सम्बंधित मामलो का निस्तारण कर्मचारी के अभाव में नही हो पाता है जिसमें नागरिक अपनी समस्सयाओ को लेकर परेशान रहते है समाधान नही हो पाता है लोगों ने सम्बंधित कर्मचारी की मांग की है। उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव, उप निरीक्षक रामा यादव, उप निरीक्षक रामगती, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव, कानून गो अम्रीश, लेखपाल हसन तमीम, राम कुमार, धनंजय पाण्डेय, सुरज, शोनाली, सुबोधकांत गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक के तेनुहार, व भनवापुर ब्लॉक के भरवाठिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है कि हम सभी साथ मिलकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के पथ पर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प अवश्य साकार होगा और देश का प्रत्येक नागरिक को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त, समर्थ और समृद्ध बनाना इस यात्रा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा जन-जन को भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभों से अवगत करा रही है। यात्रा के दौरान न सिर्फ आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि जो लोग किन्हीं कारणों से इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती समारोह का आयोजन अरिया बाजार (दोहरीपुर) अंबेडकरनगर स्थित पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के आवास पर किया गया। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव/पूर्व मंत्री/विधायक लालजी वर्मा रहें।

जयंती समारोह को सपा के राष्ट्रीय महासचिव/ पूर्व मंत्री/ विधायक रामअचल राजभर,सपा के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/आलापुर के विधायक त्रिभुवनदत्त, पूर्व सदस्य विधान परिषद हीरालाल यादव आदि ने सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव ने किया जबकि संचालन जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू ने किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनीसुर्रहमान, प्रदेश सचिव नदीम अंसारी, जिला प्रवक्ता राजितराम यादव, सपा नेता रामअरज यादव, आनदं वर्मा, सुरजीत वर्मा, शेषकुमार वर्मा, सदस्य जिला पंचायतगण आत्रेय सिंह, आलोक सिंह यादव, अविनाश चौधरी, सूरज अहलादे, धर्मेन्द्र यादव, विजय यादव, चेयरमैन अबुल बशर अंसारी, महंत चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, बालमुकुंद धुरिया, प्रभंजन विश्वकर्मा, विधान सभा अध्यक्षगण रवींद्र यादव, प्रवीण शर्मा, संदीप यादव, अनिल निषाद, अखिलेश यादव, सपा नेता रघुनाथ यादव, राम अचल गौतम, मनोज यादव, जगदीश राजभर, देवेंद्र भास्कर, उत्तम चौधरी, पहलवान यादव, जिला सचिव रामचंद वर्मा, प्रेम सागर प्रजापति,अजय गौतम एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अमरदीप गोंड, दर्शन प्रसाद भारती, सुनील यादव, रामनाथ गौतम, कंतराजचौरसिया, रामचरन गौतम, सुभाषचंद गौतम, राजन कन्नौजिया, संजय गौतम, धर्मराज गौतम, अखिलेश गौतम आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष के अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन



**आलापुर (अंबेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** शासन की मंशा अनुसार थाना प्रभारी राजेसुल्तानपुर सन्तकुमार सिंह की अध्यक्षता थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्राधिकारी आलापुर आरबी सिंह मौजूद रहे। मालूम हो थाना दिवस पर कुल पांच शिकायते आई और सभी शिकायते राजस्व विभाग से संबंधित थी । थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग को निर्देश दिया गया और शिकायतो को प्राथमिकता देते हुए उसका निराकरण करने हेतु राजस्व कर्मियो को शिकायते दी गई। इस मौके पर थाना दिवस पर लेखपाल अरुण कुमार, विवेक कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, रामकेवल, मनोज तिवारी एवं महिला कांस्टेबल प्रज्ञा मौर्या, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, उपनिरीक्षक विनोद तिवारी विनीत सिंह, अमरनाथ यादव, कांस्टेबल धनंजय यादव, कुनाल यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 25 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राजीय गाँजा तस्कर अवैध 25किलो 500 ग्राम गांजा व एक अदद हुंडई सैन्ट्रो कार के साथ किया गिरफ्तार। थाना बसखारी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राजीय गाँजा तस्कर अवैध 25 किलो 500 ग्राम गांजा व एक अदद हुंडई सैन्ट्रो कार के साथ किया गिरफ्तार। जनपद अम्बेडकरनगर थाना बसखारी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राजीय गाँजा तस्कर कुल तीन अभियुक्तों को अवैध 25 किलो 500 ग्राम गांजा व एक अदद हुंडई सैन्ट्रो कार के साथ किया गया गिरफ्तार।

## तैनाती के बाद सफाईकर्मी नदारद गन्दगी का अम्बार, ग्रामीणो में आक्रोश



**पौली अवधनामा संवाददाता।** पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सरकार जहाँ साफ-सफाई पर विशेष जोर दे रही है। वही पंचायतों मे तैनात सफाईकर्मियों व विभागीय जिम्मेदार अधिकारियो के लापर्वाही के चलते पंचायतों की गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसका नमुना विकास खन्ड पौली के ग्राम पंचायत पौली कि सड़को व गलियो मे लगा गन्दगी का अम्बार है। शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणो मे अशोक, बइलओधर, अनीश खान, इरशाद, ईशा, अख्तर अली, माहेरसूल, रामलाल, हरिलाल ने बताया कि गाँव मे तैनात सफाई कर्मी लगभग दो माह से गायब है। जिससे गाँव कि सडको व गलियो मे गन्दगी जमा हो गई है। सार्वजनिक व अन्य जगहो पर जमा हुई गन्दगी से उठ रही दुर्गन्ध लोगो का बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। हम सभी को अब संक्रामक बिमारी फैलने की आश्ंका सताने लगी है। ग्राम प्रधान अताऊल हक ने बताया कि गाँव तैनात सफाईकर्मि का लगभग दो माह स्थानांतरण हो गया। जिसकी लिखित शिकायत हमने जिला पंचायत राज अधिकारी से किया। मामले को संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने 11-12-2023 को एक दुसरे सफाई कर्कोमी बिस्मिल्लाह पौली गाँव के लिए सफाईकर्मी के लिए तैनात करने का निर्देश दिया। आज तक तैनात कर्मी गाँ मे नही आय। इस सम्बन्ध मे एडीओ पंचायत दल सिगार यादव ने बताया कि जल्द ही गाँव मे उक्त सफाई कर्मी की तैनाती करा दी जायेगी।

# थाना समाधान दिवस पर मंडलायुक्त ने जनसमस्याओं के निस्तारण का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह व आई जी बस्ती आरके भारद्वाज ने जनसमस्याओं को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।समाधान दिवस में कुल 6 मामलें पेश हुए जिसमे एक का भी मौके पर निस्तारण नही हुआ। थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद सिद्धार्थनगर के थाना कोतवाली बांसी में जनसुनवाई की गयी।

इस अवसर पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वाद समाप्त थाना समाधान दिवस राजस्व टीम व पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराये। आई जी ने थाना बांसी के अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर का अवलोकन किया गया व प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद से सम्बंधित मामलो में शिकायत प्राप्त होने पर उसका इंद्राज थाना समाधान दिवस रजिस्टर व भूमि विवाद रजिस्टर में भी करें। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की जाये।

यह सुनिश्चित किया जाय कि पीडितों को न्याय मिले। मौके पर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक अग्रवाल, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## समाजवादियों ने मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को किसानों के मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती किसान दिवस के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष माननीय लाल जी यादव की अध्यक्षता में मनाया गया और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा एक विचार गोष्ठी कर उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी किसानों गरीबों मजलूमों और समाज के दबे कुचले लोगों के सच्चे हितैषी थे।

चौधरी साहब एक साधारण परिवार से निकलकर अपने विचारों और संघर्षो के बल पर देश के प्रधानमंत्री बने और अपने कार्यो से गरीबों और किसानों के हित में ऐतिहासिक कार्य किये और वह कहते थे कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए किसानों की एक आंख मेड पर और दूसरी आंख दिल्ली की सरकार पर होनी चाहिए।

## आपूर्ति विभाग के मनमानी से खार खाये ग्रामीणो ने किया राम जानकी मार्ग जाम



**पौली अवधनामा संवाददाता।** धनघटा थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित परासिर के ग्रामीणो ने शनिवार को लगभग 12 बजे उग्र होकर उस समय रामजानकी मार्ग को जाम कर दिया। जब 21,12,2023 को उक्त गाँव के कोटेदार के मौत के बाद गाँव का गल्ला अटैच का बहाना बना दुसरे गाँव पर भेजा जा रहा था। प्रदर्शनकारियों ने अपने गाँव मे ही राशन वितरण की माँग करते हुए पाराचौराहा पर राम जानकी मार्ग जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों मे अंकिता, हर्षिता मिश्रा, यसोदा, बेलावती, प्रभावती, अमरावती, सुभावती, संगीता, किसमती, संजय, हरिद्वार, रामसहाय ललिता सहित तमाम लोगो का कहना है। कि शीला पत्नी राजेन्द्र हमारे गाँव कि कोटेदार है। उनके द्वारा हम लोगो को समय-समय राशन वितरण किया जाता रहा। दो दिन पहले उनकी किसी बिमारी के चलते मौत हो गई। उनके पति कि मौत काफी समय पहले हो गई। घर मे उनकी बेटी अंकिता उम्र लगभग 20 वर्ष है। उनकी बेटी उन्ही कि तरह राशन वितरण करने मे सक्षम है। आपूर्ति विभाग मानमाने ढ़ग से दूर के गाँव मे कोटे को अटैच करने का बहाना बना गल्ला भेज कर हम ग्रामीणो को परेशान करना चाहता है। सूचना पर पहुँचे पुलिस चौकी प्रभारी पौली अमित चतुर्वेदी के समझाने -बुझाने पर जाम रास्ता दो घंटा बाद चालू हो पाया। मौके पहुँचे तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पान्डेय और थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने गल्ला लदे ट्र्क को गोदाम पर वापस कर मामले की जाँच कर विधिक कार्यवाई करने का ग्रामीणो को आश्वासन दिया।

## कोरोना की 'लहर' नहीं

कोरोना वायरस के कुछ मामले जरूर आ रहे हैं, लेकिन यह कोई 'लहर' नहीं है। महामारी की सुनामी नहीं है। जो भयानक मंजर हम देख और झेल चुके हैं, एकदम उसकी वापसी भी नहीं है। वायरस की एक नई नस्ल भारत में भी है-जेएन-वन। यह बीए-2-86 या पिरोला का ही एक और प्रकार है, जो ओमिक्रॉन वायरस के ही प्रकार हैं। उन्हीं की कतार में जेएन-1 है। आज इसके संक्रमण का विस्तार 40 देशों में बताया जा रहा है। हमारे देश में गुरुवार, 21 दिसंबर तक कुल 2669 संक्रमित मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उनमें से 2300 से अधिक अकेले केरल में हैं। अभी तक सिर्फ 6 मौतें भी दर्ज की गई हैं, जिनमें से 3 केरल में हुई हैं। बाकी महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब में दर्ज की गई हैं। पिछले दौर में भारत संक्रमण के हजारों मामले रोजाना देख चुका है। कुछ बड़े अस्पतालों में संक्रमित मरीजों की सांसें ऑक्सीजन की कमी के कारण टूटी थीं। वैसे मंजर की संभावनाएं नहीं हैं, क्योंकि वायरस की यह नस्ल उतनी घातक नहीं है। हम अपने पाठकों को आश्वस्त कर सकते हैं कि लॉकडाउन के आसार नगण्य हैं। एक-दूसरे राज्य में आने-जाने पर अभी कोई पाबंदी नहीं है। मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं किया गया है। अलबत्ता इतना आग्रह जरूर किया जा रहा है कि यदि आप भीड़ वाले इलाके में जाएं, तो मास्क पहन लें। यदि आपकी उम्र 60 साल से अधिक है और आप हृदय, लिवर, गुर्दे, मधुमेह आदि बीमारियों के पुराने मरीज हैं, तो भी मास्क पहन कर भीड़-भाड़ वाले बाजार या क्षेत्र में जाएं। कोरोना वायरस को लेकर हम अब कोई ढील नहीं बरत सकते, लिहाजा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को परामर्श भेजा है कि अस्पतालों में पूरी तैयारियां रखें। ऑक्सीजन सिलेंडर भरे हों। आईसीयू की व्यवस्था चाक-चौबंद हो और मॉक ड्रिल करके देख लें कि तमाम बंदोबस्त हो गए हैं अथवा नहीं। इन परामर्शों से आप चिंतित न हों और दहशत के कोई भी आसार भी न हों। लेकिन इनसे साबित होता है कि कोरोना वायरस अब भी जिंदा है, वायरस कभी नहीं मरते, उनकी नस्लें संक्रमण फैलाती रहती हैं। अमरीका जैसा विकसित देश भी कोरोना-मुक्त नहीं हो पाया, यह वायरस के अस्तित्व के कारण ही है।

वैसे सबसे पहले अगस्त, 2023 में यह वायरस लक्समबर्ग में पाया गया। उसके बाद इंग्लैंड, आइसलैंड, फ्रांस और अमरीका में इसके मामले दर्ज किए गए। इन देशों में जीनोम निगरानी काफी सक्रिय है, लेकिन अन्य वायरस की तुलना में जेएन-1 अप्रभावी है। चिकित्सकों की सलाह है कि जिनमें इम्युनिटी कम है या दबी हुई है, ऐसे बुजुर्ग लोग मास्क से अपना बचाव कर सकते हैं। सांस से संबंधी सभी वायरस, कोरोना समेत, के लिए अच्छी किस्म के मास्क काफी बचाव कर सकते हैं, लेकिन दहशत का कोई कारण नहीं है। सचेत जरूर रहें। ऑमिक्रॉन की जितनी भी नस्लें हैं, वे डेल्टा की तरह संक्रामक नहीं हैं। वे ज्यादा लोगों को संक्रमित कर सकती हैं, लेकिन उनसे मौतें बहुत कम होंगी। चिकित्सक यह भी मानते हैं कि जिन्होंने कोरोना के टीके की दोनों खुराक ली हैं, वे मौजूदा वायरस से भी व्यक्ति का बचाव कर सकती हैं। वे आज भी प्रभावी हैं। सर्दी का मौसम गहराने लगा है। आगे क्रिसमस त्योहार और नववर्ष के समारोह भी हैं। जाहिर है कि उनमें भीड़ जरूर आएगी, लिहाजा उसका बचाव जरूर करें। कहीं ऐसा न हो कि आनंद के उत्सव आपको बीमार ही कर दें। बेशक कोरोना की कोई 'लहर' नहीं है और न ही वायरस घातक है, लेकिन अगले कुछ दिन तक संक्रमण के आंकड़े आपके सामने जरूर आते रहेंगे। उनसे घबराना नहीं है। यह वायरस का सार्वजनिक प्रभाव है। यदि आपको थोड़ा-सा भी बुखार होता है, तो कोरोना के दौर वाला व्यवहार ही करें। खुद को दूसरों से अलग और दूरी पर रखें। बेहतर होगा कि आप मास्क पहनें।

## इन्दिरा गांधी की एमर्जेंसी-1975!

समकालीन इतिहास की अत्यंत त्रासद घटना पर बनी कंगना रानौत की फिल्म एमर्जेंसी अब नूतन वर्ष में दिखाई जाएगी। गत माह की तारीख थी, स्थगित हो गई है। फिलहाल जब भी यह फिल्म दर्शकों के समक्ष पेश होगी, यह तयशुदा तौर पर तूफान लाएगी। कथानक ही इसका ऐसा है। चूंकि मैं स्वयं उस अंधेरे दौर में तेरह महीने भारत के पांच जेलों में कैद रहा, मेरा इस फिल्म से विशेष लगाव है। तानाशाही के खिलाफ यह जेहाद था। आम जन का। चूंकि काले के साथ सफेद ज्यादा चमकदार दिखता है। इसीलिए इसकी दर्शनीयता ज्यादा आकर्षक है।



के. विक्रम राव

मणिकर्णिका फिल्म द्वारा निर्मित इस चलचित्र का निर्देशन और निर्माण कंगना रनौत के जरिए किया गया है। फिल्म की पटकथा रितेश शाह ने लिखी है। फिल्म में कंगना के अलावा सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े और महिमा चौधरी जैसे सितारे खास रोल में हैं। इस फिल्म की भयावहता का अनुमान इसी से लग जाता है कि सरकारी वकील (नीरेन डे) ने 1975 में सुप्रीम कोर्ट को खुलेआम बताया था कि सरकार को नागरिक के प्राण ले लेने का भी अधिकार है। फिर हजारों विरोधियों को डेढ़ साल तक जेलों में बंद रखा गया। बिना अदालती कार्यवाही के। यह सब आधुनिक इतिहास है।

अभिनेत्री कंगना की यह फिल्म बहुप्रतीक्षित है। एक पोस्ट में लिखा कंगना ने प्रिय मित्रों, मुझे एक घोषणा करनी है। इमरजेंसी एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है। इमरजेंसी मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म ही नहीं है बल्कि एक व्यक्ति के रूप में मेरे मूल्यों की परीक्षा है। फिल्म के टीजर और पोस्टर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को प्रोत्साहित किया है। मेरा दिल कृतज्ञता से भरा है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे इमरजेंसी की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं। अभिनेत्री ने रिलीज की तारीख को टालने की जानकारी साझा करते हुए लिखा, मैंने इमरजेंसी रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 घोषित की थी, लेकिन मेरी अन्य फिल्मों के कारण इस फिल्म को 2024 में रिलीज करने का फैसला किया है। नई रिलीज डेट जल्द ही घोषित की जाएगी।

कंगना रनौत ने उन दावों का खंडन किया कि उनकी आगामी फिल्म इमरजेंसी का उद्देश्य कांग्रेस को खराब रोशनी में दिखाना अथवा भाजपा का पक्ष लेना है। यह फिल्म स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है। कंगना ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने धमकाया था। मैंने खुद इमरजेंसी में श्रीमती गांधी की बायोपिक पर काम किया है। निक्सन ने उन्हें बहुत बुरी तरह से ट्रीट किया था। मीडिया में बोला था। बुली किया था। (जब मैंने इंदिरा गांधी पर शोध किया, तो मुझे पता चला कि रिचर्ड निक्सन ने उन्हें कैसे धमकाया था)। लेकिन अब, हिंसा से और केवल प्रेम से, पीएम मोदी सचमुच मानवता की मशाल थामे हुए हैं। हम, भारतीय बहुत गर्व महसूस करते हैं।

प्रोमो में अनुपम खेर कहते हैं भारत के इतिहास की सबसे अंधेर घड़ी आ चुकी है। सरकार राज नहीं, अहंकार राज है ये। ये हमारी नहीं, इस देश की मौत है। इस तानाशाही को रोकना होगा। इसके बाद कंगना की आवाज आती है मुझे इस देश की रक्षा करने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि इंडिया इंदिरा है और इंदिरा इंडिया है। कंगना रनौत कहती हैं इमरजेंसी हमारे इतिहास के सबसे काला अध्यायों में से एक है, जिसे युवा भारत को जानना जरूरी है। यह एक महत्वपूर्ण कहानी है। मैं इस रचनात्मक यात्रा को एक साथ शुरू करने के लिए प्रतिभाशाली एक्टर सतीश कौशिक, अनुपम खेर, श्रेयश, महिमा और मिलिंद की शुक्रगुजार हूं। मैं भारत के इतिहास के इस उल्लेखनीय प्रसंग को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हूं। जय हिंद ! लोकतंत्रप्रेमी, स्वाधीनता के लिए संघर्षरत भारतीयों को इस फिल्म की प्रतीक्षा रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री, संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे।**

# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा

संसदीय अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। न संयोजक और न ही प्रधानमंत्री और न ही नरेन्द्र मोदी के सामने कौन चुनाव लड़े के नाम पर सहमति बन पायी है।



ललित गर्ग

आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

इंडिया गठबंधन की प्रथम अपेक्षा है कि इससे जुड़े सभी दलों में आपसी सहमति एवं एकजुटता बने। लेकिन चौथी बैठक में ऐसा होता हुई नहीं दिखा। सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री, संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे।



खड़गे का नाम सुनते ही ना सिर्फ नीतीश बल्कि नीतीश के नाम के पीछे अपने बेटे तेजस्वी का भविष्य तलाशने वाले लालू यादव भी नाराज हो गए। नाराजगी ऐसी कि दोनों दिग्गज लालू और नीतीश कुमार गठबंधन की बैठक के बीच से ही निकल गए और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। ऐसे में ये भी सवाल उठता है कि क्या गठबंधन में सिर्फ बैठकें होंगी या फिर कुछ निष्कर्ष भी निकलेगा। क्या गठबंधन लोकसभा चुनाव की कोई प्रभावी एवं सार्थक चुनावी प्रक्रिया तय कर पायेगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब 6 महीने से भी कम का समय बचा है। मोदी के रथ पर सवार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन ऐड़ी चोटी का जोड़ तो लगा रही है, लेकिन सभी दल एक मुद्दे पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन कोरा सत्ता के लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्श के लिए नहीं। ऐसा माना जाता है कि सत्ता समझौतों पर टिकी होती है और आदर्श सिद्धांतों पर। दोनों में संतुलन और सामंजस्य की स्थितियां दुर्लभ होती जा रही है। विपक्षी दल चाहे कितनी ही समस्याएं पैदा करते हों, लेकिन अगर वे अलग-अलग मुद्दों से ज्यादा नीतिगत प्रश्नों पर ध्यान दें तो उन्हीं के जरिए लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। कोई भी दल सत्ता में आने के लिए गठबंधन तब करता है जब अकेले सरकार बनाने या जीतने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन आदर्शवादी राजनीति सोच इसे सत्तामोह और समझौतावाद कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि सिद्धांतवादी दलों को किसी से गठजोड़ नहीं करना चाहिए, भले उसका परिणाम राजनीतिक असफलता ही क्यों न हो। लेकिन राजनीति में गठबंधन एक विवशता बनती जा रही है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल में सिद्धान्त एवं मूल्यों की राजनीति करने का माद्दा नहीं उभर पा रही है।

इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की ताकत बनना चाहिए क्योंकि इसने एकदलीय सत्ता का युग खत्म होने के बाद राजनीतिक अस्थिरता और खर्चीले चुनावों के खतरे के प्रति सचेत होकर गठबंधन की सीख बहुत जल्दी ले ली। लेकिन गठबंधन की बुनियादी सोच को विकसित किये बिना ऐसा करना जल्दबाजी एवं सत्ता मोह का निर्णय ही अधिक प्रतीत हो रहा है जिसका कोई सार्थक परिणाम आता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। भले ही विपक्षी दल सिद्धांत और विचारधारा के बदले आर्थिक विकास और व्यापार-रोजगार जैसे नारों से लोगों को लुभा लें। लेकिन ऐसा करते हुए वे अवसरवाद की पुष्टि और विचारधारा के अवमूल्यन के लिए उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं। ऐसे दलों के नेताओं का चरित्र एवं साख भी कोई प्रभावी रंग नहीं दिखा पाती। वे एक दल से दूसरे दल में बेहिचक आते-जाते हैं, पितृदल छोड़ कर नए-नए दल बनाते हैं। यह सब राजनीतिक विचारधारा के अंत का सूचक है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों की बातें मजाक होकर रह गई है। बड़ी सोच एवं बड़ी दृष्टि इन विपक्षी दलों में पनप ही नहीं पा रही है। इंडिया गठबंधन में कुछ संभावना बनी थी, लेकिन उसमें भी न तो बड़ी दृष्टि है न देश की सही समझ और न ही बड़ी लड़ाई लड़ने का दम और जीवट दिखाई पड़ता है। अगर वाकई देश को राजनीतिक विनाश के रास्ते से हटा कर सही एवं सकारात्मक रास्ते पर लाना है तो जीवट नेतृत्व की अपेक्षा है। ऐसा विपक्षी नेतृत्व उभरे जिसमें समझ और तप दोनों का समावेश हो। राष्ट्र एवं समाज को विनम्र करने का हथियार मुद्दे या लॉबी नहीं, पद या शोभा नहीं, ईमानदारी है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था व संविधान ईमानदारी से चलते हैं, न कि झूठे दिखावे, आश्वासन एवं वायदों से। दायित्व और उसकी ईमानदारी से निर्वाह करने की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। मनुष्य हर स्थिति में मनुष्य रहे। अच्छी स्थिति में मनुष्य मनुष्य रहे और बुरी स्थिति में वह मनुष्य नहीं रहे, यह मनुष्यता नहीं, परिस्थिति की गुलामी है। हमारा विपक्षी नेतृत्व अपने पद की श्रेष्ठता और दायित्व की ईमानदारी को व्यक्तिगत अहम् से ऊपर समझने की प्रवृत्ति को विकसित कर मर्यादित व्यवहार करना सीखें अन्यथा शतरंज की इस बिसात में यदि प्यादा वज़ीर को पीट ले तो आश्चर्य नहीं।

# प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक संसद में पारित

**प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 (पीआरपी) गुरुवार को राज्यसभा में पारित हो गया। बता दें कि प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 (पीआरबी) को निरस्त करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक का उद्देश्य पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक सत्यापन और पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाना है।सदन ने विपक्ष की अनुपस्थिति में कुछ मिनट बाद ही ध्वनि मत से विधेयक पारित कर दिया। इस बीच सूचना-प्रसारण मंत्री ने कहा, पुराने और नए अधिनियम के बीच अंतर समझाने के लिए मैं चाहता था कि विपक्ष भी यहां होता क्योंकि वे एक समय देश पर शासन कर रहे थे।**

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र की जननी और दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में किसी भी कानून को पारित करने की बहुत ही विस्तृत पेचीदगी वह पारदर्शी प्रक्रियाएं बनी हुई है, जिसको पार करने के बाद ही कोई विधेयक पारित होकर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनता है। किसी भी विधेयक को कानूनबनाने के लिए संसद के उच्च व निचले सदन से पारित करना कोई आसान काम नहीं होता उसपर विस्तृत चर्चा होती है, संशोधन वह सेलेक्ट कमेटी से होते हुए संसद में पेश होता है, इसके पहले लॉ कमीशन जनता जनार्दन के समक्ष उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए भी राष्ट्रीय गजट में प्रकाशित होता है। कुल मिलाकर संसद के दोनों सदनों में कोई भी विधेयक पारित कराना बड़ी उपलब्धि है। हालांकि यह रेखांकित करने वाली बात है के संसद के पिछले कुछ सत्रों से यह परिपाटी चली आ रही है के ध्वनि मत से ही विधेयक पारित हो रहे हैं क्योंकि एक विशेष पार्टी व उनके गठबंधन के सदस्यों की संख्या अधिक होने से विपक्ष कुछ कर सकनें में लाचार है किसी भी विधेयक पर वोटिंग नहीं हुई है वह केवल दिल्ली विधेयक से संबंधित वोटिंग के अलावा अन्य विधेयकों में वोटिंग देखने को नहीं मिली है। ठीक इसी तरह प्रेस व पत्र पत्रिका विधेयक जो राज्यसभा यानें उच्च सदन से पिछले अगस्त में ही पारित कर दिया गया था और अब लोकसभा में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को ध्वनि मत से पारित हो गया है, अब राष्ट्रपति महोदया के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएगा जिससे प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के नए ऐतिहासिक युग की शुरुआत होगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों में प्रेस और पुस्तिका पंजीकरण विधेयक अधिनियम 1867 के औपचारिक युग को समाप्त कर 2023 का नया विधेयक पारित कर लिया गया है। इसलिए आज हम मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रेस की आजादी और समाचार पत्र पत्रिका प्रकाशन में प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 मील का पत्थर सब आईटी होगा।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 की करें तो, इस नए कानून में किसी भी कार्यालय में गए बिना ही ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं समकालिक बना दिया गया है। इससे प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को इस प्रक्रिया को काफी तेज करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेषकर छोटे और मध्यम प्रकाशकों को अपना प्रकाशन शुरू करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेटों या स्थानीय अधिकारियों के पास संबंधित घोषणा को प्रस्तुत करने और इस तरह की घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी इस तरह की कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में इस पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और इसमें काफी समय लगता था।



साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 के लोकसभा में पारित होने की करें तो, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 (पीआरपी) गुरुवार को राज्यसभा में पारित हो गया। बता दें कि प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 (पीआरबी) को निरस्त करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक का उद्देश्य पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक सत्यापन और पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाना है।सदन ने विपक्ष की अनुपस्थिति में कुछ मिनट बाद ही ध्वनि मत से विधेयक पारित कर दिया। इस बीच सूचना-प्रसारण मंत्री ने कहा, पुराने और नए अधिनियम के बीच अंतर समझाने के लिए मैं चाहता था कि विपक्ष भी यहां होता क्योंकि वे एक समय देश पर शासन कर रहे थे। विधेयक में समाचार पत्रों के प्रसार और सत्यापन से संबंधित प्रावधान हैं। इसमें भारत में विदेशी पत्रिकाओं के प्रतिकृति संस्करणों के प्रकाशन के लिए केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के अनुसार प्रकाशक, पत्रिका के पंजीकरण प्रमाणपत्र विवरण या शीर्षक में संशोधन के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को आवेदन कर सकता है। विधेयक में प्रेस और पंजीकरण अपीलीय बोर्ड का प्रावधान है, जिसमें भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष और इसके सदस्यों में से भारतीय प्रेस परिषद द्वारा नामित दो सदस्य शामिल होंगे। विधेयक प्रस्तुत करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना है। पंजीकरण प्रक्रिया निर्धारित 60 दिनों की अवधि में पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया अब आठ चरण के बजाय केवल एक चरण में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र और पत्रिकाओं के प्रकाशकों को जिलाधिकारी और भारत के समाचार पत्र पंजीयक आरएनआई के प्रेस रजिस्ट्रार को ऑनलाइन आवेदन देना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों को समाचार पत्र और पत्रिकाओं के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले छोटे अपराधों के लिए जुर्माना और छह महीने की कैद का प्रावधान था, लेकिन अब ज्यादातर प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से हटा दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने इस विधेयक को सरल, बेहतर और कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार प्रेस की स्वतंत्रता की समर्थक है। यह विधेयक इसे साबित करता है। उन्होंने कहा कि विधेयक बदलते मीडिया परिदृश्य के अनुरूप है। पीएम की सरकार ने पिछले सरकार के बिल्कुल विपरीत 'प्रेस को अधिक स्वतंत्रता' दी है। उन्होंने कहा कि पहले की पिछली सरकार को ब्रिटिश मानसिकता विरासत में मिली थी और आपातकाल के दौरान 260 से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों को पिछली सरकार ने जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि मैं आज कह सकता हूं कि पिछले नौ वर्षों में भारत सरकार द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। इसके बजाय हमने प्रेस को अधिक स्वतंत्रता दी है। बता दें कि यदि यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो जाता है तो कानून- जो भारत में समाचार पत्र-पत्रिकाओं को पंजीकृत करने की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 का स्थान ले लेगा।

# बालिका शिक्षा के प्रति उदासीनता विकास में बाधक है

**पंचरूखिया गांव की चंदा और सुषमा आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वे कहती हैं कि पोशाक, किताब और छात्रवृति मिलने के कारण हमारे माता-पिता स्कूल जाने देते हैं। 75 प्रतिशत हाजिरी के बहाने गांव की लड़कियां घर की दहलीज लांघकर स्कूल की कक्षा और खेल के मैदान में सहेलियों के साथ आनंद के साथ पठन-पाठन कर रही हैं। 16 वर्षीय सोनी कहती है कि वह नौवीं कक्षा में पढ़ती है। आठवीं के बाद उसके पिता उसे पढ़ना नहीं चाहते थे, परंतु जब उसने अपने पिता को बताया कि पढ़ने जाने के लिए सरकार की ओर से उसे साइकिल और पोशाक मिलेगी, तो उसके पिता ने उसका स्कूल में दाखिला कराया।**

हम वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने की होड़ में हैं। लेकिन लैंगिक असमानता आज भी हमारे समक्ष चुनौतियों के रूप में मौजूद है। यहां तक कि देश में कामकाजी शहरी महिलाएं भी लैंगिक पूर्वाग्रह व असमानता का शिकार बन रही हैं जबकि देश की प्रगति में महिला श्रमबल का बहुत बड़ा योगदान है। जो नित्य नए अनुसंधान, बौद्धिक कार्य, जोखिम भरा कार्य, राष्ट्रीय नेतृत्व आदि को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभा रही हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों की शिक्षा को लेकर आजादी के पहले एवं बाद में भी लड़कों की अपेक्षा उदासीनता ही देखी जा रही है। जिसका प्रभाव आज भी कमोबेश ग्रामीण अंचलों में स्पष्ट दिखता है। आज भी गरीब व पिछड़े गांव में लड़कियों की शिक्षा को लेकर सकारात्मक मानसिकता नहीं है।



सिमरन सहनी

देश में महिला साक्षरता की दर 64।46 प्रतिशत है जो कुल साक्षरता दर से भी कम है। लड़कियों को स्कूल में नामांकन कराया जाता है जो कुछ वर्षों के बाद स्कूल छोड़ देती हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अनुसार वर्ष 2018 में 15-18 आयु वर्ग की लगभग 39.4 प्रतिशत लड़कियां स्कूली शिक्षा हेतु किसी भी संस्थान में पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से अधिकतर या तो घरेलू कार्यों में लगी हैं या भीख मांगने जैसा काम कर रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की शुरूआत 2015 में महिला बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मानव संसाधन मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ाने, भ्रूण हत्या रोकने, स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या कम करने, शिक्षा के अधिकार कानून को लागू करने आदि के उद्देश्य से की गई है। इसी कड़ी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, कन्या विद्यालय, वुमेन्स कॉलेज, महिला समाख्या आदि संस्थाएं अस्तित्व में आई। जिसने पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के अलावा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के लिए बेहतरीन कार्य किया है। यूनिसेफ भी लड़कियों की गुणवतापूर्ण शिक्षा के वास्ते भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

इस कड़ी में बिहार और झारखंड सरकार भी बालिका शिक्षा को लेकर कई महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही है। इसके बावजूद आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अशिक्षा, जागरूकता, गरीबी, पिछड़ेपन, रूढ़ियां आदि की वजह से लड़कियों को शिक्षा के अधिकार से अपने ही परिवार वाले महरूम रखते हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से 65 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत पंचरुखिया गांव की लड़कियों को पहले पढ़ाया नहीं जाता था। यह कहकर टाल दिया जाता था कि लड़कियां पढ़कर क्या करेंगी? आखिर लड़कियों को घर का ही तो कामकाज करना है। शादी के बाद भी और शादी के पहले भी उन्हें चूल्हा ही जलाना है। लेकिन अब बिहार सरकार लड़कियों को पढ़ने के लिए पोशाक, किताबें, छात्रवृत्ति, साइकिल आदि देने लगी है, तो अभिभावकों में लड़कियों को स्कूल भेजने की तत्परता भी दिखने लगी है।



पंचरूखिया गांव की चंदा और सुषमा आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वे कहती हैं कि पोशाक, किताब और छात्रवृति मिलने के कारण हमारे माता-पिता स्कूल जाने देते हैं। 75 प्रतिशत हाजिरी के बहाने गांव की लड़कियां घर की दहलीज लांघकर स्कूल की कक्षा और खेल के मैदान में सहेलियों के साथ आनंद के साथ पठन-पाठन कर रही हैं। 16 वर्षीय सोनी कहती है कि वह नौवीं कक्षा में पढ़ती है। आठवीं के बाद उसके पिता उसे पढ़ना नहीं चाहते थे, परंतु जब उसने अपने पिता को बताया कि पढ़ने जाने के लिए सरकार की ओर से उसे साइकिल और पोशाक मिलेगी, तो उसके पिता ने उसका स्कूल में दाखिला कराया। गांव की कुछ लड़कियां यह भी कहती है कि घर से हाई स्कूल 6-7 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है। पहले पैदल जाने की मजबूरी थी। लेकिन अब साइकिल मिल जाने से लड़कों की तरह स्कूल जाने का अनुभव महसूस होता है। गांव की वृद्ध महिला कहती हैं कि हम लोग नहीं पढ़ पाए लेकिन सरकार की ओर से सुविधा मिलने से गांव की बेटियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ रही हैं। हालांकि गांव के कुछ संकीर्ण सोच वाले पुरुषों का तर्क है कि लड़कियां पढ़-लिखकर क्या करेगी? कौन-सा कहीं की अफसर बन जाएंगी? कितना भी पढ़ लिख ले चूल्हा ही संभालेगी, इसलिए उम्र होते ही लड़की की शादी कर देनी चाहिए। दूसरी ओर इसी ग्रामीण क्षेत्र में कुछ पढ़े-लिखे और जागरूक लोग भी हैं जो बालिका शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं।

प्रखंड के हुस्सेपुर रति पंचायत की मुखिया के पति जितेंद्र राय स्पष्ट रूप से कहते हैं कि सभी को पढ़ने का बराबर का अधिकार है। चाहे वह लड़का हो या लड़की। सभी को पढ़-लिखकर अपने गांव समाज का नाम रौशन करने का हक़ है। हालंकि बगल के ही पंचरुखिया गांव में जागरूकता की कमी है। जहां लड़कियों की पढ़ने व खेलने-कूदने की उम्र में शादी कर दी जाती है। ऐसी शादियां अधिकतर आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े परिवार और समुदाय में देखी जा सकती है जबकि जागरूक परिवार की लड़कियां स्कूल जा रही हैं। हालांकि अब बदलाव नज़र आने लगा है और देख-देखी कमजोर, गरीब, पिड़छे वर्ग की लड़कियां भी पढ़ाई में रूचि दिखाने लगी हैं। परिवार के अभिभावक भी सरकारी योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से लड़कियों को स्कूल भेजने में गुरेज नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि महिलाएं जैसे-जैसे शिक्षित होने लगी है वैसे-वैसे सामाजिक बुराइयां जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, उत्पीड़न, भेदभाव, लैंगिक असमानता, आर्थिक समस्या आदि चीजें कम होने लगी हैं। शिक्षित महिला के जरिए ही देश का विकास संभव है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सर्वेक्षण में कहा गया है कि बच्चों की पोषण स्थिति माताओं की शिक्षा के बीच सीधा संबंध है। महिलाएं जितना शिक्षित होंगी बच्चों के पोषण को उतना ही मज़बूत आधार मिलेगा। राष्ट्र की प्रगति के लिए ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को सशक्त व स्वावलंबी बनाना उतना ही जरूरी है, जितना कि पुरुषों को। समाज से लैंगिक पूर्वाग्रह व असमानता तभी मिटेगी जब लड़कियां पढ़ेंगी।

इसके लिए दो स्तर पर काम करने की ज़रूरत है। एक ओर जहां सरकारी योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत कामयाब बनाने की आवश्यकता है वहीं दूसरी ओर गांव के पढ़े-लिखे लोगों द्वारा गरीब, पिछड़े, दलित परिवार की शैक्षिक स्थिति को सुधारने के लिए जागृति लाने की ज़रूरत है। सरकार की शिक्षा से संबंधित स्किम, योजनाएं, प्रोजेक्ट आदि की जानकारी पंचायत के प्रतिनिधियों को जमीनी स्तर पर न केवल देने होंगे बल्कि इससे लोगों को जोड़ने की भी ज़रूरत है। सरकारी हुक्मरानों को स्कूल व्यवस्था के सुधार के साथ-साथ वैसे टोले-मुहल्ले में जहां दलितों व गरीबों की झुग्गी बस्तियां हैं, वहां तक बालिका शिक्षा के महत्व से अवगत कराना होगा, तभी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की सार्थकता पूरी होगी। (चरखा फीचर)

# मैरिज लॉन एवं बैंकवेट हॉल के जीएसटी रिटर्न्स की हुई जांच

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कमिश्नर, राज्य कर विभाग, लखनऊ द्वारा मैरिज लॉन एवं बैंकवेट हॉल फर्मों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश के क्रम में अपर आयुक्त ग्रेड 2 (वि0 अनु0 शा0) जोन प्रथम, राज्य कर, लखनऊ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मैरिज लॉन एवं बैंकवेट हॉल की एक फर्म के द्वारा दाखिल जी0एस0टी0 रिटर्न्स एवं अन्य विवरणों का विभागीय आई0टी0 टूल्स का प्रयोग कर परिशीलन किया गया। परिशीलन करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि फर्म द्वारा मुख्यतः बी टू सी आउटवर्ड सप्लाई दाखिल की जा रही है तथा उसमे कर की दर को कम करके प्रदर्शित करते हुए, करापवंचन करने का प्रयास किया जा रहा है।

■ कर की दर कम प्रदर्शित करते हुए, करापवंचन करने का किया जा रहा प्रयास

इस आधार पर अपर आयुक्त द्वारा प्रकाश यादव, संयुक्त आयुक्त (वि0 अनु0 शा0) संभाग- बी, राज्य कर, लखनऊ को फर्म के दाखिल रिटर्न्स एवं वास्तविक कार्य प्रणाली की विस्तृत जाँच करने का निर्देश दिया गया। संयुक्त आयुक्त द्वारा परीक्षण पर फर्म के रिटर्न्स मे व्यापक कमियों को देखने पर उन्होंने श्री अजीत कुमार सिंह उपायुक्त (वि0 अनु0शा0) रेंज - बी, राज्य कर, लखनऊ तथा श्री हर्षित श्रीवास्तव, राज्य कर अधिकारी (वि0 अनु0 शा0) रेंज बी, राज्य कर, लखनऊ को फर्म के व्यापर स्थल की रेकी हेतु निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों द्वारा कई दिनों तक फर्म मे होने वाले शादी एवं अन्य पार्टियों की सूची बनाते हुए क्षेत्रीय सूचनाए एकत्र की गई।

इस आधार पर संयुक्त आयुक्त द्वारा 21 दिसम्बर, 2023 को फर्म की जाँच के निर्देश दिए गए। जाँच के दौरान उपायुक्त (वि0 अनु0 शा0) अजीत कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, सहायक आयुक्त विशाल सिंह, राज्य कर अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव, दिवाकर दुबे, भावेश तिवारी एवं बैजनाथ ने दो टीमों मे व्यापर स्थल की जाँच करते हुए कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अभिग्राहित किये। जिनके आधार पर स्पष्टः प्रमाणित होता है कि फर्म द्वारा सपरेशन ऑफ टर्नओवर किया जा रहा है तथा कर की दर को भी कम प्रदर्शित करते हुए कर भुगतान से बचने का प्रयास किया जा रहा है। जाँच के समय फर्म द्वारा 1 करोड़ रूपया कर के रूप में जमा किया गया। अभिग्राहित दस्तावेजो का परिशीलन जाँच इकाई द्वारा किया जा रहा है।

# भदोही में पकड़ी गयी 804 पेटी अवैध विदेशी मदिरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में क्रिसमस और नववर्ष को देखते हुए अवैध शराब के निर्माण, तस्करी एवं विक्री पर अंकुश लगाने हेतु 21 दिसंबर से 04 जनवरी तक प्रदेश स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। विशेष प्रवर्तन अभियान में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों के विरुद्ध निरन्तर सघन छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राज्य राजमार्गो पर रोड चेकिंग एवं संदिग्ध ढाबों की जांच लगातार जारी है। टीमों द्वारा आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है।

विशेष प्रवर्तन अभियान हेतु आबकारी पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया जा चुका है। प्रवर्तन कार्य में जी.एस.टी., परिवहन विभाग व आर.पी.एफ. से

■ अवैध कच्ची शराब के निर्माण को रोकने के लिए ड्रोन की मदद से की जा रही प्रवर्तन कार्रवाई

समन्यय स्थापित कर उनका भी सहयोग लिया जा रहा है। त्यौहारों के दृष्टिगत अपमिश्रित मदिरा की बिक्री की सम्भावना की रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर चिन्हित कबाड़ियों के कार्य कलापों पर निरन्तर निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। सीमावर्ती जनपदों में अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी की दृष्टि से चिन्हित संवेदनशील मार्गो पर एवं चेक प्वाइंटस लगातार चेकिंग कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री सेंथिल पांडियन सी, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया कि 22 दिसंबर 2023 को जनपद भदोही की आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रोड चेकिंग के दौरान एक कन्टेनर से 805 पेटी इम्पीरियल ब्लू ब्राण्ड की अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गयी।

# खेल में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं : डा. मुकेश

## सीएमएस के वार्षिक खेलकूद समारोह में छात्रों ने दिखाई अभूतपूर्व प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आनन्द नगर कैम्पस द्वारा उ.प्र. होम गार्डस ग्राउण्ड, आनन्द नगर, लखनऊ में आज बड़े ही भव्य स्तर पर 'वार्षिक खेलकूद समारोह' आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डा. मुकेश कुमार सिंह, ज्वाइंट डायरेक्टर, सर्व शिक्षा अभियान, उ.प्र. ने खेल ध्वज फहराकर खेलों का विधिवत शुभारम्भ किया जबकि अतुल अग्निहोत्री, प्रेसीडेन्ट, बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ लखनऊ एवं असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, पीएसी, सीतापुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डा. मुकेश कुमार सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि खेल भावना से खेलना महत्वपूर्ण है। जो खेल में उत्कृष्ट होते हैं, वे जिन्दगी में भी सफल होते हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि इन नन्हें-मुन्हें छात्रों में असीम प्रतिभा छिपी है। हमें आशा है कि यह नई पीढ़ी संसार में क्रान्ति लायेगी व पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधेगी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व एकता प्रार्थना के प्रस्तुतीकरण से हुआ जिसके माध्यम से विश्व एकता व विश्व शान्ति का संदेश सारी दुनिया में प्रवाहित हुआ। इसके बाद आज की निर्धारित प्रतियोगिताओं का दौर प्रारम्भ हुआ जिसमें खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदों के लिए नन्हें खिलाड़ियों के बीच पूरी जोर आज़माइस रही। इन खेल प्रतियोगिताओं में ऑब्स्टेकल रेस, रेडी टू स्कूल रेस, नेट रेस, वॉक ऑन पेपर रेस, हर्डल रेस, बाल बैलेन्स रेस, वन लेग रेस, फुटबाल रोलिंग रेस, हूपला सिंगल रेस, हूपला डबल रेस, वॉकथॉन, कराटे ड्रिल, पिरामिड आदि प्रमुख रही। इसके अलावा, छात्र-छात्राओं के लिए 50 मी, 100मी, 200मी, 400मी, 800मी एवं 4 गुणा 100मी रेस एवं माता-पिता व अभिभावकों के लिए 100मी एवं 200मी रेस प्रमुख आकर्षण रही। ग्रैण्ड पैरेन्ट्स के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर खेल ने सभी को खूल लुभाया।

# 1912 पर बिना शिकायत दूर किये ही कर दिया जाता है निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर की पूर्व संध्या पर आज उपभोक्ता परिषद ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों प्रांतीय ऑनलाइन वेबीनार ट्विटर फेसबुक पर सैकडो विद्युत उपभोक्ताओं से सुबह 11.30 से शाम 5.30 बजे तक राय सुमारी की जिसमें प्रदेश में लागू मुआवजा कानून की धरातल पर सच्चाई को जानने के लिए वोटिंग कराई जिसमें यह जानने की कोशिश की गई की बिजली कंपनियों के टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायतों का निस्तारण बिना शिकायत दूर हुए एसएमएस अलर्ट भेज कर की जाती है? अथवा शिकायत दूर होने पर एसएमएस अलर्ट भेज कर की जाती है ?जिस पर 85 प्रतिसत विद्युत उपभोक्ताओं ने वोटिंग के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया और कहा 1912 पर शिकायतों का बिना निस्तारण किया ही निस्तारण हेतु

■ भेजा जाता है एसएमएस कैसे मिलेगा मुआवजा : उपभोक्ता परिषद

एसएमएस भेजा जाता है और केवल लगभग 15 प्रतिसत उपभोक्ताओं ने ही निस्तारण के बाद एसएमएस भेजने की बात को स्वीकार किया जो बहुत ही गंभीर मामला है जब फर्जी तरीके से विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा तो फिर उन्हें मुआवजा कैसे मिलेगा मुआवजा तो तय समय में शिकायतों का निस्तारण न करने पर मिलता है यहां शिकायतें ही फर्जी तरीके से निर्धारित हो रही है जो बहुत ही गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बडे दुर्भाग्य की बात है की पिछ्ले तीन वर्ष पहले स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस रेगुलेशन 2019 विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाया गया।

# शिया कॉलेज मेरी यादों से कभी नहीं हुआ ओझल : प्रो नदीम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शिया पी. जी. कॉलेज के 'के-हॉल' में 'शिया कॉलेज एल्यूमिनाई एसोसिएशन' द्वारा एल्यूमिनाई मीट व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिया पी0 जी0 कॉलेज से अध्ययन कर देश-विदेश में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे 10 पूर्व छात्र/छात्राओं को विशेष उपलब्धि सम्मान व 40 पूर्व छात्र/छात्राओं को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

शिया कॉलेज मजलिस-ए-उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कार्यक्रम में आए सभी पूर्व छात्र/छात्राओं का अभिनंदन किया, और कहा की आप सभी ने महाविद्यालय से पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी मेहनत व लगन से देश-विदेश में जो स्थान हासिल किया है, उससे शिया कॉलेज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी परंपरा को बनाये रखने के लिए महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा लगातार महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं







को न सिर्फ प्रोत्साहित किया जा रहा है, बल्कि उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम भी उठाए जा रहें हैं।

शिया कॉलेज के प्रबंधक अब्बास मुर्तजा शम्सी ने एल्यूमिनाई मीट के सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि पूर्व छात्र/छात्राओं का अपने महाविद्यालय की तरफ लगातार रुझान रहता है, और जब भी उन्हें समय मिलता है, तो वे कॉलेज के लिए कुछ ना कुछ करते रहते हैं, जिस तरह से हमारे पूर्व छात्र/छात्राओं ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश तक में अपनी प्रतिभा के बल

■ शिया कॉलेज से मिला गुरुमंत्र हमें उँचाईयों तक ले गया : अमीर हैदर

पर अपना नाम रोशन किया है, वह वर्तमान समय में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गये हैं। हमारा प्रयास रहता है कि समय-समय पर पूर्व छात्र/छात्राओं को वर्तमान समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कराया जाये, ताकि वह यह जान सके की कठिन परिश्रम के बल पर ही अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।

महाविद्यालय वित्त अधिकारी, डॉ0 एजाज अब्बास ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में महाविद्यालय में कई बड़े विकास कार्य हुए हैं, जो छात्रों छात्र-छात्राओं को उच्चतरम स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किए गए हैं, जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त 100 एम.बी.पी.एस. हाई स्पीड वाईफाई, स्मार्ट क्लास, ऑटोमेटेड लाइब्रेरी सेमिनार हॉल शामिल हैं। हमारा प्रयास रहता है की छात्र-छात्राओं को जितना हो सके प्रोत्साहित किया जाये और आगे बढ़ने में मदद की जा सके। प्राचार्य प्रो0 एस.एस.आर. बाकरी ने सम्मान समारोह में पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारे छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का देश-विदेश में जो गौरव बढ़ाया है, उसके लिए महाविद्यालय प्रबन्धन की ओर से हम सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। निदेशक एस.सी.डी.आर.सी. डॉ0 प्रदीप शर्मा ने पूर्व छात्र, छात्राओं के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें उनके द्वारा महाविद्यालय से शिक्षा प्रास करके पूरी दुनिया में फैले हुए पूर्व छात्र/छात्राओं से महाविद्यालय में एक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाने को कहा गया।

# भक्तों की रक्षा के लिए भगवान सदैव अवतार लेते हैं : आचार्य सुधीर

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से हाता राम दास सदर कैण्ट में चल रही भागवत कथा के छ्ठे दिन शनिवार को नैमिषारण्य धाम के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान सदैव भक्तों की रक्षा के लिए अवतार धारण करते हैं वृंदावन में श्री गोवर्धन जी के स्वरूप में भगवान ने समस्त बृजवासियों की रक्षा करी है इंद्र के कोप से भगवान ने समस्त बृजवासियों को बचाया है। उन्होंने कहा कि जीवन में संकट के बादल मंडराने लगे तो एक ही बात सोचना चाहिए कि इस संकट से रक्षा करने का अगर किसी में समर्थ है तो श्रीनाथ प्रभु में है और यह सोचकर के प्रभु के शरण में हमें सदैव सदैव अपने मन को निरंतर लगाते रहना चाहिए। भगवान ने रस बिहार किया दिव्य रासलीला रचाई। रस बिहार का एक ही तत्व है जीव और ब्रह्मा का मिलन गोपी हमारे शरीर में विद्यमान इंद्रियां और यह इंद्रिय आत्म ज्योति के रूप में विराजमान ब्रह्म जो हमारे आत्म स्वरूप में हृदय में ही निवास करता है।

# भारतीय संस्कृति अपने में विविधतों को समेट हुए है : डॉ अभिषेक





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चिन्तनस समग्र विकास समिति रहीमनगर लखनऊ के तत्वाधान में मोहन सिंह बिष्ट सभागार, निकट कुमांचल नगर सामुदायिक केंद्र, उत्तराखण्ड महापरिषद, कुमांचल नगर, लखनऊ में दिनांक 23/12/23 को सायं 5 बजे से 15 दिवसीय कार्यशाला के उपरान्त उत्तर प्रदेष राज्य स्तरीय सांस्कृतिक लोकोत्सव एवं कार्यषाला कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक मानकों का पालन करते हुए किया गया। जिसका उद्घाटन श्रीमती श्रृद्धा त्रिपाठी राज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर,लखनऊ उ0प्र0 के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामाशीष मौर्या सेवानि0 डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0, वैभव त्रिवेदी समाज सेवक,लखनऊ, डॉ0 रवि प्रकाश, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, अश्वनी प्रजापति, श्री अभिनव त्रिपाठी एडवोकेट,देवाधि त्रिपाठी, देवांशी त्रिपाठी, नन्ही अभिश्री त्रिपाठी, राम नारायण मौर्य आदि अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष डा0 प्रेरणा त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डा0 अभिषेक त्रिपाठी प्रबन्धक एवं सचिव ने अतिथियों एवं दर्शकों तथा कलाकारों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम हेतु आवश्यक मानकों के बारे में बताया गया। संस्था द्वारा कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर भारतीय लोक संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। भारतीय संस्कृति अपने में विविधतों को समेटे हुए है जो कि वहॉ कि संस्कृति के माध्यम से प्रदर्शित होती रहती है। भारतीय संस्कृति में उत्तर प्रदेश की संस्कृति का सदैव महत्वपूर्ण स्थान है।

# 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह का भव्य आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह का भव्य आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मुख्य अतिथि श्री प्रशांत कुमार सिंह, डेप्युटी डायरेक्टर जनरल, यूआईडीएआई, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि अनुशासित एवं संस्कारयुक्त पारिवारिक वातावरण में पले-बढ़े बालक ही विश्व का मार्गदर्शन कर सकते हैं। इस तरह के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहद महत्वपूर्ण हैं।

समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। विश्व एकता प्रार्थना में बच्चों ने विश्व एकता व विश्व शान्ति का का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। इसके अलावा, विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों जैसे प्रार्थना नृत्य, स्वागत गान, समूह गायन, लघु नाटिका, कव्वाली एवं विभिन्न लोकनृत्यों को अभिभावकों ने खूब सराहा।

# गरीबों को संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के तत्वाधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी केंद्र तथा प्रदेश की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कुंज बिहारी वार्ड पहुंची जहां मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और रफी अहमद किदवई में आयोजित अन्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड उपस्थित रहे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों को स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किए और विकसित भारत संकल्प के लिए पंच प्रतिज्ञा दिलाई। क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश में समग्र विकास अनवरत जारी है





प्रधानमंत्री गरीबों को बेहतर, स्वास्थ्य शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी देश के कोने-कोने के गरीबों को संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचा कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का के लिए दृढ़ संकल्पित है। देश को विकसित शक्तिशाली और समृद्ध बनाने के मिशन के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन करके गरीब लोगों के जीवन स्तर को सरकारी योजनाओं के माध्यम से बेहतर बनाना है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में घनश्याम अग्रवाल,अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह योगेंद्र पटेल, पार्षद रामकृष्ण यादव, पार्षद सुधीर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में योजना का लाभ उठाने के लिए क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भारत रत्न न देना चरण सिंह का अपमान : दीपक

**लखनऊ।** लोहिया सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र ने कहा कि पहले स्वतंत्रता संग्राम फिर भारत के नवनिर्माण में चरण सिंह का अतुलनीय योगदान रहा है, इसके बावजूद उन्हें भारत रत्न नहीं दिया गया । चौधरी साहब के पूर्व और बाद के सभी प्रधानमंत्रियों को यह सम्मान मिला है, केवल वे ही वंचित हैं । भाजपा सरकार दिखावे के लिए चौधरी साहब का नाम लेती है जबकि नीतियां चरण सिंह की समाजवादी सोच के प्रतिकूल बनाती है । किसान और कृषि से अधिक महत्व कार्पोरेट को देने वाली भाजपा सरकार गणतंत्र को धनतंत्र में बदलने पर आमादा है । दीपक ने कहा कि बहुत कम लोग जानते हैं कि चरण सिंह सिंह किसानों के नेता के अलावा आज़ादी के योद्धा, विद्वान अर्थशास्त्री और लेखक भी थे।

# प्रभु श्रीराम के विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुये भक्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जय रामचंद्र आपकी जय जय हो जानकी..., चलो आज सिया प्यारी, जयमाल पहनाओ जी..., गावहिं छवि अवलोक सहेली... जैसे भजनों पर भक्त जमकर झूमे। मौका था विश्वनाथ मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम कथा के छठे दिन शनिवार को मनाए गए प्रभु श्रीराम विवाह उत्सव का। विवाह की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्रीराम के विवाह का प्रसंग सुनाते हुये आचार्य गोविंद मिश्रा ने कहाकि सखियों के साथ जगत जननी जानकी पधारी तो सखियां भगवान राम से कहतीं हैं ''छुक जाओ नेक रघुवीर कि लली मेरी छोटी है...'' यह सुनकर भगवान राम ने सिर झुकाना चाहा तो दूसरी





सखी बोली देखो रघुवंशी का सिर झुक रहा है तो भगवान राम ने सिर सीधा कर लिया। ऐसा देखकर सखियां गाने लगीं ''माला गिर गई गिर गई माला गिर गई...'' यह सुनकर भगवान श्रीराम नींचे देखने लगे तो मौका पाकर सीताजी ने प्रभु श्रीराम को जयमाल पहना दी और श्री रघुनाथ जी के हृदय पर जयमाल देखकर देवतागण फूल बरसाने लगे। वहीं मिथिला नगरिया की चिकनी डगरिया..., भगत के वश में हैं राम... जैसे भजनों संग प्रभु श्रीराम व माता सीता के विवाह का अदभुत दृश्य देख भक्त जमकर झूमे।

# बहन-बहनोई के धर्म बदलने से दुखी युवक ने लगाई फांसी

## परतावल एक चर्च में जाने होने से दुखी रामकरण ने दे दी जान

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के असना गांव में अपनी बहन के घर बहराइच से आए 27 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि उसकी बहन और बहनोई ने ईसाई धर्म अपना लिया है। इस बात से वह दुखी था। बहन और बहनोई महराजगंज जिले के परतावल के तरकुलवा चर्च गए थे। वह पहुंचा तो उस समय बहन और बहनोई घर पर नहीं थे। चाबी के बारे में पता करके वह घर में गया और देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। शनिवार को सुबह सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बहराइच जिले के थाना मोतीपुर के गांव सलारपुर निवासी रामकरण प्रसाद शुक्रवार को दिन में अपनी बहन के घर अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र असना गांव के छोटा टोला आया था। शुक्रवार की रात में घर में सोया और एक कमरे में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगाकर



आत्महत्या कर लिया। शनिवार को सुबह जब देर तक उसकी कोई आहट नहीं मिली तो आसपास के लोग जुटने लगे। कमरे में देखा तो छत के कुंडे में फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद घटना की सूचना मृतक की बहन प्रभावती देवी और बहनोई अनिल प्रसाद को अगल बगल के लोगों ने दी। मृतक की बहन प्रभावती देवी और बहनोई अनिल प्रसाद घर पर नहीं थे। दोनों महराजगंज जिले के परतावल के पास तरकुलवा चर्च में गए थे। दोनों अक्सर वहीं रहते भी हैं। वे घर पर बहुत कम रहते हैं। घर पर कोई नहीं था। बताया जा रहा है कि रामकरण प्रसाद अपने बहनोई के घर आया और वहीं से फोन किया। उसे बताया कि घर की चाबी बाहर कहीं ईट से दबाकर रखी हुई थी। चाबी लेकर घर का ताला खोला और कमरे में रात को रुका था। मौत की सूचना पाकर उसकी बहन और बहनोई घर पहुंचे। किसी ने तब तक उसकी मौत की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थाने के एसआई पुरुषोत्तम पांडेय, कांस्टेबल अमित यादव और सोनू चौहान मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिए। उसके बाद विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक नशे का आदी था

इस संबंध में अहिरौली बाजार के थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया कि मृतक की बहन प्रभावती देवी की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि युवक नशे का आदी था। उसके पास गांजा मिला है। वह बार-बार आक्रोशित हो जाता था।

### बीस दिन पहले केरल गया था रामकरण

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के असना गांव के छोटे टोले पर बहन के घर आया रामकरण प्रसाद 20 दिन पहले डेढ़ माह तक अपने बहन के घर पर ही रह रहा था। बीस दिन पहले अपनी बहन के घर से ही केरल कमाने के लिए गया था। शुक्रवार को केरल से सीधा अपने बहन के घर पहुंचा। वहां घर में ताला बंद था। बहन से फोन पर बात करके चाबी लेकर ताला खोला और कमरे में सोने चला गया।

# तीन शराब माफियाओं को आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोचा

**अवधनामा संवाददाता**

**कछौना, हरदोई।** कछौना पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से चल रही नकली शराब फैक्ट्री का शुक्रवार को पर्दाफाश किया। नकली शराब सरगना सहित तीन लोगों को दबोचा, उनके कब्जे से भारी मात्रा नकली देशी शराब, नकली बार कोड, नकली ढक्कन, एल्कोहल व एक बाइक बरामद की। गिरफ्तार किए गए तीनों शराब माफियाओं के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

बताते चलें शुक्रवार की सांय कॉल मुखबिर ने आबकारी निरीक्षक गिरीश कुमार को सूचना दी, कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से नकली देशी शराब लेकर कछौना से सण्डीला की तरफ जाने वाला है, जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इनको पकड़े जाने पर और अधिक मात्रा में नकली शराब पकड़ी जा सकती है। आबकारी निरीक्षक ने कछौना पुलिस को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया, कछौना पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अबरार हुसैन हेड कांस्टेबल सूरज कुमार व आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम सुजानपुर मोड़ की पुलिया के पास मुखबिर सहित इन्तजार करने लगे, कुछ समय बाद कछौना की तरफ से एक बाइक आती दिखाई पड़ी। संयुक्त टीम ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया, पुलिस बल देखकर दोनो बाइक सवार व्यक्ति भागना चाहे, परन्तु संयुक्त टीम के ने घेर कर बाइक सवार चालक व दूसरे व्यक्ति को शुक्रवार सांय दबोच लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम अभिषेक



सिंह उर्फ सत्यम सिंह स्व0 सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम पैरा कोतवाली कछौना तथा दूसरे ने अपना नाम सर्वेश रैदास निवासी पैरा कोतवाली कछौना जिला हरदोई बताया, बाइक पर रखी बारी को चेक करने पर उसमें एक पेटी नकली शराब जिसपर विन्डीज ब्राण्ड रेडिको खेतान लिमिटेड लिखा। गत्तों में 45 पौवा 200एमएल नकली विन्डीज ब्राण्ड के प्लास्टिक की शीशी में बरामद किये गए, नकली देशी शराब के बारे में पकड़े गये अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह ने पूछताछ में बताया नकली शराब धीरेन्द्र सिंह के पास से लेकर आ रहा हूँ, पकड़े गये व्यक्ति को लेकर संयुक्त टीम अभिषेक सिंह की निशानदेही पर धीरेन्द्र सिंह के गाँव निर्मलपुर की तरफ रवाना हुयी, गौसगंज सण्डीला मार्ग से निर्मलपुर मार्ग की तरफ जाते समय अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह ने मोड पर खड़े एक व्यक्ति की तरफ इशारा किया यही धीरेन्द्र सिंह है, उसके साथ में जो बोरी है उसको लेकर कहीं जा रहा है। संयुक्त टीम ने इशारा किये गये व्यक्ति को घेर कर पकड़ लिया, पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम धीरेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी निर्मलपुर कोतवाली कछौना जनपद हरदोई बताया। प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 130 पौवा नकली देशी शराब विन्डीज ब्राण्ड के प्लास्टिक की शीशी में मिले, बोरी में एक प्लास्टिक की पन्नी में 105 पीस नकली बार कोड, 55 पीस नकली ढक्कन व एक पिपिया में लगभग 4 लीटर एल्कोहल व एक मोटरसाइकिल नम्बर यूपी0 30 एक्स 2438 बरामद किया गया, धीरेन्द्र सिंह ने पूछताछ में बताया उसको राहुल गुप्ता पुत्र अज्ञात निवासी कहली थाना कासिमपुर जिला हरदोई ने नकली शराब बनाने की समस्त सामग्री को दिया है, जो वर्तमान में लखनऊ में कहीं किराये के मकान में रहता है। उसके द्वारा ही यह नकली शराब बनाने की समस्त सामग्री उपलब्ध करायी जाती है, अवैध देशी शराब व बनाने की सामग्री कब्जे में लेकर तीनों शराब माफियाओं के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 272आईपीसी व 60ए आबकारी अधिनियम व 51 कापीराइट एक्ट की कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## गरीब छात्रों के मध्य जन्मदिन मनाकर बांटी मिठाई

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड सोसाइटी मथुरा द्वारा चल रहे एस.एफ स्ट्रीट स्कूल की सभी शाखाओं पर आज वर्ल्ड डिजाइनिंग फोर्म के संस्थापक अंकुश अनामी का जन्मदिन मथुरा में कुछ अलग अंदाज में मनाया। मौके पर मौजूद सोसाइटी की अध्यक्ष और दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने बताया कि शनिवार को अंकुश अनामी का जन्मदिन पर मथुरा मे एस.एफ स्ट्रीट स्कूल के सभी बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित करके मनाया गया। जिसको पा कर बच्चों मे एक अलग ही हर्ष देखने को मिला साथ ही बच्चों द्वारा उनको ढेरों शुभकामनायें दी गयी। साथ ही उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा एस.सफ स्ट्रीट स्कूल के माध्यम से मथुरा के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा से वंचित और झुग्गी झोपड़ी में अपनी जिंदगी बसर करने वाले ऐसे 540 से भी ज्यादा बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है इसलिए आज की खुशी एक अलग ही खुशियों में से एक हैं क्यूंकि यहा बैठे हर बच्चे को इस संसार में आने का मौका मिला हैं पर वो बात अलग है कि कितनों को उनके जन्मदिन का पता होना और इस दिन को खुशियों मे बॉटने का सौभाग्य मिला हैं और यदि समाज की बात करें तो इस तरह से इन बच्चों को लेकर एक अलग ही सोच बना रखी हैं जो आगामी भविष्य के लिए ठीक नहीं हैं, तो विनती हैं आप सभी से कि कुछ शुरुआत हो चुकी हैं और कुछ बाकी हैं तो खुश रहो और खुद की खुशियों को अपनों से ज्यादा उनमे बांटो जिन्हें यह सब नहीं मिल पाता। इसी के साथ कार्यक्रम को बढ़ाते हुए बच्चो को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। इस अभियान मे सोसाइटी के सदस्य राजन गुप्ता जी ने कहा कि ऐसे ही लोग आपसी खुशी अपने जन्मदिन व अन्य खुशीयों को ही इन असहाय बच्चों के बीच में मनाएं तो निश्चित तौर पर समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा और जो बच्चे मुख्यधारा से वंचित हैं वह भी मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

## बाल्यकाल से ही बच्चों को देना चाहिए धर्म व अध्यात्म का ज्ञान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** रमणरेती रोड़ स्थित श्रीजी सदन (फोगला आश्रम) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीस्वामी करपात्र धाम के संस्थापक स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी के द्वारा सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की कथा की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि बाल्यकाल में दिया गया ज्ञान बच्चों को जीवन भर स्मरण रहता है।इसलिए बाल्यकाल में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए।माता-पिता व गुरु की सेवा एवं प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का मूल मंत्र है।माता के दिए हुए अच्छे संस्कारों के कारण ही बाल भक्त ध्रुव को पांच वर्ष की आयु में ही भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ।साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। पूज्य महाराजश्री कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले, तो पुत्र का कर्तव्य है कि उसे सही मार्ग पर लाए।अनेकों विपरीत परिस्थितियों के उपरांत भी भक्त प्रहलाद ने प्रभु भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा।इसी के फलस्वरूप भगवान नारायण ने नरसिंह रूप धारण कर दैत्यराज हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परमधाम को पंहुचाया। कथा में पधारे ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ व ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने व्यासपीठ पर आसीन स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य महाराज का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर एवं ठाकुरजी का पटुका, चित्रपट आदि भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर संत गुण प्रकाश चैतन्य महाराज, पवन कृष्ण महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, बाल किशन शर्मा उर्फ बालो पण्डित आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## किसान दिवस पर मत्स्य विभाग ने मत्स्य किसानों को किया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** डबल इंजन की सरकार ने मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए सरकार के सारे दरवाजे खोल दिए देश की आजादी से लेकर आज तक जितनी भी सरकार है बनी उन्होंने मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए मात्र 3000 करोड रुपए दिए भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकारों ने अपने कार्यकाल में 23000 करोड रुपए का अनुदान देकर के मछुआ समुदाय का उत्थान करने का कार्य किया। उक्त उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किसान दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल किसान मेला मैं जनपद के अग्रणी किसानों को सम्मानित करने की अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार है सिर्फ किसानों का वोट लेने का कार्य करती थी भारतीय जनता पार्टी ने जय जवान



जय किसान का नारा सार्थक किया है साथ ही किसानों को बड़ी मात्रा में सब्सिडी देने वाली देश की पहली सरकार बनने जा रही है सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे ने कहा कि मत्स्य किसानों को सरकार मुख्य धारा से जुड़ना चाहती है जिसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मुख्यमंत्री संपदा योजना से 40 से 60 फ़ीसदी तक अनुदान देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है इस अवसर पर सम्मानित होने वाले मत्स्य किसानों में प्रथम पुरस्कार पाने वाले ओम रतन कश्यप शशि वाला दुर्विजय सिंह हर्ष प्रताप सिंह द्वितीय पुरस्कार पाने वालों में विमला देवी पुष्पेंद्र गोयल शीला देवी हरिओम एवं विकासखंड स्तर पर पुरस्कार पाने वालों में प्रताप सिंह मीना देवी सुनीता डाक श्री बबीता अजय कुमार जालिम उमा देवी आदि प्रमुख रूप से शामिल है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मथुरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम रतन कश्यप मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव इंद्रपाल सहित तमाम मत्स्य किसान उपस्थित रहे।

## बचपन के प्ले स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मना

**अवधनामा संवाददाता**

**इटावा, जसवंतनगर।** नगर के हाइवे किनारे शिवपाल सिंह महाविद्यालय के सामने स्थित बचपन ए प्ले स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूल को सफेद और लाल कलर के गुब्बारों, झालरों, क्रिसमस ट्री और स्नोमैन से सजाया गया।

स्कूल के बच्चे उत्साह के साथ सैंटा क्लॉज बन कर स्कूल पहुचे। इस मौके पर बच्चों ने ग्रुप डांस व खेलों के माध्यम से सामाजिक संदेश देते हुए आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के एमडी राहुल दीक्षित ने बच्चों संग तुलसी पूजा और दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बच्चों ने ग्रुप डांस व अनेक



गतिविधियों से स्कूल का वातावरण आनंदमय बना दिया। स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों को भी सांता की टोपी व ड्रेस पहनाकर जब एक साथ मंच पर लाया गया तो ये नजारा मनोहारी हो गया। एक साथ मंच पर नन्हे मुन्ने सेंटा क्लाज का शोरगुल वातावरण को हैप्पी क्रिसमस का संदेश दिया साथ ही जिंगल बेल, मैरी क्रिसमस के गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वही सेंटा क्लॉज की पेंटिंग की। मौके पर एमडी राहुल दीक्षित ने छोटे बच्चों के द्वारा बनाए पेंटिंग व कार्यक्रम की सराहना की।

## सर्वसमाज के कल्याण के लिए है श्रीमद् भगवद्गीता

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वृन्दावन स्थित चंद्रोदय मंदिर में गीता फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मथुरा जनपद के 15 विद्यालयों के, एक हजार विद्यार्थियों ने गीता के सस्वर श्लोग गायन स्पर्धा में भाग लिया। विभिन्न स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके भक्ति वेदांत गुरुकुल के विद्यार्थियों ने गीता फेस्ट 2023 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष कैवल्यापति दास ने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता हमारा मार्ग दर्शक ग्रंथ है। यह सर्वसमाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। गीता के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्पर्धा के इस युग में गीता का संदेश प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना अति अवश्यक है। चंद्रोदय मंदिर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कटिबद्ध है। संस्था द्वारा निरंतर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती विष्णु प्रिया देवी दासी ने बताया कि दो दिवसीय गीता फेस्ट 2023 स्पर्धा का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम गीता जयंती के पावन पर्व पर किया गया। जिसमें स्वामी भक्ति वेदांत गुरूकुल को विजेता घोषित किया गया।

## स्पेशल डीजीसी को पुलिस महानिदेशक द्वारा सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** पुलिस महानिदेशक विजय कुमार द्वारा मथुरा पोक्सो कोर्ट की स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिसे आज मथुरा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने श्रीमती उपमन्यु को देकर सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए प्रशस्ति पत्र में कहा है कि दिनाक 17 मई को थाना फरह जनपद मथुरा में 10 वर्षीय किशोरी के साथ घटित दुष्कर्म की घटना में शामिल अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करते हुए विवेचक द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कराया गया। आपके द्वारा प्रभावी पैरवी किये जाने के परिणामस्वरूप आरोप पत्र दाखिल किये जाने के मात्र 26 कार्य दिवस के अन्दर न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 18 जुलाई को आजीवन कारावास व 80 हजार रुपये अर्थदण्ड में दण्डित किया गया है। मैं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्रीमती अलका उपमन्यु के द्वारा प्रदर्शित की गई व्यवसायिक दक्षता के दृष्टिगत इनको विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र प्रदान करता हूँ। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए इस प्रशस्ति पत्र को आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा श्रीमती अलका उपमन्यु को दिया गया।

## रूद्रांश ज्वैलर्स ने लोगों को जागरूक करने के लिए इटावा नुमाइश में लगाया शो रूम: उज्ज्वल पोरवाल

■ जनपद इटावा में बहुत ही कम समय में ही रुद्रांश ज्वैलर्स ने बनाई पहचान और जीता विश्वास

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** गोल्ड अथवा शुद्ध सोने के बने अभूषण हर किसी की चाह होती है ख़ास तौर पर महिलाओं की उनके पास हो, शादी विवाह हो, पार्टी हो या हो कोई उत्सव सोने के गहने आदि पहनकर मेहफिल में चार चाँद लगाते है तो अपने आप को भी सुंदर लगते है। इस बार इटावा महोत्सव में शहर की प्रसिद्ध रुद्रांश ज्वैलर्स ने



लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुमाइश फब्बारे के नज़दीक अपना शो रूम लगाया है। शो रूम के संचालक उज्ज्वल पोरवाल ने ख़ास बातचीत में बताया कि इटावा नुमाइश में शो रूम लगाने का उनका उद्देश्य है कि लोग अधिक से अधिक जागरूक हो अपने आपको को लोग ठगा महसूस न करें, ग्राहक को उनकी कीमत की शुद्ध चीज़ मिले इसके लिए उन्होंने गहनों की शुद्धता के लिए बिलकुल निःशुल्क जर्मनी की फिशर मशीन से जाँच की सुविधा शो रूम पर उपलब्ध कराई है। उन्होंने आगे कहा कि इटावा नुमाइश में जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों से भी लोग आते है वह जुड़ेंगे और जागरूक होगें। उन्होंने कहा कि लोग 24 कैरेट सोने के दाम तो देते है पर उन्हें हर जगह शुद्ध नहीं मिलता है। हमारे यहां गारंटी के साथ दिया जाता है वह भी जाँच के बाद। उज्ज्वल पोरवाल ने कहा कि आप लोग कोई भी ज्वैलरी ले पक्के बिल के साथ ही ले। उन्होंने बताया कि विवाह, ग्रह शांति से सम्बंधित समस्याओं के लिए राशि रत्न, रूद्राक्ष माला आदि के निःशुल्क परामर्श के लिए शो रूम पर संपर्क करें। अन्त में उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके यहां से खरीदी ज्वैलरी देश के किसी भी शहर में उसी मूल्य पर वापस होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेजें



**हरदोई।** सदर थाना में थाना सम्पूर्ण दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सरकारी एवं अन्य लोगों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले दबंग, अपराधी एवं भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेजें और छोटे-मोटे विवादों का निस्तारण गांव में दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह-समझौते के आधार पर करायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशी गोस्वामी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव के भूमाफियों को चिन्हित करें और सख्त कार्यवाही करते हुए सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त करायें और गांव के अपराधी तत्वों, दबंग एवं भूमाफियों के संबंध में प्रत्येक दिन बीट सिपाही एवं चौकीदारों से उनकी गतिविधियों की जानकारी लें। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीओ सदर तथा थानाध्यक्ष सदर आदि उपस्थित रहें।

### दिव्यांग पेंशनार्थियों का आधार सत्यापन का कार्य जल्द पूरा करायें



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजन हितार्थ के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी दिव्यांग पेंशनार्थियों का आधार सत्यापन का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कार्य को ब्लॉकवार अभियान चलाकर पूरा किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीमों का गठन किया जाए। बेरा मशीन के क्रय के लिए एक समिति का गठन किया जाए। कृत्रिम एवं सहायक अंग उपकरण के वितरण के लिए दिव्यांगों का चिन्हीकरण किया जाए। उन दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाए जिनको कभी भी कोई उपकरण न मिला हो। दिव्यांगों से ब्लॉकवार अभियान चलाकर आवेदन प्राप्त किये जायें। शल्य चिकित्सा अनुदान के अंतर्गत पात्र दिव्यांगों को लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी पंडाल में गज़ल एवं बॉलीवुड गायिका प्रतिभा सिंह बिखेरेंगी अपना जलवा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** इटावा नुमाइश पंडाल में संगीत संध्या कार्यक्रम में मुंबई से गजल एवं बॉलीवुड गानों की गायिका प्रतिभा सिंह बघेल 29 दिसंबर को रात्रि 8:00 बजे प्रदर्शनी पंडाल में अपने ग्रुप के साथ प्रस्तुति देंगी। जश्न ए रेख्ता एवं सा रे गा मा पा से मशहूर हुई प्रतिभा सिंह बघेल ने शास्त्रीय संगीत व बॉलीवुड में कई गाने दिए हैं रीवा मध्य प्रदेश की रहने वाली प्रतिभा सिंह बघेल अपने ग्रुप के साथ इटावा प्रदर्शनी में 29 दिसंबर को अपने संगीत संध्या कार्यक्रम में अपने मशहूर गीतों के माध्यम से जलवा बिखेरेगी। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता भदौरिया सदर विधायक इटावा होगी। यह जानकारी संयुक्त रूप से कार्यक्रम के संयोजक सूरज सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं मयंक कुमार निदेशक सुदिति ग्लोबल अकैडमी ने प्रदान की तथा जनपद के समस्त नगर वासियों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर आप एक प्रसिद्ध गायिका की गजलों, फिल्मी गीतों का आनंद लें और अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान करें।

### मनीष चन्द्र व कमलेश का किया सम्मान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** राज्य कर भवन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद टीम द्वारा नव प्रोन्नत राज्य कर अधिकारी मनीष चन्द्र श्रीवास्तव व कमलेश कुमार का सम्मान करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा मनीष श्रीवास्तव राज्य कर अधिकारी को पगडी पहनाकर सम्मानित किया, जिला अस्पताल इटावा के प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद ने कमलेश कुमार राज्य कर अधिकारी को मूमेंट देकर सम्मानित किया। परिषद द्वारा संगठन द्वारा किये जा रहे पुरानी पेंशन बहाली के आन्दोलन से परिचय कराते हुए कहा कि पुरानी पेंशन प्रत्येक राजकीय कर्मचारी के लिए आवश्यक है, और इसे वह पाकर रहेंगे। इस अवसर पर रामतेज यादव, शत्रुघन सिंह, गजेंद्र सिंह, आलोक पाराशर, मनोरमा कठेरिया, मुन्नी, निशात अंजुम, सुधीर यादव, राजीव कुमार, बिन्दु कुमार, प्रमोद कुमार, शरद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप आयोजित

**मथुरा।** छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विद्यालय प्रबंध तंत्र और शिक्षकगणों के द्वारा सेल्फ डिफेंस की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस की वर्कशॉप का आयोजन 23 दिसंबर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल की अनुमति से किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन वूमेन सेल समिति की संयोजक प्रोफेसर विमलेश द्वारा किया गया। छात्राओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और निडर बनाने के लिए एनसीसी की छात्राएं मल्लिका और साक्षी ने सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया । प्राचार्य महोदय ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और आत्मनिर्भर व सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में अधिक संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही और उन्होंने आत्म सुरक्षा के गुण सीखने के प्रयास किए । इस कार्यक्रम में वूमेन सेल कमेटी के सदस्य प्रोफेसर चिंतामणि प्रोफेसर चिंतामणि, डॉक्टर ममता रानी कौशिक,डॉ दीप्ति सिंह, डॉक्टर अनुराधा सिंह उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गीता के कर्म, भक्ति ज्ञान के सिद्धांत व गूढ़ रहस्यों पर विमर्श

**गीता शोध संस्थान ने वृंदावन पब्लिक स्कूल और पीएमवी इंटर कॉलेज के बच्चों से गीता पर करायीं प्रतियोगिताएं**

**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन( मथुरा)।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की वृंदावन में संचालित संस्था गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय गीता महोत्सव का आयोजन कराया गया। संस्थान ने जयंती पर प्रथम दिन वृंदावन पब्लिक स्कूल और प्रेम महाविद्यालय इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं से उनके स्कूलों में ही गीता निबंध लेखन, गीता के मॉडल, गीता श्लोक गायन, कोलाज व श्लोक लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करायीं। महोत्सव के द्वितीय दिवस संस्थान के सभागार में गीता महोत्सव में दोनों विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया। वृंदावन पब्लिक स्कूल की बालिका कु.खुशी व कु. तनु ने गीता पर लघु नाटिका के मंचन की प्रस्तुति दी। दोनों विद्यालयों के अन्य बच्चों ने गीता पर लिखवाए गये निबंध पढ़कर सभी को सुनाए। दूसरे दिन सभागार में संगोष्ठी का संचालन के आर महाविद्यालय के संस्कृत के विभागाध्यक्ष डा राम दत्त मिश्र ने किया। उन्होंने गीता के रहस्य को समझने के लिए सभी से इस ग्रंथ का पठन-पाठन पर बल दिया। संगोष्ठी में गीता मनीषी विद्वान और रंगलक्ष्मी संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य राम सुदर्शन, विद्वान आचार्य अखिलेश , गीता विद्वान राजेन्द्र दुबे एडवोकेट, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव रहे गीता मनीषी महेश चंद्र शर्मा, ब्रज भाषा के कवि अशोक यज्ञ ने गीता कर्म, भक्ति और ज्ञान के गूढ़ रहस्यों को महाभारत के उदाहरण देते हुए समझाया। संगोष्ठी की अध्यक्षता गोवर्धन की संस्था गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजूकेशन (गिव) के संस्थापक डा वृंदावन चंद्र दास ने की। उन्होंने जानकारी दी कि गिव संस्था द्वारा 13 घंटे का गीता का विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। संस्था गीता के प्रचार-प्रसार में जुटी है। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो . दिनेश खन्ना ने गीता व रासलीला के अध्ययन के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद और उसके संस्थान गीता शोध संस्थान द्वारा प्रारंभ कराए गये प्रयासों से अवगत कराया। वृंदावन पब्लिक स्कूल और प्रेम महाविद्यालय इंटर कालेज केसीघाट के बच्चों के विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद शर्मा ने किया। गीता शोध संस्थान एंव रासलीला अकादमी के कोर्डीनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने संस्थान की गीता व रासलीला पर चल रहीं गतिविधियों से अवगत कराया। वृंदावन पब्लिक स्कूल में चेयरमैन श्री ओम जी, प्राचार्य कु. प्रीति और शिक्षिका श्रीमती प्रियदर्शनी की देखरेख में बच्चों ने गीता विषयक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और संस्थान में आकर प्रस्तुतियां दीं। प्रेम महाविद्यालय इंटर के प्राचार्य डा देव प्रकाश शर्मा की देखरेख में बच्चों ने संस्थान में गीता जयंती महोत्सव में भाग लिया। महोत्सव में साहित्यकार कपिलदेव उपाध्याय, अनेक शिक्षक आदि ने भाग लिया।

## कृषि मेला और प्रदर्शनी आयोजित कर किसानों को जागरूक किया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री चैधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर आत्मा/कृषि सूचना तंत्र योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला/किसान सम्मान दिवस का आयोजन उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर कृषि भवन मथुरा में सांसद श्रीमती हेमामालिनी, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता मे किया गया। मेला/ प्रदर्शनी मे कृषि विभाग के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य, उद्यान एवं अन्य विभागो के द्वारा 25 स्टॉल लगाई गयी एवं लगभग 800 कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किसान भाईयों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही हैं, जिनका आप सभी सीधा लाभ ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने किसानों को मोटे अनाज/ श्रीअन्न/ मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया और मोटे अनाज के विभिन्न फायदे बताये। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से निदान मिलता है, स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए हमे अपने और अपने बच्चों के भोजन की थाली में मोटा अनाज से बने व्यंजनों को शामिल करना चाहिए। जिलाधिकारी ने जैविक खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर, जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, डा0 सन्तराम भूमि संरक्षण अधिकारी, डा0 प्रतिभा सचान उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मनोज कुमार जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबन्धन सहकारी समितियाँ, आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वेडिंग सीजन में हाथों पर लगाएं मेहंदी की ये ट्रेंडी डिजाइन, लगेंगी सबसे खूबसूरत

कई बार हम ऑनलाइन मेहंदी की डिजाइन सर्च करते हैं। जिससे कि कुछ नए डिजाइन की मेहंदी हाथों पर लगवा सकें। खासपर शादी जैसे मौके पर हर लड़की अपने हाथों पर अच्छी डिजाइन वाली महेंदी लगाना चाहती है।

मेहंदी हमारे हाथों को ज्यादा सुंदर बना देती है। वैसे तो मेहंदी लगाने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए किसी भी खास मौके या त्योहार आदि पर लड़कियां हाथों में मेहंदी जरूर लगवाती हैं। कई बार हम ऑनलाइन मेहंदी की डिजाइन सर्च करते हैं। जिससे कि कुछ नए डिजाइन की मेहंदी हाथों पर लगवा सकें। खासपर शादी जैसे मौके पर हर लड़की अपने हाथों पर अच्छी डिजाइन वाली महेंदी लगाना चाहती है। ऐसे में अगर आप भी कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ बेहद खूबसूरत मेहंदी डिजाइन्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो हाथों पर लगने के बाद काफी अच्छी लगती है।



***लोटस डिजाइन वाली मेहंदी***

कई लोगों को भरे हाथों वाली मेहंदी अच्छी लगती है। ऐसे में आप एक बार लोटस डिजाइन वाली मेहंदी ट्राई कर सकती हैं। इस डिजाइन में आपके हाथों पर बड़े-बड़े लोटस के डिजाइन बनते हैं। इसके अलावा हाथी, मोर और लटकन वाली डिजाइन भी बनाई जाती हैं। अगर आप चाहें तो हाथों पर जाली वाली डिजाइन भी बनवा सकती हैं। इस तरह के मेहंदी डिजाइन न सिर्फ लगने पर काफी अच्छे लगते हैं, बल्कि हाथों को अधिक खूबसूरत बनाने का काम करते हैं। अगर आपकी शादी होने वाली है, तो ब्राइड भी यह मेहंदी लगवा सकती है। वहीं मार्केट में लगवाने पर आपको इस डिजाइन के 3000 से 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं।

***लगाएं जाल मेहंदी डिजाइन***

हाथों के आगे ही नहीं बल्कि पीछे भी मेहंदी की डिजाइन काफी अच्छी होनी चाहिए। इसके लिए आप हाथ के पीछे जाल वाली डिजाइन बना सकती हैं। इसके अलावा आप हाथों के पीछे फूलों का डिजाइन भी बनवा सकती हैं। फिर जाल की पत्तियों के डिजाइन से पूरे हाथ को भर सकती हैं। इससे आपके हाथ पहले से अधिक सुंदर लगेंगे। बता दें कि यह डिजाइन आजकल ट्रेंड में है। मार्केट में यह डिजाइन 3000 से 5000 रुपए तक में बनवा सकती हैं।

***ट्रेंड में है मिनिमल मेहंदी डिजाइन***

मिनिमल मेहंदी डिजाइन आज कल काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ऐसे में आप इस तरीके की मेहंदी डिजाइन से भी अपने हाथों को सजा सकती हैं। इस डिजाइन में आधी हथेली पर जाली और पत्ती की डिजाइन बनाई जा सकती है। वहीं आधी हथेली पर लटकन बनाई जाती है। वहीं उंगलियों को जाली या छोटे-छोटे फूल की डिजाइन से सजाया जा सकता है। इस तरह की मेहंदी अगर आप मार्केट में लगवाती हैं, तो आपको 500 से 1000 रुपए खर्च करने होंगे।

***इन बातों का रखें खास ख्याल***

मेहंदी लगवाने के दौरान इस बात का खास ख्याल रखें कि कहीं आपको किसी तरह की स्किन एलर्जी तो नहीं है।

मेहंदी लगवाने के फौरन बाद हाथ पर पानी न डालें।

मेहंदी के सूखने के बाद उसे झाड़ने की बजाय हाथों पर सरसों का तेल अप्लाई करें।

अगर आप भी शादी में इनमें से कोई भी मेहंदी डिजाइन हाथों पर लगाती हैं, तो हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

# सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी फायदेमंद हैं ये फल और सजियां, मिलेगा नेचुरल ग्लो

कई ऐसे फल और सब्जियां होती हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होती हैं। आज हम आपको इन फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनके सेवन से आपको सेहत संबंधी लाभ मिलने के साथ ही स्किन संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

फलों और सब्जियों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी जरूरी होता है। फलों और सब्जियों में मौजूद फाइबर न सिर्फ पाचन को स्वस्थ रखता है, बल्कि इससे आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी लाभकारी होती है।

कई ऐसे फल और सब्जियां होती हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनके सेवन से आपको सेहत संबंधी लाभ मिलने के साथ ही स्किन संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

***शकरकंद***

आपको बता दें कि सेहत के साथ-साथ शकरकंद स्किन के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। शकरकंद में बीटा केरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो हमारी त्वचा को नेचुलर रूप से हेल्दी रखने में मददगार होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी पायी जाती है। जो त्वचां संबंधी इंफेक्शन के खतरे को कम करता है। शकरकंद को उबालकर खाने से त्वचा को फायदा मिलता है।

***एवोकाडो***

स्किन के लिए एवोकाडो का सेवन भी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से आपकी त्वचा अंदर से साफ होता है। जब स्किन अंदर से साफ होती है तो बाहर भी इसका निखार साफ पता चलता है। आप चाट या फिर शेक के तौर पर भी एवोकाडो का सेवन कर सकते हैं।

***खीरा***

खीरा में पानी की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। इसके सेवन से त्वचा हाइड्रेड रहती हैं। वहीं खीरे में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। खीरे के नियमित सेवन से स्किन हाइड्रेट रहने के साथ ही मॉइस्चराइज रहती है।

***संतरा***

विटामिन सी से भरपूर संतरा त्वचा की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। संतरा में आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और ग्लोइंग रखता है। साथ ही संतरे के सेवन झुर्रियां कम होने के साथ कोलेजन बढ़ता है।

***पपीता***

हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में पपीता भी अहम भूमिका निभाता है। पपीता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन-ए, विटामिन बी और विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। साथ ही यह त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है। ऐसे में आप रोजाना पपीते का सेवन कर सकते हैं।

***अनानास***

स्किन को हेल्दी रखने में अनानास भी मददगार होता है। अनानास में विटामिन ए, सी की अधिक मात्रा पायी जाती है। इसमें मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है। वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। जो चोट को जल्दी रिकवर करते हैं। इसके सेवन से आपकी त्वचा हील होने के साथही ग्लोइंग भी बनती है।



# शादी के फंक्शन में मिनिमल लुक में भी दिखेंगी स्टाइलिश, सिल्क के लहंगे लुक में लगाएंगे चार चांद



शादी में खासतौर पर लड़कियां लहंगा पहनती हैं। वहीं लहंगे में कई डिजाइन और पैटर्न मिल जाते हैं। आज हम आपको सिल्क लहंगे कि कुछ डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस लहंगे को स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में भी जानेंगे।

आज के समय में हर कोई स्टाइलिश दिखने की चाहत रखता है। वहीं इन दिनों वेडिंग सीजन की शुरूआत हो चुकी है। शादियों की तैयारियां वैसे तो महीनों पहले से शुरू हो जाती हैं। शादी में खासतौर पर लड़कियां लहंगा पहनती हैं। वहीं लहंगे में कई डिजाइन और पैटर्न मिल जाते हैं। बता दें कि फैशन का ट्रेंड काफी तेजी से बदल रहा है। आजकल सिल्क लहंगा काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सिल्क के लहंगे में कई डिजाइन और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं।

ऐसे में अगर आप भी किसी शादी में लहंगा पहनने की सोच रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिल्क लहंगे कि कुछ डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस लहंगे को स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में भी जानेंगे। जिससे कि शादी जैसे फंक्शन में आपको स्टाइलिश और मिनिमल लुक मिल सके।

***बनारसी सिल्क लहंगा***

आजकल बनारसी सिल्क साड़ी के साथ-साथ सिल्क लंहगा भी काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसमें आपको कई पैटर्न मिल जाएंगे। बता दें कि इस तरह के बनारसी सिल्क लहंगे आपको मार्केट में 3000 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक में मिल जाएंगे। वहीं आप इस बनारसी सिल्क लहंगे के साथ गले में चोकर के साथ मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स को कैरी कर सकती हैं। जो आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा।

***गोटा-पट्टी डिजाइन सिल्क लहंगा***

इसके अलावा आजकल गोटा-पट्टी डिजाइन वाला सिल्क लहंगा काफी चलन में हैं। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में 2500 से 4000 रुपए तक के बीच में मिल जाएगा। बता दें कि इस तरह के लहंगे के साथ आप पर मेसी लुक वाला हेयर बन खूब जचेगा।

***पेस्टल कलर सिल्क लहंगा***

अगर आप शादी में दिन के फंक्शन में लाइट कलर का आउटफिट पहनना चाहती हैं। तो पेस्टल कलर सिल्क लहंगा पहनना चाहिए। वहीं दिन के फंक्शन के लिए इस तरह का सटल कलर एकदम परफेक्ट है। यह आपको सॉफ्ट लुक देने में मदद करेगा। इसके साथ आप लो मेसी लुक वाली पोनीटेल कर सकती हैं।

# अमरूद की पत्तियों से बालों को मिलते हैं ये जबरदस्त फायदे

जब आप अमरूद की पत्तियों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इसका सीधा असर आपके बालों के टेक्सचर पर भी पड़ता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को अधिक स्मूथ और शाइनी बनाते हैं। जिसके कारण हेयर टेक्सचर बेहतर होता है।



हम सभी काले, लंबे और घने बालों की चाहत रखते हैं और इसके लिए तरह-तरह के फैन्सी हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बालों की नेचुरल तरीके से भी केयर की जा सकती है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें हम बेकार समझते हैं, लेकिन वे बालों के लिए बेहद लाभदायी साबित हो सकती है। ऐसी ही एक चीज है अमरूद की पत्तियां। अमूमन अमरूद के साथ कई बार पत्तियां भी आ जाती हैं, जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन इन पत्तियों से बालों की कई समस्याओं को सुलझाया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको अमरूद की पत्तियों से मिलने वाले हेयर बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं-

अगर आप अपने बालों की ग्रोथ तेजी से होते हुए देखना चाहती हैं तो आपको अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल, इनमें विटामिन बी और सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो बालों के विकास के लिए आवश्यक हैं। जब आप इसे हेयर केयर रूटीन में शामिल करती हैं, तो ना केवल हेयर ग्रोथ तेजी से होती है, बल्कि बालों के झड़ने की समस्या भी काफी हद तक कम होती है।

***रूसी का करे इलाज***

अक्सर यह देखने में आता है कि ठंड के दिनों में रूसी की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करने से यकीनन आपको लाभ मिल सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-माइक्रोबायल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रूसी और स्कैल्प की अन्य समस्याओं को काफी हद तक दूर करने में मदद कर सकते हैं।

***हेयर टेक्सचर को करे इंप्रूव***

जब आप अमरूद की पत्तियों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इसका सीधा असर आपके बालों के टेक्सचर पर भी पड़ता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को अधिक स्मूथ और शाइनी बनाते हैं। जिसके कारण हेयर टेक्सचर बेहतर होता है।

***बालों को करे कंडीशन***

अमरूद की पत्तियों में मौजूद नेचुरल ऑयल बालों के लिए एक कंडीशनर की तरह काम करता है। इसलिए, इसकी पत्तियों का हेयर मास्क रूखे व कर्ली हेयर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको अपने बालों को मैनेज करना आसान हो जाता है। साथ ही साथ, बाल अधिक सॉफ्ट व सिल्की नजर आते हैं।

# चेहरे पर नीम का तेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है। नीम के औषधीय गुणों से हम सभी वाकिफ है। यही कारण है कि अक्सर हम नीम को अपने स्किन केयर रूटीन में जगह देते हैं। अमूमन इसके पत्तों को पीसकर इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके पास इतना समय नहीं होता है कि वे हर दिन इतनी मेहनत करें। ऐसे में वे नीम के तेल का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। मार्केट में नीम का तेल आसानी से मिल जाता है, जिसकी मदद से आप अपनी स्किन की कई प्रॉब्लम्स जैसे एक्ने आदि से निजात पा सकते हैं। हालांकि, इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

***स्किन को करें क्लीन***

अगर आप नीम के तेल से अपनी स्किन को पैम्पर करना चाहते हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन को जरूर क्लीन करें। चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी या मेकअप होने पर आपको नीम का तेल इस्तेमाल करने से वह लाभ नहीं मिलेगा, जो वास्तव में मिलना चाहिए।

***कैरियर ऑयल में करें मिक्स***


हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है।

***कम मात्रा में लगाएं***

यह सच है कि नीम का तेल स्किन के लिए बेहद लाभदायक हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप एकदम से बहुत अधिक मात्रा में तेल लगाएं। अगर आप पहली बार नीम के तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो शुरुआत हमेशा कम मात्रा से ही करनी चाहिए। एकदम से बहुत अधिक तेल लगाने से आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है।

***करें पैच टेस्ट***

नीम के तेल से आपकी स्किन को कोई प्रॉब्लम ना हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप इसे अपने पूरे फेस या स्किन पर लगाने से पहले एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि आपको नीम के तेल से एलर्जी है या नहीं। यदि आपको किसी तरह की रेडनेस, खुजली या जलन हो रही है तो आप इसे अवॉयड करें।



# नई-नवेली बनी दुल्हन पर खूब जचेंगे ये हैवी डिजाइन वाले सूट, मिलेगा गॉर्जियस लुक

अगर आपकी नई-नई शादी हुई है और आप एक नई नवेली दुल्हन हैं, तो आपको सोच-समझकर ही सूट के डिजाइंस चुनने चाहिए। जिससे कि आप उन सूट को लंबे समय तक और आरामदायक तरीके से कैरी कर सकें।

वैसे तो सूट पहनना हर लड़की को पसंद होता है, क्योंकि यह पहनने में बेहद आरामदायक होते हैं। सूट में आपको कई तरह की डिजाइंस और अलग-अलग वैरायटी देखने को मिल जाती है। वहीं अगर आपकी नई-नई शादी हुई है और आप एक नई नवेली दुल्हन हैं, तो आपको सोच-समझकर ही सूट के डिजाइंस चुनने चाहिए। जिससे कि आप उन सूट को लंबे समय तक और आरामदायक तरीके से कैरी कर सकें।



सूट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको न सिर्फ लेटेस्ट डिजाइन की समझ होनी चाहिए, बल्कि आपको अपनी बॉडी शेप को भी समझना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी कंफ्यूजन में हैं कि आपको किस तरह की डिजाइन के सूट लेने चाहिए और उन्हें कैसे स्टाइल करना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ खास डिजाइन के सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही यह भी जानेंगे कि आप इन्हें किस तरह से कैरी करें, जिससे आपका लुक स्टाइलिश लगे।

***अंगरखा स्टाइल सूट***

बता दें कि आज के समय में प्लेन सूट के साथ हैवी दुपट्टे काफी ट्रेंड में हैं। ऐसे में आप खूबसूरत गोटा-पत्ती वर्क के सूट को कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट बनवाने के लिए आप चंदेरी डिजाइन के फैब्रिक को खरीदकर कस्टमाइज करवा सकती हैं। अंगरखा स्टाइल सूट के साथ गोल्डन कलर की झुमकी आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगी।

***फ्लोर लेंथ सूट***

इस तरह के सूट न सिर्फ देखने में बल्कि पहनने में भी रॉयल लुक देते हैं। फ्लोर लेंथ वाले और हैवी वर्क वाले सूट आपको बाजार में 2000 से 3000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस सूट के साथ आप मेसी लुक वाला हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इसके साथ ही बालों को गजरे से सजा सकती हैं।

***अनारकली स्टाइल सूट***

आजकल सिल्क फैब्रिक के आउटफिट्स काफी चलन में हैं। इस तरह के खूबसूरत और क्लासी सूट नई नवेली दुल्हन पर बेहद जचेंगे। मार्केट में अनारकली स्टाइल सूट आपको 2000 से 4000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस सूट को कैरी करने के साथ आप ओपन हेयर स्टाइल रख सकती हैं, जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेंगे।

# विंटर में ड्राई स्कैल्प की समस्या को दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

विंटर स्कैल्प ड्राईनेस को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने बालों को हॉट ऑयल मसाज दें। दरअसल, जब आप बालों व स्कैल्प में ऑयलिंग करते हैं तो इससे उन्हें नरिशमेंट मिलता है। साथ ही साथ, रूखापन भी काफी हद तक कम होता है।

सर्दी के दिनों में ठंडी हवाएं ना केवल स्किन बल्कि स्कैल्प की नमी भी छीन लेती हैं। जिसके कारण स्कैल्प का रूखापन इस मौसम में काफी बढ़ जाता है। अमूमन इस मौसम में स्कैल्प ड्राईनेस के कारण खुजली, ड्रैंडफ आदि की समस्या बढ़ने लगती है। हम सभी अपने बालों की बेहतर केयर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कुछ बेसिक बातों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप ड्राई स्कैल्प की समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं-



***लगाएं मास्क***

विंटर में ड्राई स्कैल्प की समस्या से निजात पाने के लिए उसकी नमी को बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप सप्ताह में एक बार डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क जरूर लगाएं। इसके अलावा, आप ऐसे हेयर प्रोडक्ट्स को चुनें, जो आपकी स्कैल्प को नेचुरली मॉइश्चराइज करने में मदद करते हों।

***ऑयलिंग है जरूरी***

विंटर स्कैल्प ड्राईनेस को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने बालों को हॉट ऑयल मसाज दें। दरअसल, जब आप बालों व स्कैल्प में ऑयलिंग करते हैं तो इससे उन्हें नरिशमेंट मिलता है। साथ ही साथ, रूखापन भी काफी हद तक कम होता है। आप हेयर वॉश करने से पहले हॉट ऑयल मसाज कर सकते हैं।

***एलोवेरा का करें इस्तेमाल***

अगर आपको विंटर में स्कैल्प ड्राईनेस के कारण परेशान होना पड़ रहा है तो ऐसे में एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। यह आपकी स्कैल्प को नेचुरली मॉइश्चराइज करने में मदद करेगा। आप शैम्पू करने से पहले इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं। यह आपके स्कैल्प को हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा, ड्राई स्कैल्प से छुटकारा पाने में मदद करेगा।

***सेब के सिरके से करें रिंस***

आप एक हिस्सा एप्पल साइडर विनेगर और दो भाग पानी को एक साथ मिलाएं। अब शैम्पू करने के बाद इससे अपने बालों को रिंस करें। यह ना केवल स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्कैल्प ड्राईनेस भी काफी हद तक कम होगी।

# तेजस्वी यादव को ईडी ने फिर जारी किया समन

## विदेश यात्रा की अनुमति वाली याचिका पर कोर्ट में सुनवाई जल्द

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को शनिवार को एक नया समन भेजा है। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।तेजस्वी यादव को पांच जनवरी को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा गया है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी विदेश यात्रा करने की मांग वाली याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है।

**अनुमति**

**तेजस्वी यादव ने अदालत से अगले साल छह से 18 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करने की अनुमति मांगी है।**



तेजस्वी यादव ने अदालत से अगले साल छह से 18 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करने की अनुमति मांगी है। बता दें, इससे पहले ईडी ने तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और उनके पिता आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, 22 दिसंबर के समन को तेजस्वी ने नजरअंदाज कर दिया और एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

गौरतलब है, अक्तूबर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और राजद सांसद मीसा भारती को राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में चारों को जमानत दे दी थी।

रेल भर्ती से जुड़े एक और घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है।

मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए।

सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि जो जमीनें ली गईं वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गईं।

IRCTC का मामला रेलवे भर्ती घोटाले से अलग है। IRCTC घोटाले का आरोप भी 2004 में लालू के रेल मंत्री रहते होने की बात है। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने उस वक्त रेलवे की कैटरिंग और रेलवे होटलों की सेवा को पूरी तरह IRCTC को सौंप दिया था। इस दौरान रांची और पुरी के बीएनआर होटल के रखरखाव, संचालन और विकास को लेकर जारी टेंडर में अनियमिताएं किए जाने की बातें आई थीं।

ये टेंडर 2006 में एक प्राइवेट होटल सुजाता होटल को मिला था। आरोप है कि सुजाता होटल्स के मालिकों इसके बदले लालू यादव परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन दी, जो बेनामी संपत्ति थी। इस मामले में भी लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोग आरोपी हैं।

# 26/11 के बाद कुछ लोग भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ करते हैं- जयशंकर

**गांधीनगर।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि यह भारतीय कूटनीति की एक उपलब्धि रही है कि हम कई प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।


**ध्वज फहराया**

**यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए।**

दरअसल, विदेश मंत्री गांधीनगर के लावड़ में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भू-राजनीतिक विचार अक्सर विश्वसनीय भागीदारों की पहचान करने के इर्द-गिर्द घूमते हैं।

उन्होंने कहा, यह भारतीय कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है कि हम अक्सर प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।

उन्होंने आतंकवाद पर बात करते हुए कहा, आप लोग यह नहीं



समझें की आतंकवाद की शुरुआत अभी हुई है। यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए। इस देश में बहुत कुछ बदल गया है। मेरे लिए सबसे ज्यादा कोई चौंकाने और बदलाव लाने वाला समय है तो वो मुंबई का 26/11 हमला। कई लोग बहुत भ्रमित थे जब तक कि उन्होंने 26/11 के आतंकवाद की वास्तविक तस्वीरें नहीं देखी थीं।

उन्होंने कहा, अब हमें सबसे पहले इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है। कुछ लोगों ने 26/11 के बाद भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ की। जबकि मुझे नहीं लगता अब देश का यह मूड है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद का अभ्यास कर रहा है तो आपको जवाब देना चाहिए।

अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा एक मंदिर पर हमला करने की घटना पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमारे दूतावास ने वहां की सरकार और पुलिस को शिकायत की है, जांच जारी है।

### शायद क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के लिए बुलाया, ईडी के सामने पेश होने से पहले कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शनिवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। इससे पहले, ईडी कार्यालय के बाहर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ईडी का मुझे बुलाना कोई नई बात नहीं है। यह रोजाना का हो गया है। वही पुराने सवाल-जवाव होते हैं। अभी क्रिसमस का समय है। सिर्फ शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए बुलाया गया होगा।

बता दें, 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच में पूछताछ के लिए ईडी ने समन जारी किया था। पहले भी इस मामले में कई बार पूछताछ की जा चुकी है।

कार्ति ने कहा, ईडी में यह मेरा 20वां दिन है। यह एक नियमित मामला बनता जा रहा है।

## भारी बारिश से तबाह इलाकों में वायुसेना पहुंचा रही राहत सामग्री



**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण आम जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के कारण भारतीय वायुसेना बचाव अभियान चला रही है। एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय वायुसेना राहत सामग्री पहुंचा रही है।

भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अनुसार, एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव ने बारिश से तबाह थूथकुडी जिले में 12 अलग-अलग स्थानों पर 11 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई। बता दें, अब तक प्रभावित इलाकों में 59 टन राहत सामग्री हवाई मार्ग से पहुंचाई जा चुकी है। इससे पहले राज्य के सीएम एमके स्टालिन कह चुके है कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

थामिराबरानी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के कारण थूथुकुडी जिले में श्रीवैकुंठम स्टेप बांध ओवरफ्लो हो गया है। पानी की ऊंची-ऊंची लहर उठ रही है।

तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में राहत कार्य जारी है जबकि पुलिस के साथ एनडीआरएफ की एक टीम ने शनिवार को एसआईपीसीओटी औद्योगिक क्षेत्र में फंसे लोगों को बचाया। टीम ने एसआईपीसीओटी पुलिस के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित महिलाओं और बच्चों को नाव से बचाया और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया।

वहीं, तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीणा ने आज जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और बारिश के कारण हुए नुकसान का आकलन किया। सबसे ज्यादा प्रभावित अंतोनियारपुरम इलाके में राहत कार्य जोरों पर है। गौरतलब है, थूथुकुडी-पलायमगोट्टई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंतोनियारपुरम के पास एक पुल 17 और 18 दिसंबर को अत्यधिक बारिश के दौरान टूट गया था, जिससे बाढ़ आ गई थी। वहीं, भारी बारिश के कारण थूथुकुडी-तिरुचेंदूर रोड पर एरल और अत्तूर में पुल भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, श्रीवैकुंठम, अत्तूर, एरल, अगरम और कायलपट्टिनम इलाकों में भी मरम्मत का काम जारी है। एक केंद्रीय टीम पहले ही जिले में बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण कर चुकी है।

# सूखा सहायता राशि मांगने प्राइवेट लग्जरी जेट से दिल्ली गए सीएम सिद्धारमैया, बीजेपी ने घेरा

**बंगलूरू।** कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने के लिए अभियान शुरू किया है। वहीं इस बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें वह एक प्राइवेट लग्जरी जेट में बैठे नजर आ रहे हैं। सीएम के साथ कर्नाटक के मंत्री जमीर अहमद खान भी हैं। इसे लेकर भाजपा ने सीएम और कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि एक तरफ कांग्रेस चंदा मांग रही है, वहीं दूसरी तरफ सीएम सिद्धारमैया प्राइवेट जेट में घूमते दिख रहे हैं। भाजपा अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान ने पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अमित मालवीय ने लिखा कि एक तरफ कांग्रेस ऐसे दिखा रही है कि वह चंदा मांग रही है और उनके पास विपक्षी गठबंधन के नेताओं को समोसे खिलाने का भी पैसा नहीं हैं। वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान, सीएम सिद्धारमैया के साथ प्राइवेट लग्जरी जेट की अपनी

**पलटवार**

**प्राइवेट जेट से दिल्ली जाने को लेकर भाजपा के निशाने पर आए कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने भी पलटवार किया है।**



तस्वीरें दिखा रहे हैं। इन्हें देखकर लग रहा है कि इन्होंने सूखा पीड़ितों के लिए सहायता राशि मांगने के लिए दिल्ली जाते समय यात्रा के दौरान अच्छा समय बिताया। दुर्भाग्य ये है कि कर्नाटक में प्रशासन चरमराया हुआ है लेकिन कांग्रेस की लूट जारी है। कर्नाटक भाजपा के नेता सीटी रवि ने भी जमीर अहमद खान की वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा किया है और आरोप लगाया कि सरकार के पास किसानों को देने के लिए पैसे नहीं हैं लेकिन सीएम प्राइवेट जेट में उड़ान भर रहे हैं। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए फंड जुटाने के लिए कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने वाला अभियान शुरू किया है। इस अभियान को डोनेट फॉर देश नाम दिया गया है। हालांकि भाजपा, कांग्रेस पर इस अभियान को लेकर निशाना साध रही है। प्राइवेट जेट से दिल्ली जाने को लेकर भाजपा के निशाने पर आए कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने भी पलटवार किया है। सिद्धारमैया से जब भाजपा के आरोपों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने उल्टा सवाल करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों से पूछिए कि पीएम मोदी कौन से विमान से यात्रा करते हैं? वह अकेले 60 सीटों वाले एयरक्राफ्ट में यात्रा करते हैं।

## अमेरिका में हुई क्वाड के आतंकरोधी वर्किंग ग्रुप की बैठक, बढ़ रहीं आतंकी घटनाओं के खिलाफ बनी रणनीति

**वॉशिंगटन।** क्वाड के आतंकरोधी वर्किंग ग्रुप की बैठक अमेरिका के होनोलुलु में आयोजित हुई। इस



बैठक में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में बढ़ रही आतंकी घटनाओं के खिलाफ रणनीति बनाई गई। हवाई के होनोलुलु में यह बैठक 19-21 दिसंबर तक आयोजित हुई, जिसमें हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में बढ़ रहीं आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए सहयोग बढ़ाने पर फोकस किया गया। चर्चा के दौरान नए उभर रहे आतंकी खतरों, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए मैकेनिज्म तैयार करने और आतंकियों के इमर्जिंग तकनीक के इस्तेमाल से रोकने के लिए रणनीति बनाई गई। अमेरिका के विदेश विभाग ने यह जानकारी दी है।

क्वाड एक अनौपचारिक रणनीतिक फोरम है, जिसके सदस्य देशों में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। क्वाड के गठन का उद्देश्य मुक्त, समृद्ध और समावेशी हिंद प्रशांत क्षेत्र बनाना है। क्वाड का गठन साल 2007 में किया गया था, जिसके बाद से क्वाड के सदस्य देशों के प्रतिनिधि समय-समय पर मिलते रहते हैं। चीन इसका विरोध करता रहता है। दरअसल चीन का ऐसा मानना है कि क्वाड का गठन उसके खिलाफ एकजुटता के लिए किया गया है। दरअसल साल 2010 में अमेरिका और चीन के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में तनाव पैदा हुआ था। इसके बाद अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया के साथ सैन्य सहयोग बढ़ाया। साल 2012 में जापान के तत्कालीन पीएम ने चार लोकतांत्रिक देशों अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के गठबंधन वाले समूह की बात कही और साल 2017 में क्वाड की पहली आधिकारिक बैठक हुई। बीते मार्च में इस समूह ने आतंकवाद से निपटने के लिए भी क्वाड के काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप के गठन का फैसला किया था। सहयोग के तहत क्वाड के सदस्य देश हिंसक कट्टरवाद और छद्म आतंकवाद के खिलाफ काम करेंगे और साथ ही जरूरत पड़ने पर एक दूसरे को लॉजिस्टिक, आर्थिक और सैन्य मदद भी देंगे। बता दें कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री डाकुओं का खौफ काफी बढ़ा है। बीते दिनों भी एक मालवाहक जहाज को समुद्री डाकुओं ने अगवा कर लिया था। इसके खिलाफ भारत और अन्य देशों की नौसेनाओं ने समन्वित तरीके से ऑपरेशन चलाया था।

# कोरोना का बढ़ता खतरा, बीते 24 घंटे में 752 नए मरीज मिले, चार की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। बता दें कि बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही कोरोना के चार मरीजों की मौत हुई है। 21 मई के बाद यह एक दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3420 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आंकड़े जारी किए हैं।

बीते 24 घंटे में कोरोना से चार मरीजों की मौत हुई है, जिनमें से दो मौतें केरल में हुई हैं। केरल में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है और बीते तीन दिनों में केरल में कोरोना से छह लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में राजस्थान और कर्नाटक में भी एक-एक मरीज की मौत हुई है। देश में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 5,33,332 हो गया है। देश में कोरोना से संक्रमित लोगों की कुल संख्या साढ़े चार करोड़ के पार पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में केरल में कोरोना के 266 और कर्नाटक में 70 नए मरीज मिले हैं।

**कोरोना**

**बीते 24 घंटे में कोरोना से चार मरीजों की मौत हुई है, जिनमें से दो मौतें केरल में हुई हैं।**

कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है लेकिन राहत की बात ये है कि देश में कोरोना से रिकवरी की दर 98.81 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत पर है। कोरोना के मामले बढ़ने के पीछे कोविड का नया



वैरिएंट जेएन.1 है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी जेएन.1 को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट माना है। हालांकि अभी तक इससे गंभीर बीमारी होने के संकेत नहीं मिले हैं। जेएन.1 के संक्रमण के लक्षणों में ठंड लगना, खांसी, थकान और बदन दर्द होना शामिल है। फ्रांस, अमेरिका और सिंगापुर में भी कोरोना के मामले बढ़ने की वजह कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 ही है। भारत में भी जेएन.1 से संक्रमण के मामले सामने आए हैं लेकिन अभी तक भारत में स्थिति बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है। डब्लूएचओ ने कहा है कि बीते एक महीने में वैश्विक स्तर पर कोरोना के मामलों में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। डब्लूएचओ ने हालात को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनने और कोरोना नियमों का पालन करने की अपील की है।

### असम में बड़े पैमाने पर कारतूस बरामद, ऑफिस में आग से एक की मौत

**नई दिल्ली।** असम में पुलिस ने दो लोगों के पास से बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की पूछताछ कर रही है। खबर के अनुसार, असम पुलिस ने राज्य के कार्बी आंगलोंग जिले के बोकाजन इलाके में दो लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से पुलिस को एके सीरीज की राइफलों के 150 कारतूस और छह मैगजीन समेत अन्य आइटम बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी है। केरल के एर्नाकुलम में ऑफिस में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना एर्नाकुलम के कारुकुट्टी इलाके में स्थित एक प्राइवेट फर्म की है, जहां बीती रात को ऑफिस में आग लग गई। आग लगने के कारणों की जांच चल रही है।

### कराची को दहलाने की साजिश नाकाम!


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची को दहलाने की एक बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हुई है। बताया गया है कि यहां कैंट रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में टाइम बम पाया गया। पुलिस के मुताबिक, किसी अज्ञात शख्स ने एक बैग छोड़ दिया था। इसमें पांच किलो का आईईडी डिवाइस मिला। इस बम को बम स्कवॉड ने समय रहते ही डिफ्यूज कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

कराची के डीआईजी ऑपरेशंस ने कहा कि शुक्रवार रात 9.15 बजे उन्हें पेशावर से आ रही पेशावर एक्सप्रेस में एक सीट के नीचे बैग रखा मिला। इस बैग को स्टेशन पर निगाह रख रहे गार्ड ने बरामद कर लिया। खोलने पर इसमें बैटरी, तारों और स्विच से जुड़ा एक टाइम बम मिला। गार्ड ने तुरंत ही इसे डिफ्यूज करने के लिए बम स्क्वॉड को सूचित कर दिया।

# घरेलू हिंसा से परेशान अश्वेत महिला ने पुलिस बुलाई, जिसे बचाने आए थे पुलिसकर्मी, उसे ही मारी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजेलेस में एक अश्वेत महिला ने घरेलू हिंसा से प्रताड़ित होकर पुलिस को बुलाया। लेकिन महिला ने जिस पुलिस को उसे बचाने के लिए बुलाया था, उसी पुलिस ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। महिला के परिजनों ने पुलिस पर हत्या के आरोप लगाए हैं और घटना की जांच की मांग की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 27 साल की नियानी फिनलेसन लॉस एंजेलेस के लैनकैस्टर स्थित ईस्ट एवेन्यू स्थित अपार्टमेंट में अपने बच्चों के साथ रहती थी। बीती 4 दिसंबर को महिला ने 911 पर कॉल करके पुलिस से मदद मांगी थी और आरोप लगाया था कि उसका प्रेमी उसे प्रताड़ित कर रहा है। कॉल पर पुलिस के कुछ जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो घर का दरवाजा बंद था और घर के भीतर से चीखने-चिल्लाने की



आवाजें आ रहीं थी।

पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर घर में घुसे तो उन्होंने देखा कि कॉल करने वाली महिला नियानी अपने हाथों में चाकू पकड़े हुए थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने पुलिसकर्मियों को बताया कि उसके प्रेमी ने उसकी नौ साल की बेटी को धक्का दिया है और वह उसे नहीं छोड़ेगी। इसके बाद नियानी घर के अंदर गई और उसकी और उसके प्रेमी का झगड़ा शुरू हो गया। पुलिस का कहना है कि झगड़े के चलते ऐसे हालात बने कि पुलिसकर्मियों ने गोली चला दी, जिससे महिला को गोली लगी और बच्ची के सामने ही नियानी की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि वह घटना की जांच कर रहे हैं। वहीं नियानी के परिवार का आरोप है कि ये हत्या है और घटना की जांच की जानी चाहिए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हो।

गौरतलब है कि जिस पुलिसकर्मी पर गोली चलाने का आरोप है, वह टीवाई शेल्टन है और शेल्टन पर साल 2020 में भी ऐसी ही परिस्थितियों में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के आरोप लगे थे। दरअसल पुलिस माइकल थॉमस नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने पहुंची थी लेकिन गिरफ्तारी के दौरान पुलिस का कहना है कि थॉमस ने पुलिसकर्मियों की बंदूक छीनने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने गोली चला दी और थॉमस की मौत हो गई।

# भारतीय यात्रियों के विमान को फ्रांस में रोकने पर एयरलाइन ने दी सफाई

**पेरिस।** भारतीय यात्रियों को लेकर जा रहे विमान को फ्रांस में रोके जाने पर एयरलाइंस का कहना है कि कंपनी ने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। बता दें कि मानव तस्करी के शक में विमान को फ्रांस के वेट्री एयरपोर्ट पर रोका गया है। विमान रोमानिया की लीजेंड एयरलाइंस का है। इस विमान में 300 से ज्यादा यात्री सवार हैं और अधिकतर भारतीय मूल के हैं।

लिलियाना बाकायोको का कहना है कि वह लीजेंड एयरलाइंस की वकील हैं। मीडिया से बात करते हुए बाकायोको ने कहा कि %लीजेंड एयरलाइंस ने कुछ भी गलत नहीं किया है और फ्रांस की अथॉरिटी जांच कर रही है, लेकिन अगर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाता है तो एयरलाइंस भी कानूनी कार्रवाई करेगी।% लीजेंड एयरलाइंस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान



सामने हीं आया है। बाकायोको ने बताया कि एक ग्राहक ने चार्टर्ड प्लेन बुक किया था और उसी ग्राहक ने सभी यात्रियों के दस्तावेज वेरिफाई किए थे। फ्लाइट के उड़ान भरने से 48 घंटे पहले ही ग्राहक ने एयरलाइंस से बात की थी।

बता दें कि संयुक्त अरब अमीरात से उड़ान भरकर निकारागुआ जा रहे लीजेंड एयरलाइंस का एयरबस ए340 विमान गुरुवार को पेरिस से करीब 150 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित वेट्री एयरपोर्ट पर यह विमान तकनीकी जांच के लिए रुका था। फ्रांस की पुलिस को सूचना मिली थी कि इस विमान से मानव तस्करी की जा रही है, जिसके बाद फ्रांस की पुलिस ने विमान को एयरपोर्ट पर ही रोक लिया और जांच कर रही है। पुलिस ने फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास को भी इसकी सूचना दी है, जिसके बाद दूतावास से भी एक टीम एयरपोर्ट पहुंच चुकी है और मामले पर नजर रखने के साथ ही भारतीय यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रख रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्रांस की पुलिस ने दो यात्रियों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। बता दें कि फ्रांस में मानव तस्करी का दोषी पाए जाने पर 20 साल जेल की सजा का प्रावधान है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और नगर दक्षिणी के पदाधिकारियों ने नगर के जेसीज चौराहा पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते भाजपा जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि भारत देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का शर्मनाक तरीके से विपक्ष के नेताओं द्वारा मिमिक्री करना और उनका मजाक उड़ाना साथ ही राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाना और हंसी ठिठोली करना भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं को शर्मसार करता है। यह देश के अन्नदाता किसानों का अपमान है। राहुल गांधी ने जो अभद्र टिप्पणी के साथ-साथ अभद्र वीडियो प्रसारित की है। उसके लिए यह निंदा का विषय है वह कांग्रेस पार्टी में एक जिम्मेदार पद पर रह चुके है और जिस तरह से बचकानी हरकत राहुल गांधी करते हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए।



किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की बड़े अशिष्ट तरीके से मिमिक्री करते हुए मजाक उड़ाया जाना और कुकृत्य का वीडियो राहुल गांधी द्वारा बनाया जाना अति निंदनीय है। कहा कि पूरा इंडिया महागठबंधन के नेताओं को एक किसान पुत्र और साधारण परिवार से अपनी मेहनत द्वारा देश के सर्वोच्च पदों पर जाना बर्दाश्त नहीं हो रहा है। कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। कार्यक्रम के उप सह संयोजकजिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा घनश्याम यादव ने कहा कि भारत देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का शर्मनाक तरीके से विपक्ष के नेताओं द्वारा मिमिक्री करना और उनका मजाक उड़ाना साथ ही राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाना और हंसी ठिठोली करना भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं को शर्मसार करता है। यह किसी व्यक्ति विशेष या जाति का नहीं बल्कि भारत के उपराष्ट्रपति का अपमान है देश के अन्नदाता किसानों का अपमान है। दोनों सांसदों की यह हरकतें शर्मनाक है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अनुसूचित मोर्चा जन जाति सरस गौड़ क्षेत्रीय मंत्री मेनका सिंह जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य जिला मंत्री दिनेश कुमार सिंह दुग्ध सेवा समाज समिति के अध्यक्ष रमेश यादव महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रागनी सिंह सुधांशु सिंह कमलेश निषाद मनीष श्रीवास्तव राखी सिंह सीमा तिवारी सभासद गण विपिन सिंह विष्णु प्रताप सिंह सिपिन नंदलाल यादव निशि सोनकर केश नारायण विश्वकर्मा आयुष अस्थाना एवं नगर दक्षिनी मंडल की पूरी टीम शामिल रहे।

# हत्या के मामले में दोनों मत्रियों का आस्वासन कोर

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के खेतासराय कस्बे में प्रजापति परिवार की हत्या के मामले में प्रजापति समाज ने जौनपुर के सिविल लाइन्स स्थित अंबेडकर पार्क में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया और सरकार से मांग की कि मृतक के दो बेटों की हत्या के कारण अब परिवार के पास कोई सहारा नहीं है। प्रजापति समाज ने कई बार जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिकसहायता और परिवार के एक सदस्य को पक्की नौकरी और एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। खेती योग्य जमीन की मांग थी. उत्तर प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों गिरीश चंद यादव और धर्मवीर प्रजापति ने पूरे मार्ग को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 3 सप्ताह पूरे होने के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं। केवल रुपये का मुआवजा दिया गया। सरकार की ओर से 4 लाख रुपये दिये गये हैं। धरने में दक्ष सेना प्रमुख वीरेंद्र प्रजापति वीर प्रजापति महासभा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति संजीव प्रजापति, कुसुम देवी, रामबचन प्रजापति, मोहित प्रजापति विनोद प्रजापति, सतेंद्र प्रजापति, बृजेश प्रजापति, जानर्दन प्रजापति, विकलेश प्रजापति, आदि शामिल रहे।

## यातायात पुलिस जनपद टैम्पों के विरुद्ध चेंकिग अभियान

**आजमगढ़।** जनपद को पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य, के कुशल निर्देशन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा द्वितीय अभियान के तहत जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार, प्रभारी यातायात उ0नि0 धनंजय शर्मा, द्वारा जनपद में संचालित ई-रिक्शा व आटो टैम्पों के विरुद्ध चेंकिग अभियान चलाया गया । जिसके दौरान ई-रिक्शा व आटो ध्टैम्पों जिनके द्वारा मानक क्षमता से अधिक सवारी ढ़ोने व वाहन को माल वाहक के रुप प्रयोग करने वाले 21 ई-रिक्शा व आटो ध्टैम्पों के विरुद्ध चालान व सीज की कार्यवाही की गयी। सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान ई-रिक्शा,आटो ध्टैम्पों ,टैक्सी आदि वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जानकरी दी गयी व यातायात नियमों प्रति जागरुक किया गया।

# भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करते थे चौधरी चरण सिंह



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसान दिवस के अवसर पर किसानों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती डा0 अवधनाथ पाल के अध्यक्षता में मनाई गई। वही पूर्व विधायक लालबहादुर यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह देश के सबसे बड़े किसान नेता थें। उन्होनें विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की सेवा की एवं उनकी ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के रूप में हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता एवं भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करते थे प्रतिभाशाली एवं व्यवहारवादी चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते थे। किसानों के लिए उन्होंने भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है। ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाले विभागीय स्वर्ण ऋणमुक्ति विधेयक 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाली अन्य लाभ काफी कम कर दिया गया था मुख्यमंत्री के रूप में ज्योत अधिनियम 1960 को लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राजभर में इसे एक सम्मान बनाया जा सके। सम्मानित होने वाले किसान अच्छेलाल निषाद, मोख्खनलाल गौतम, सोमनाथ प्रजापति, राजदेव राजभर, मित्तल सरोज, श्याम बहादुर यादव प्रमुख रहें। राजेंद्र टाइगर हीरालाल विश्वकर्मा श्रवण जायसवाल राहुल त्रिपाठी पंकज मिश्रा, लक्ष्मी शंकर यादव, अखण्ड प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

# भवम क्लब ने जीता उद्‌घाटन मुकाबला

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भवम क्रिकेट क्लब ने रामबाबू पाल क्रिकेट क्लब को 18 रन से हराकर सातवीं लालता प्रसाद मिश्र-16/19 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबले अपने नाम किया। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में भवन क्रिकेट क्लब ने 34.5 ओवर में 145 रन (सचिन तिवारी 34, अंबुज शुक्ला 26, शिवांश पांडेय 22, सुब्रत प्रसाद तिवारी 4/17, आदर्श केसरवानी, सृजल प्रकाश व अभय राज यादव दो-दो विकेट) बनाकर रामबाबू पाल क्रिकेट क्लब को 36.1 ओवर में 127 रन (अभय राज यादव 29, सुब्रत प्रसाद तिवारी 27, विश्वास सक्सेना 21, अखिलेश यादव 3/24, अंबुज शुक्ला, अमन पटेल व सानिध्य श्रीवास्तव दो-दो विकेट) पर समेट दिया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व सुधीर सोनकर ने अंपायरिंग एवं हितेश श्रीवास्तव ने स्कोरिंग की। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मुकुंद तिवारी ने किया। जनपद न्यायालय के अधिवक्ता देवेश शुक्ल विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन सचिव विवेक सिंह ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर आलोक अवस्थी, अखिलेश शुक्ल, सोमेश्वर पांडेय उपस्थित रहे। रविवार को भानु प्रताप क्लब का मुकाबला चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब से होगा।

# किसानों के मशीहा थे चौधरी चरण सिंहः सपा

- देश के पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती सपा कार्यालय में मनाई गई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती पर सपा कार्यालय में उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए याद किया गया। सपा जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी साहब को किसानों का मसीहा बताया। सपा नेताओं ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादाओं में रहकर जिया। मेरठ के एक साधारण किसान परिवार में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने अपने राजनैतिक जीवन में प्रदेश की कैबिनेट में कई बार मंत्री, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और फिर 28जुलाई 1979 को देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी भी संभाली। वक्ताओं ने उन्हें दृढ़ निश्चयी एवंअच्छा वक्ता बताया। किसानों एवं देश के कमजोर तबके के लिए अनेकों कार्य किये। प्रशासन में सुधार के लिए कड़े कदम उठाने में कभी नहीं हिचके। भूमि सुधार के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, मुस्ताक काजमी, धर्म राज पटेल, रविन्द्र यादव, आर. एन. यादव, वजीर खां, महबूब उस्मानी, दान बहादुर मधुर, संदीप यादव, महेन्द्र निषाद, नाटे चौधरी, मोईन हबीबी, डॉ राजेश यादव, असगर अली अंसारी, इंजी जगदीश यादव, कुलदीप यादव, सुधीर निषाद, अनिल केशरी, के.के. यादव, रिटा.सूबेदार मेजर दिनेश प्रजापति, अभिमन्यु पटेल, जोंटी यादव, देव बोस आदि मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड के चेयरमैन ने विज्ञान प्रदर्शनी का फ़ीता काटकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला सिपाह में स्थित जामिया ग्रुप आफ इंस्ट्यूशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि उतर प्रदेश मदरसा बोर्ड के चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने फीता काट कर किया,मदरसा के छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक मॉडल को देख हर कोई दंग रह गया,जामिया के छात्रों ने स्मार्ट सिटी,परमाणु ऊर्जा केंद्र,रॉकेट विज्ञान समेत खाना ए काबा और मस्जिद ए नबवी,झंझरी मस्जिद के मॉडल को प्रस्तुत किया,चेयरमैन इफ्तिखार अहमद जावेद ने सभी मॉडलों को देखने और छात्रों से बातचीत करने के बाद न सिर्फ छात्रों की बल्कि जामिया ग्रुप के पूरे स्टाफ की कोशिशों की सराहना की।



वहीं इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव परवेज आलम भुट्टो ने कहा कि छात्रों और छात्राओं में आज जो विज्ञान और आर्ट से संबंधित मॉडल पेश किया है उसे देख बड़ी प्रसन्नता हो रही है,मैं जामिया के पूरे ग्रुप को इस प्लेटफार्म को तैयार करने और छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए मुबारकबाद पेश करता हू आज का दौर विज्ञान के बिना अधूरा है इसलिए इस प्रोग्राम के माध्यम से हम सबको बच्चो की हौसला अफजाई करनी चाहिए।

जामिया ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन मौलाना अनवार अहमद कासमी ने कहा कि जामिया के छात्रों के द्वारा बनाए गए यह मॉडल कहीं न कहीं छात्रों की प्रतिभा को लोगों के सामने लाने का काम करने के साथ साथ छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते हैं,इस अवसर पर शहर भर से जमा हुवे अतिथियों व अभिभावकों ने छात्र और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर ज़िला अल्पसंख्यक अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, मोहम्मद राहिल, हाफ़िज़ कमालुद्दीन, अबू अकरम क़ासमी, राशिद कमाल, फैसल हसन तबरेज़, डॉ क़मर अब्बास, अबू उबैदा, बादशाह एडवोकेट, मोहम्मद अज़ाम, आरिफ़ हबीब खान, अबुज़र शेख़, डॉ अज़मत खान, मसीहूज़्ज़ामां खान, मोहम्मद जाफर, शमीम अहमद, ख़ालिद एडवोकेट, अंसार अहमद खान, नेयाज ताहिर शेखू समेत जामिया ग्रुप के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# बच्चों द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (शाहगंज)** बड़े हर्षोल्लास से नौनिहालों द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गय। शनिवार को चकराज सहावै गाँव के कम्पोजिट विद्यालय में अभिभावकों व सम्मानित जनों की उपस्थिति में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया तत्पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना कर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कला संगीत के बीना शिक्षा अधुरी है ज्ञान के साथ संस्कार का होना बहोत आवस्यक होता है अगर जीवन में संस्कार व संगीत कला बीना शिक्षा होगी तो उससे शिक्षा का कोई मुल्य नहीं रह जायेगा। इस अवसर पर नोडल संकुल बुद्धि राम अशोक कुमार वीरेन्द्र कुमार रविन्द्र कुमार ओमप्रकाश वर्मा दर्शन लाल दिलिप कुमार राम आसरे कृष्ण मुरारी सुर्य नाथ यादव पवन गुप्ता ममता सोनी ना जमा खातून विरेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# अन्डर ट्रेनिंग आईपीएस ने सुनी फरीयाद, सात का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे क्षत्राधिकारी सदर अन्डर ट्रेनिंग आईपीएस शुभम अग्रवाल और जनता की फरियाद सुनी।

22 शिकायती प्रार्थनापत्र आए और कुल सात का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। और शेष सभी प्रार्थनापत्र का निस्तारण जांच कर किए जाने का आदेश दिया।

मुबारकपुर थाना परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें सी ओ सदर अन्डर ट्रेनिंग आईपीएस पहुंच कर जन शिकायती प्रार्थनापत्र को सुना और मौके पर जमीन विवाद से संबंधित कुल 22प्रार्थनापत्र आए। इनमें से सात का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। अवशेष सभी 15प्रार्थनापत्र का निस्तारण जांच कर करने का आदेश दिया ।उन्होने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण मेंकिसी तरह की लापरवाही न बरततें। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, चौकी प्रभारी सठियांव रत्नेश दूबे, एस आई सुरेश यादव राजस्व निरीक्षक अम्बरीश सिंह, लेखपाल आदि लोग उपस्थित थे।

# वर्तमान परिवेश में पंचायतीराज की उपादेयता एवं चुनौतियां विषयक कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पंचायत राज विभाग के समस्त घटक संगठनों के संयुक्त मंच पंचायत राज वेलफेयर एसोशिएशन उ0 प्र0 के बैनर तले वर्तमान परिवेश में पंचायती राज की उपादेयता एवं चुनौतियां विषयक एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें पूरे प्रदेश से आए पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक पंचायतीराज, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा एवं महामंत्री डॉ अखिलेश सिंह तथा अध्यक्षता पंचायत राज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपनिदेशक (पंचायत) एस.एन.सिंह ने किया। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज एक्ट 1947 से संचालित होने वाले विभाग के विभिन्न घटक संवर्गों यथा उपनिदेशक ( पं0 ) जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य जिला पंचायत, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन पंचायत राज के साथ ही ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों नें अपने संवर्गो की विसंगतियों तथा उसके समाधान की दिशा में तार्किक सकारात्मक सुझाव दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे



एस.एन. सिंह ने ग्राम्य विकास की तरह पंचायतीराज विभाग में भी जनपद स्तर पर प्रथम श्रेणी अधिकारी की नियुक्ति करने, विकास खंड एवं तहसील स्तर पर ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, कृषि सहकारिता तथा सांख्यिकी विभागों की तरह पंचायतीराज विभाग में विकास खंड स्तर पर स्थापित सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पदों को उच्चीकृत करते हुए द्वितीय श्रेणी उच्च स्तरीय अधिकारी का पद सृजित करनें, ग्राम पंचायत अधिकारी की शैक्षिक योग्यता स्नातक करनें, विकास खंड एवं मंडल स्तर पर विभागीय कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु लिपिक, कंप्यूटर आपरेटर एवं स्टोनोग्राफर कि नियुक्ति, सहायक विकास अधिकारी पं0 का पदनाम खंड पंचायत अधिकारी करनें सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाए जाने के साथ उनको पदोन्नति व्यवस्था किए जानें विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की। कार्यशाला में डीपीआरओ संघ के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी, मंत्री शास्वत आनंद सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सेवा संघ के अध्यक्ष चन्द्र किशोर वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष मैनेजर सिंह, महामंत्री कमल किशोर शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ से प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह, महामंत्री नागेन्द्र प्रताप कुशवाह, अपर जिला मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष बीके सिंह आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए संयुक्त रूप से पंचायतीराज विभाग के सभी संगठनों द्वारा अपनी मांग को लेकर पंचायतीराज वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन निदेशक पंचायतीराज को सौंपा। कार्यशाला में हजारों की संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत सेवा संघ के प्रदेश महामंत्री कमल किशोर शुक्ल ने किया।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चेंकिग अभियान

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर आजमगढ़।** प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगरपालिका की छापेमारी,आठ किलो प्लास्टिक जब्त, दो हजार दो सौ रु जुर्माना वसूला

मुबारकपुर नगर के रोडवेज चौराहा पर प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर नगरपालिका परिषद मुबारकपुर द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। ये अभियान नगरपालिका अवर अभियंता महाबीर भारती के नेतृत्व में चलाया गया जो मुबारकपुर रोडवेज चौक स्थित ठेले पर फल सब्जी बेचने एवं किराना वाले दुकानदारों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुछ दुकानदारों के पास से आठ किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जबतिकरण एवं दो हजार दो सौ रू जुर्माना वसूल किया गया। प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत नगरवासियों को जागरूक किया गया कि बाजार से खरीदारी करने के लिए प्लास्टिक का थैला का उपयोग बन्द कर घर से कपड़े का थैला साथ में लायें। प्लास्टिक का थैला पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। भारत सरकार प्लास्टिक का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद भी प्लास्टिक का उपयोग बन्द नहीं हो रहा है। सरकार की मन्शा के मुताबिक इस पर रोक लगाने के लिए मुबारकपुर नगर में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के तहत मुबारकपुर रोडवेज स्थित आसपास चेकिंग अभियान चलाया गया।

अवर अभियंता महाबीर भारती ने बताया की ये अभियान जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। इस टीम में शामिल मुख्य रूप से मोनू सिंह, सर्वजीत यादव, खालिद कमाल, वसी अहमद, सुमीत, दीपक आदि लोग मौजूद थे।

# अधिकारीगण अपने दायित्वों का करें निर्वहनः सांसद

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सांसद, आजमगढ़, अध्यक्ष दिनेश लाल यादव ''निरहुआ'' की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। सांसद ने सदस्यगणों को आश्वस्त करते हुए जनपद के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस बिंदु पर चर्चा की गई, उसे गंभीरता से संज्ञान में लेकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुए जनता से संबंधित समस्याओं का निस्तारण समय से सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों के लिए जारी की गई धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करायें। सांसद ने जल



जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत कराए जा रहे रोड कटिंग एवं पाइप डालने आदि कार्यों को सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप कराने एवं मिट्टी भराई को गुणवत्ता युक्त करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई करने एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, जर्जर विद्युत पोल एवं केबल को बदलने आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अध्यक्षध्सह अध्यक्ष एवं सदस्यगणों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियानध्मिड डे मिल, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीयध्ग्रामीण), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समेकित बाल विकास योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरीध्ग्रामीण), दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एकीकृत विद्युत विकास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएमकेएसवाई, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया।

इसी के साथ ही पूर्व में हुई बैठक की अनुपालन आख्या से अध्यक्षध्सह अध्यक्ष एवं सदस्यगणों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष दिनेश लाल यादव एवं सह अध्यक्ष श्रीमती संगीता आजाद सांसद लालगंज को आश्वस्त करते हुए कहा कि दिए गए सुझावों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए ससमय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने अध्यक्ष दिनेश लाल यादव को एवं मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने सह अध्यक्ष श्रीमती संगीता आजाद को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, विधायक निजामाबाद आलमबदी, विधायक अतरौलिया डॉ0 संग्राम यादव, विधायक मुबारकपुर अखिलेश यादव, विधायक मेंहनगर पूजा सरोज, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय कोरांव में नियुक्ति का मामला

# हाईकोर्ट के लोगो के साथ लगायें

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय कोरांव में नियुक्त शिक्षकों के वेतन अनुमन्यता निरस्त सम्बन्धी जिला विद्यालय निरीक्षक के निरस्तीकरण आदेश को उच्च न्यायालय ने रद्द करते हुए शिक्षकों के पक्ष में आदेश पारित किया है।

उक्त्त महाविद्यालय में फर्जी शिकायतकर्ता विनय कुमार द्वारा किये प्रवन्धकीय विवाद को लेकर शिक्षकों की नियुक्ति को अमान्य किये जाने हेतु फर्जी शिकायत की थी। विनय कुमार जिसने कि अपने आप को तथाकथित प्रबन्धक एवं प्रवन्ध समिति के कार्यकारिणी का फर्जी सदस्य बनकर शिकायत की थी को संज्ञान लेते हुए, व शिक्षकों के पक्ष को सुने बगैर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने आनन्द कुमार केशरी प्रबन्धक के प्रबन्ध समिति द्वारा नियमानुसार संबैधानिक रूप से नियुक्त शिक्षकों का दिये गये अपने ही आदेश दिनांक 28-08-2023 को पुनः अपने ही आदेश दिनांक 06-11-2023 द्वारा अपसंहृत कर लिया था।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पारित आदेश दिनांक 06-11-2023 से क्षुब्ध होकर शिक्षकों ने उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका योजित कर चुनौती दी। जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के आदेश दिनांक 06-11-2023 अनुचित एवं दूषित करार दिया और अपने आदेश दिनांक 18/12/2023 द्वारा रद्द कर दिया और अपने आपको फर्जी प्रबंधक बताने वाले विनय कुमार को प्रबन्धक मानने से इन्कार कर दिया। उक्त आदेश उच्च न्यायालय ने अखिल त्रिपाठी व अन्य की याचिका पर याची के तरफ से वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता अशोक खरे की दलीलों को सुनते हुए पारित किया है। उक्त आदेश से अपने आपको तथाकथित फर्जी प्रवंधक कहने वाले विनय कुमार के खेमें में निराशा एवं मायूसी छा गई है।

# बंगाल को जारी हुई कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त तनातनी के बीच केंद्र ने दिए 5,488 करोड़ रुपये

**हस्तांतरण**

**तमाम विरोध प्रदर्शन और मुलाकातों के बीच आखिरकार केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त के रूप में 5,488.88 करोड़ रुपये जारी किए हैं।**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल और केंद्र के बीच केंद्रीय पोषित योजनाओं के बकाए को लेकर चल रही तनातनी थमने के आसार दिख रहे हैं। बीते बुधवार को पीएम मोदी से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुलाकात की थी, जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि केंद्र जल्द ही बकाए पैसे देने पर फैसला दे सकता है।

तमाम विरोध प्रदर्शन और मुलाकातों के बीच आखिरकार केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त के रूप में 5,488.88 करोड़ रुपये जारी किए हैं। शुक्रवार को केंद्र ने कई सामाजिक कल्याण उपायों और बुनियादी ढांचे के विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए कर हस्तांतरण के रूप में सभी राज्यों को 72,961.21 करोड़ रुपये वितरित किए थे। केंद्र ने कहा कि यह 10 जनवरी, 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण किस्त के अतिरिक्त आता है। केंद्र 14 वार्षिक किस्तों में कर हस्तांतरण निधि का वितरण करता है।

**अन्य राज्यों का कितना हिस्सा**

नवीनतम आवंटन में उत्तर प्रदेश को सबसे बड़ा हिस्सा 13,088.51 करोड़ रुपये मिला। इसके बाद बिहार (7,338 करोड़ रुपये), मध्य प्रदेश (5,727.44 करोड़ रुपये), पश्चिम बंगाल (5,488.88 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (4,608.96 करोड़ रुपये), राजस्थान (4,396.64 करोड़ रुपये) और ओडिशा (3,303.69 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

**लंबित बकाए में किस मद का कितना**

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने बताया कि केंद्र द्वारा लंबित बकाए में लगभग 6911 करोड़ रुपये का मनरेगा भुगतान शामिल हैं। इसी तरह वेतन देनदारी का 3732 करोड़ रुपये और गैर-मजदूरी देनदारियों के 3179 करोड़ रुपये लंबित हैं। वहीं पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत 11,01,731 घरों के लिए भी केंद्रीय हिस्सेदारी जारी नहीं की गई है। साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत फंड भी नहीं जारी किया गया हैं।

बता दें कि केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार लंबित बकाए के मुद्दे पर रस्साकशी लंबे समय से जारी है। इस मुद्दे पर टीएमसी ने अक्तूबर में राजधानी दिल्ली में अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन भी किया था। वहीं केंद्र ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं में राज्य सरकार

# स्वैगर वाली स्वैग लेकर एक बार फिर से आ रही हैं लोगों के दिलों पर राज करने स्वाति शर्मा रंग पंजाब दे से

स्वैगर वाली गायिका स्वाति शर्मा एक बार फिर से सबके दिलों पर राज करने वाली हैं। अब तक उन्होंने जितने भी गानों को अपनी आवाज़ दी है, उनकी मख़मली और मधुर आवाज़ के मुरीद सभी हुए बग़ैर रह नहीं पाये हैं । और ऐसा हो भी क्यों ना जब भी वह किसी गाने को गाती हैं, बड़ी शिद्दत से वह पूरी अंतरात्मा से उस गाने को अपने सुर से संवार देती हैं। उनकी प्रतिभा और उनका जज़्बा उनके हर गाने में झलकता है, फिर चाहे वह किसी भी भाषा में हो।

बहुत ही कम समय में जिस तरह से स्वाति ने अपनी पहचान बनाई है म्यूज़िक इंडस्ट्री में, वो काबिल ए तारीफ़ है। और एक बार फिर से वह लोगों के दिलों पर राज करने जा रही हैं अपनी मेलोडियस आवाज़ से टेलीविजन के एक नये म्यूज़िकल शो÷ रंग पंजाब दे÷ से । इसी शो में अपने परफ़ॉर्मेंस के दौरान इन्होंने अपने म्यूज़िकल सफ़र के बारे में बताया और पुरानी यादों को साझा भी किया। उन्होंने इस दौरान शेयर किया कि किस तरह से उनकी शुरुआत जाने माने म्यूज़िक कंपोज़र तनिष्क बागची के साथ हुआ था



और कैसे उनके साथ जुड़ कर उन्हें काम करने का मौक़ा मिला। यह उनके लिए किसी संयोग से कम नहीं था जिनकी वजह से उन्हें बन्नो तेरा स्वैगर का हिस्सा बनने का मौक़ा मिला ।

बन्नो तेरा स्वैगर का हिस्सा बनने का मौक़ा उन्हें कैसे मिला और इस गाने ने कैसे उनकी साधारण म्यूज़िक करियर को एक नया आयाम दे दिया था और कैसे उन्हें फिर पीछे मुड़ कर देखने की ज़रूरत भी नहीं हुई इसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। इस गाने ने रातों रात चार्टबस्टर में जगह बना ली थी और स्वाति को रातों रात सिंगिंग सेंसेशन भी । यह गाना बौलीवुड की सुपरहिट फ़िल्म तनु वेड्स मनु रिटर्न्स का हिस्सा था और इस गाने को तनिष्क बागची और वायु ने कंपोज़ किया था जो कि अपने ख़ास किस्म के कंपोजिशन के लिए जाने जाते हैं । इस गाने को वायु ने ही लिखा भी था और इसे अपनी आवाज़ से बेहद उम्दा और जोशीले अन्दाज़ में अपनी आवाज़ से स्वाति ने ही संवारा था ।

बन्नो तेरा स्वैगर जैसे हिट गाने के अलावा भी स्वाति शर्मा ने और भी कई लोकप्रिय और हिट गाने गाये हैं और कई भाषाओं में गाए हैं।उनके लोकप्रिय गानों की फ़ेहरिस्त की बात करें तो तीतर बितर, रेल गड्डी और तुम जो गये का फ़ीमेल वर्जन भी गाया है । यह स्वाति शर्मा की आवाज़ का ही जादू है कि उनकी आवाज़ को केवल अपने देश में ही नहीं, सरहद पार पाकिस्तान में भी लोकप्रियता और सराहना मिली है और उनके गानों को विश्व स्तर पर पहचान मिली है। ऐसे में वाक़ई

## एयर इंडिया का पहला ए350 एयरबस विमान भारत पहुंचा, विमानन कंपनी ने रचो इतिहास

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने आधिकारिक तौर पर शनिवार को अपने पहले एयरबस ए350-900 की डिलीवरी ले ली है। इसके साथ ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने इस तरह के विमान का संचालन करने वाली पहली भारतीय विमानन कंपनी बनकर इतिहास रचा है।

एयरलाइन की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने आज वीटी-जेआरए पंजीकृत 20 एयरबस ए350-900 विमानों में से पहले विमान का स्वागत किया।

विमान फ्रांस के टूलूज स्थित एयरबस केंद्र से शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 01 बजकर 46 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के प्रतिनिधियों ने विशेष कॉल साइन एआई350 का उपयोग करके संचालित इस डिलीवरी उड़ान का स्वागत किया।

एयर इंडिया की वरिष्ठ कमांडर कैप्टन मोनिका बत्रा वैद्य, जो ए350 पर प्रशिक्षित होने वाले पहले कुछ भारतीय पायलटों में से एक हैं, एक पर्यवेक्षक के रूप में विमान पर सवार थीं।

एयर इंडिया भारतीय विमानन क्षेत्र में बदलाव के मामले में अग्रणी रहा है। विमानन कंपनी ने एक दशक से अधिक समय में भारत में पहली बार नई वाइड-बॉडी फ्लीट टाइप को अपने बेड़े में शामिल किया है। एयर इंडिया ए350 उड़ाने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। इससे पहले एयर इंडिया 2012 में बोइंग 787 ड्रीमलाइनर अपने बेड़े में शामिल करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन भी थी।

एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि यह पल एयर इंडिया में सभी के लिए एक यादगार दिन है। एयर इंडिया के सीईओ ने कहा, ÷ए350 सिर्फ धातु और इंजन नहीं है; यह हमारी एयरलाइन के निरंतर परिवर्तन और नए बेंचमार्क स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में सभी एयर इंडिया कर्मचारियों के अथक प्रयासों का नतीजा है। यह कई मायनों में विश्व मंच पर भारतीय विमानन उद्योग के बदलाव का आगाज है।

## फोन निर्माता वीवो इंडिया के तीन और लोग गिरफ्तार, पीएमएलए के तहत ईडी ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो और कुछ अन्य के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि तीनों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। तीनों लोगों की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है।

संघीय एजेंसी ने इससे पहले इस मामले में चार गिरफ्तारियां की थीं जिनमें मोबाइल कंपनी लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक हरि ओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग और चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक शामिल हैं। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में इन लोगों के खिलाफ दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष एक आरोप-पत्र भी दायर किया था और अदालत ने हाल ही में इसका संज्ञान लिया था।

## पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में 67,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** गुजरात के भरूच में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में कुल 67,000 रुपये के निवेश की संभावना वाले 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। %फ्यूचरकेम गुजरात¬ शेपिंग टुमॉरो केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्री% नामक यह कार्यक्रम भविष्य की पहलों पर चर्चा करने के लिए नीति निर्माताओं, चिकित्सकों और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों को एक छतरी के नीचे लेकर आया है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा, ÷गुजरात में जिस तरह से पेट्रोल और रसायनों का कारोबार हो रहा है, गुजरात इस उद्योग का केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। इसलिए, आज इस उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए 67 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह आयोजन विशेष रूप से राज्य के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र पर केंद्रित है। भारत के रसायन और पेट्रोकेमिकल निर्यात में सबसे अधिक हिस्सेदारी रखने वाला, गुजरात विशेष रसायनों के लिए देश के केंद्र के रूप में उभर रहा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की अपनी राजनीति से देश और गुजरात को बदल दिया है। गुजरात की डबल इंजन सरकार को पिछले 2 दशकों से पीएम मोदी के विजन का लाभ मिल रहा है। 2024 में, हम गेटवे टू द फ्यूचर के विषय के साथ वाइब्रेंट समिट का आयोजन कर रहे हैं। रसायन और पेट्रोरसायन उन क्षेत्रों में से एक है जो सतत आद्योगिक विकास को आगे ले जाते हैं। पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि गुजरात में औद्योगिक विकास होना चाहिए। इसके तहत रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत दुनिया के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में छठे स्थान पर है। भरूच में आयोजित कार्यक्रम स्थिरता, डीकार्बोनाइजेशन और विकास के आसपास केंद्रित है। इसके अलावा, स्टार्टअप और बिजनेस लीडर इस आयोजन के दौरान उद्योगों के लिए प्रासंगिक समाधान और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे।

देश भर में, यह महत्वपूर्ण क्षेत्र लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार देता है। 2017-18 में भारत में 94.6 अरब डॉलर के रसायन उद्योग में गुजरात का योगदान 31.5 अरब डॉलर था। इसी तरह कुल 137 अरब डॉलर के कोक और पेट्रोलियम उद्योग में गुजरात का योगदान 50.8 अरब डॉलर रहा।

भारत के कुल रसायन और पेट्रोकेमिकल निर्यात में गुजरात की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत है, जो भारत के कुल निर्यात का 5 प्रतिशत और गुजरात के कुल निर्यात का 27 प्रतिशत है। राज्य में चार रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 102 मिलियन टन प्रति वर्ष है। भारत के शीर्ष 10 निर्यात गंतव्यों में अमेरिका, चीन, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, इंडोनेशिया, ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और बेल्जियम हैं।

# डंकिन ने लखनऊ में अपने पहले स्टोर का भव्य उद्घाटन किया

**लखनऊ।** 100 प्रतिशत प्रीमियम अरेबिक कॉफी और स्वाद से भरपूर डोनट्स और रेडी-टू-ईट स्नैक्स परोसने वाली दुनिया भर में मशहूर कॉफी और बेकरी श्रृंखला डंकिन ने आज नवाबों के शहर लखनऊ में अपने पहले स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की यह नया स्टोर लखनऊ के लुलु मॉल में स्थित है जो अपने ग्राहकों को एक वाइब्रेंट और जिंदादिल माहौल देता है।

शानदार स्वाद वाली कॉफी, अच्छी गुणवत्ता और मूल्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाने वाली, डंकिन तेजी से बढ़ती कैफे की दुनिया में सभी की पहली पसंद बन गई है 50 से भी ज्यादा देशों में लगभग 13,500 से भी ज्यादा आउटलेट के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कॉफी श्रृंखला, डंकिन विशिष्ट रूप से पहुंच के साथ आकांक्षा को जोड़ती है जो अपने जीवंत नारंगी रंग, शानदार स्वाद और कैजुअल स्टोर वाइब के लिए प्रसिद्ध है। लुलु मॉल में इसके स्टोर




पर, ग्राहक एक आकर्षक माहौल में जो रेट्रो आकर्षण के स्पर्श के साथ आधुनिक सौंदर्य और कलात्मकता का मिश्रण है उसमें ताजा बेक्ड व्यंजन और स्वदिष्ट कॉफी का स्वाद ले सकते हैं, यह एक यादगार और स्वादिष्ट अनुभव के लिए बिलकुल सही जगह है। भारत में, डंकिन की जीत का श्रेय इसके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रेरित मेनू को दिया जाता है जो दिल से युवाओं को पसंद आता है। जिनमें सबसे खास डंकाचिनो रेंज या क्रिसमस पुडिंग डोनट है।

डंकिन का नया स्टोर सिर्फ एक कॉफी स्पॉट नहीं है, यह एक गर्मजोशी से भरे माहौल और सदैव स्वागत करने को आतुर सामुदायिक केंद्र की तरह है, एक ऐसी बेहतर जगह जहां परिवार और दोस्त एक साथ आते हैं। यह ब्रांड अद्भुत स्टोर अनुभवों के साथ ग्राहक अनुभव को बढ़ाता है। साथ ही डिलीवरी और टेकअवे विकल्पों की सुविधा भी देता है।

डंकिन अपनी काफी में मिठास के साथ - साथ जीवन में मिठास और सकारात्मकता भी लाता है। साथ ही यह सभी के साथ संबंध भी विकसित करता है। इसीलिए यह ब्रांड लखनऊ की कॉफी और बेकरी संस्कृति का एक अभिन्न अंग बनने के लिए तत्पर है। जैसा कि यह भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, उसमें लुलु मॉल में इनका स्टोर भारत में डंकिन के सफर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, जो अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय पाक अनुभवों का एक स्वादिष्ट मिश्रण दे कर इसकी सफलता में भरपूर सहयोग देगा।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय, चारबाग द्वारा आज निशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ,विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय उपस्थित थे .अतिथियों ने श्री हरभज चिकित्सालय द्वारा 32 वर्षों से अटल जी के जन्म दिवस पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित किए जाने की बहुत प्रशंसा करते हुए अस्पताल के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता और सभी ट्रस्ट के लोगों को एवं स्टाफ को बधाई दी। ट्रस्ट के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि आज शिविर में लगभग 425 मरीजों का नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण के लिए पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल, संयोजक सुशील अग्रवाल अरुण गुप्ता ,ललित गुप्ता,सिद्धार्थ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अप्रैल से नवंबर के दौरान घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 8.38% बढ़ा



**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 8.38 प्रतिशत बढ़कर 779.1 बिलियन यूनिट (बीयू) हो गया।

एक साल पहले की समान अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 718.83 बिलियन यूनिट रहा था। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में भारत का बिजली उत्पादन 7.71 प्रतिशत बढ़ा। तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोविड के बाद वाणिज्यिक गतिविधियों के फिर से शुरू होने के कारण कोयला आधारित बिजली उत्पादन में सालाना आधार पर 11.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

बिजली की बढ़ती मांग के बावजूद चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक सम्मिश्रण के लिए कोयले का आयात 44.28 प्रतिशत घटकर 1.516 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2.72 करोड़ टन था।

कोयला मंत्रालय ने कहा, यह कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता और कुल कोयला आयात को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार कोयले के उत्पादन को और बढ़ाने के अपने प्रयासों में दृढ़ है, जिसका उद्देश्य उपलब्धता बढ़ाना और आयातित कोयले पर निर्भरता को कम करना है, जिससे विदेशी भंडार की रक्षा हो सके।

# शालीमार गेटवे मॉल क्रिसमस के फेस्टिव सीजन में शॉपर्स के लिए लेकर आया शॉप एंड विन ऑफर

**लखनऊ।** लखनऊ का फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन शालीमार गेटवे मॉल क्रिसमस के फेस्टिव सीजन में शॉपर्स के लिए खास ऑफर और सजावट के लिए पूरी तरह तैयार है। मॉल ने 18 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 तक चलने वाले ÷शॉप एंड विन÷ ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत 2000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले शॉपर्स को लकी ड्रॉ के जरिए मॉल के प्रसिद्ध फैशन ब्रांड्स से 5000 रुपये मूल्य का फैशन वाउचर जीतने का मौका मिलेगा।

इसके अलावा, मॉल क्रिसमस के फेस्टिव सीज़न को यादगार बनाने के लिए बच्चो को एक जादुई क्रिसमस अनुभव देने के लिए भी तैयार है। मॉल को 23 दिसंबर 2023 से 25 दिसंबर, 2023 तक बच्चो के लिए विंटर वंडरलैंड थीम पर मनमोहक सजावट से सजाया गया है। इस दौरान मॉल में विभिन्न आयु वर्ग के लिए आकर्षक वर्कशॉप्स की एक श्रृंखला भी आयोजित की गई है।



विंटर वंडरलैंड वर्कशॉप्स में शामिल होने वाले शॉपर्स क्ले के सैंटा क्लॉज और स्नोमैन बनाने, क्राफ्ट मेकिंग, क्रिसमस ट्री सजावट और क्रिसमस कैप सजावट जैसे वर्कशॉप्स में भाग लेकर अपने लिए क्रिसमस को खास बना सकेंगे।

शालीमार गेटवे मॉल के सीनियर जनरल मैनेजर, श्री सुशील कुमार आहूजा ने बताया, हम एक बार फिर शॉप एंड विन ऑफर पेश करते हुए रोमांचित हैं, जो हमारे शॉपर्स को आकर्षक फैशन वाउचर जीतने का एक रोमांचक अवसर प्रदान कर रहा है। यह ऑफर हमारे शॉपर्स को उनके निरंतर समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद देने का एक माध्यम है।

आहूजा ने एक खास ऑफर का विवरण साझा करते हुए बताया, शालीमार गेटवे के शॉपर्स जो लखनऊ मेट्रो का गोस्मार्ट कार्ड इस्तेमाल करते हैं, उनके लिए विशेष ऑफर्स शुरू किए गए हैं। 699 की खरीदारी पर 100 का डिस्काउंट कूपन, 999 की खरीदारी पर 220 का डिस्काउंट और 1499 की खरीदारी पर 350 का डिस्काउंट कूपन मिलेगा। साथ ही, 500 शॉपिंग की रसीद दिखाने पर एक घंटे की निःशुल्क पार्किंग का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया, इस बार क्रिसमस पर हमारा लक्ष्य अपने शॉपर्स के लिए एक जादुई माहौल बनाना है, जो उनके लिए अविस्मरणीय बन जाए। हम शॉपर्स और उनके परिवारों को एक सुखद अनुभव प्रदान करना चाहते हैं, जिससे यह फेस्टिव सीजन वास्तव में उनके लिए खास अवसर बन जाए।

# छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य में दिखायी अपनी प्रतिभा

## विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के दूसरे दिन कबाड़ से जुगाड़ व हस्तकला की भी प्रस्तुति

**लखनऊ।** एनआरएलसी ट्रेनिंग सेन्टर, जानकीपुरम में चल रहे तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के दूसरे दिन विभिन्न स्कूलों के छात्र-





छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य और सम्भाषण अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया इसके साथ ही कबाड़ से जुगाड़ और हस्तकला का प्रदर्शन जारी रहा। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जनविकास महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव के दूसरे दिन की शुरूआत नन्हें बच्चों दर्श भागचन्दानी और दिव्यांश भागचन्दानी के वाद्य यंत्र वादन के साथ शुरूआत हुयी। इसके बाद देवांश श्रीवास्तव ने सांसो की जरूरत है जैसे जिन्दगी के लिये गीत की धुन बजाई। छात्रों की प्रतिभाओं के प्रदर्शन के बीच छात्रों और उनके अभिभावकों को जानकारी दी कि हर बच्चे को अपनी पढ़ाई के साथ कम से कम एक हाबी या निरन्तर एक्टीविटी में जरूर हिस्सा लेना चाहिए, इसके साथ ही मोबाइल के इस दौर में अभिभावकों को अपने बच्चों से निरन्तर संवाद को बनाये रखना चाहिये। इसके अलावा हरसिंगार स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन पिरामिड नृत्य किया। जबकि आईटी कालेज की कु. भूमिका सिंह ने महिला साक्षरता पर बेहतरीन भाषण दिया, साथ ही एक ऊर्जावान नृत्य कु. श्रेया द्वारा प्रस्तुत किया गया और महाराजा अग्रसेन विद्यालय के छात्रों की टीम ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। आज दूसने दिन हरसिंगार इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती आरती जोशी, संत एस राम इंटर कालेज की श्रीमती मिथिलेश कनौजिया, सिटी माण्टेसरी स्कूल की कई शिक्षिकायें और शिक्षक भी मौजूद रहे। इस मौके पर उत्सव के मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि उत्सव का समापन कार्यक्रम कल 24 दिसम्बर रविवार को अपराह्न दो बजे से आयोजित होगा।

## आरबीआई ने इस बैंक पर लगाया दो लाख रुपये का आरोप



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ठाणे जिला केंद्रीय सहकारी (टीडीसीसी) बैंक पर बैंक के एक निदेशक को ऋण मंजूर कर बैंकिंग नियमों के कथित उल्लंघन के लिए दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है आरबीआई ने अपने मुख्य महाप्रबंधक योगेश दयाल की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। रिजर्व बैंक ने 28 नवंबर को जारी आदेश में बैंकिंग नियमन (बीआर) कानून, 1949 की धारा 20 और 56 के उल्लंघन के लिए टीडीसीसी बैंक पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बीआर अधिनियम की धाराओं के तहत आरबीआई को दी गई शक्तियों के तहत यह जुर्माना लगाया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की ओर से 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक के वैधानिक निरीक्षण और निरीक्षण रिपोर्ट और सभी संबंधित पत्राचार की जांच से पता चला कि टीडीसीसी बैंक ने अपने एक निदेशक को ऋण मंजूर किया था। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

आरबीआई की विज्ञप्ति में कहा गया है कि नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप की पुष्टि हुई है।

# मीडिया एकादश को व्यापारी एकादश ने दी शिकस्त, फाइनल आज

**अवधनामा ब्यूरो**

○ स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का सातवां दिन


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, एसीएमओ डॉ. एसएन त्रिपाठी

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 16वें वर्ष आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन शुक्रवार को मीडिया एकादश और व्यापारी एकादश के बीच सद्भावना मैच खेला गया। इसमें व्यापारी एकादश ने मीडिया एकादश को तीन विकेट से शिकस्त दी। मैच के मैन ऑफ द मैच व्यापारी एकादश के उमेश वर्मा रहे।

मीडिया एकादश के कप्तान अशोक शुक्ल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में आए मुन्ना अली व सत्येंद्र पांडेय ने तेज शुरुआत की। सत्येंद्र पांडेय का विकेट गिरा तो सुनील यादव बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन वह कुछ खास नहीं कर सके और बिना खाते खोले आउट होकर पवेलियन की ओर चल दिए। इसके बाद खेलने आए प्रिंस तिवारी ने पारी को संभाला। इसी बीच मुन्ना अली का विकेट गिर गया। इससे मीडिया एकादश की टीम दबाव में आ गई। अंत समय में खेलने पहुंचे अजय साहा व वसी खान ने पारी को संभाल लिया। निर्धारित 20 ओवर के खेल में पांच विकेट खोकर मीडिया एकादश 126 रन का स्कोर बना सकी। जवाब में खेलने उतरी व्यापारी एकादश को पहले ओवर में ही पहला विकेट सज्जाद अली के रूप में गिर गया। सज्जाद के बाद खेलने आए उमेश वर्मा ने तेज बल्लेबाजी की और टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। 17वें ओवर की गेंदबाजी में तीन विकेट शेष रहते ही व्यापारी एकादश ने सद्भावना मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार उमेश वर्मा को दिया गया। अंपायरिंग सुरज यादव व विवेक गुप्ता ने की। कमेंट्री वैभव गुप्ता व स्कोरिंग बंटी कुशवाहा ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, एसीएमओ डॉ. एसएन त्रिपाठी, कवि अनूप मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार एसएन शुक्ल, पवन मिश्रा, संजय चाणक्य, केडी यादव, कुंदन मिश्र, राजकुमार गिरी, सतीश साहा, इंद्रजीत जायसवाल बबलू, पाली चौरसिया, लिंकन सिंह, सज्जाद अली, नीरज सिंह बिट्टू, गुड्डू अंसारी, विकास जायसवाल, रितेश मल्ल, अभय प्रताप सिंह, आजाद अली, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विकास वर्मा, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात प्राथमिक विद्यालय जयरामपुर में चोरों ने ताला तोड़कर स्कूल का सारा सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। शनिवार की सुबह प्राथमिक विद्यालय जयरामपुर के शिक्षक जब स्कूल पहुंचे तो ताला टूटा पड़ा हुआ था स्कूल के कमरे खुले हुए थे। प्रधानाध्यापक कक्ष में रखें खेल सामग्री और गैस सिलेंडर के साथ राशन सामग्री भी गायब थी। प्रधानाध्यापक रामदेव पांडेय ने विद्यालय में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र अमिता कुमारी ने बताया कि जब हम सब सुबह 9:45 बजे विद्यालय पहुंचे तो स्कूल का ताला टूटा हुआ था। प्रधानाध्यापक के कक्ष के साथ रसोई घर व अन्य कमरों की भी ताले टूटे हुए थे ।स्कूल से खेलकूद सामग्री के साथ गैस सिलेंडर बर्तन और राशन सामग्री भी गायब थी जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दी है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा थाना कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित अवधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा लेखपालों द्वारा बनाए भूमि विवाद रजिस्टर की जांच की गई तथा सभी ही लेखपालों को अनिवार्य रूप से भूमि विवाद रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए साथ उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया सभी ग्राम पंचायतों में लेखपालों, सेक्रेटरी, बीट सिपाही रोजगार सेवक, पंचायत सहायक तथा अन्य कर्मचारी नियत तिथि को उपस्थित होकर पंचायत दिवस का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्या यथा वरासत, भूमि विवाद के प्रकरण आदि नोट कर उसे निस्तारित करेंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने शिकायत निस्तारण पंजिका का भी अवलोकन किया तथा प्रार्थना पत्र कपिलदेव ग्राम काटी में पड़े आवेदन के निस्तारण आख्या की गुणवत्ता की जांच की। प्रकरण में क्षेत्रीय लेखपाल शालिनी के द्वारा उचित जानकारी नहीं देने पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही करने हेतु उपजिलाधिकारी पडरौना को निर्देशित किया। ईओ पडरौना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने तथा प्रत्येक थाना दिवस पर सभी ईओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में कुल 8 आवेदन पत्रों में 02 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा अवशेष 06 आवेदन पत्रों को सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

## राम भक्त ले चले राम की निशानी: ओंकार राव

**तरकुलवा देवरिया।** जिस वक्त के लिए विपक्ष राजनीति करती थी आज वह वक्त पूरा हो रहा है।आज हमारे महा पुरुषोत्तम राम अपने अयोध्या जन्म भूमि को प्राप्त कर रहे हैं। जिसके लिए आगामी 22 जनवरी को कौन सा नजर अयोध्या में होगा इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। अनेकों गीत इस पर सुना जा चुका सुना है मंदिर अब बनने लगा है, लेकिन यह लग रहा है कि मंदिर अब बन चुका है अब हमारे प्रभु श्री राम निश्चित ही अपनी अयोध्या में आने वाले हैं। इसी परिकल्पना को लेकर के आज तरकुलवा में विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शोभायात्रा आज संतों के रूप में भी विकासखंड तरकुल में देखने को मिला संतो के समारोह को लेकर के चल रहे भिसावा मंदिर के मठाधीश बालक दास के साथ अनेकों संत यात्रा में चल रहे थे। जबकि उक्त कार्यक्रम के आयोजन दुर्गेश राव, स्वामीनाथ पटेल, विधानसभा विस्तारक विवेक पांडे, दिवाकर राव, ग्राम प्रधान ओमकार राव सत्येंद्र गुप्ता ने अपने नेतृत्व में उक्त यात्रा का संचालन किया।

# नौकरी दिलाने के नाम जिला पंचायत सदस्य ने की 17 लाख की ठगी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** लोक निर्माण विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर जिला पंचायत सदस्य द्वारा 17 लाख रुपये की ठगी करने मामला प्रकाश में आया है। मामला जनपद के कसया थाना क्षेत्र का है। पीडित ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर ठगी करने वाले जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाया है। कसया थाना क्षेत्र के भैंसहा निवासी गिरिजेश राय पुत्र जयनरायण ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में कहा है वह और उनके नजदीकी मित्र पंकज राय पुत्र स्वर्गीय दुर्जन राय व नितेश गुप्ता पुत्र नकछेद गुप्ता जो सभी एक ही गांव के शिक्षित बेरोजगार है। हम सभी को लोक निर्माण विभाग मे नौकरी दिलाने के नाम पर कसया थाना अंतर्गत सिरसिया खोईया गांव के निवासी व जिला पंचायत सदस्य नितिश कुमार यादव पुत्र विगा यादव ने 17 लाख रुपये लिया है। पत्र में कहा गया है नितिश यादव ने उन लोगो से कहा कि लोक निर्माण विभाग में उनके नजदीक अधिकारी है जुगाड़ बहुत अच्छा है आप सभी का नौकरी लग जायेगा। इसके लिए पहले संविदा पर नियुक्त होगी फिर उसके बाद नियमित व स्थाई हो जायेगा। पीडित ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य नितिश ने उन सभी को अपने लाग-लपेट बातो से विश्वास मे लेकर कुल 17 लाख रुपये नगद व मार्कशीट ले लिया लेकिन पांच साल बीत गये आज तक हम लोगो को नौकरी मिला। इसके बाद वे लोग नितिश यादव से अपना रुपये मांगने लगे, पहले तो नितिश रुपये वापस करने के लिए समय-पर- समय देते रहे ऐसे वादा करते हुए पांच साल बीत गये। अब रुपये मागने पर नितिश अंजाम भुगतने का धमकी दे रहे है। गिरिजेश राय ने पत्र मे कहा कि नितिश यादव को दिये रुपये की बकायदे विडियो व आडियो भी है। पीडित ने एसपी से नौकरी के नाम ठगी करने वाले नितिश यादव के खिलाफ अपने स्तर से जाँच कराते हुए मुकदमा दर्ज कर बेरोजगारी की गाढ़ी कमाई वापस दिलाने की गुहार लगायी है।

# सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे से लैश है स्ट्रांग रूम: जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित सुरक्षित निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में रखे कंट्रोल यूनिट ईवीएम, वीवीपैट के बारे में जागरूक करते हुए आगामी चुनाव के दृष्टिगत एफएलसी के तीनों चरणों के तहत कराए जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सभी उपस्थित राजनैतिक दलों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, आगंतुक रजिस्टर के बारे में भी बताया।उन्होंने कहा की वेयर हाउस के सभी स्ट्रांग रूम कैमरे से युक्त है तथा पूर्णतः सुरक्षित है।

सुरक्षा के दृष्गित कर्मियों को ड्यूटी भी लगाई गई है। आने वालों आगंतुकों के लिए पंजिका भी है जिसपर हस्ताक्षर और पूरी जांच के उपरांत ही प्रवेश के अनुमति मिलती है। ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्गित सभी राजनैतिक दलों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के कड़े इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में एफएलसी के प्रथम चरण का पूर्ण कार्य किया गया है तथा इसकी सूची सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। ईवीएम का रखरखाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के संबन्ध में भी निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथवार बीएलए की सूची देने का अनुरोध भी किया गया। जिलाधिकारी ने निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान कराने हेतु शुद्ध मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05-01-2024 को किया जाएगा, जिसे तैयार किए जाने के लिए सभी राजनैतिक दलों से सहयोग का आह्वान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे महान कार्य निर्विवाद चुनाव कार्य सम्पन्न कराना है, तथा उसका महत्वपूर्ण कार्य शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है।

## स्मृति दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मोतीचक क्षेत्र के कंपोजित विद्यालय मंगलपुर में शनिवार को गोविंद सिंह साहिब एवं उनके चार साहिबजादो की स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोलई प्रसाद प्रजापति ने कहा कि मुग़ल शासकों द्वारा किए जा रहे अन्याय एवं अत्याचार के विरोध में सिख समुदाय के दसवें गुरू गोविंद सिंह साहिब ने समुदाय का खुल कर साथ दिया। उनकी बुद्धि, विवेक, शालीनता, तेज, शूरवीर एवं पराक्रम की चारों तरफ चर्चाएं थी। उनके द्वारा अन्याय के खिलाफ किए गए संघर्षों एवं उनके जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा गुरू गोविंद सिंह साहिब एवं उनके चार साहिबजादो की स्मृति दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे विद्यालय परिवार के छात्र एवं छात्राओं तथा सम्मानित शिक्षक प्रेमसागर, अरविंद, उमेश सिंह, आशा सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

## किसानों के सच्चे हितैषी थे चौधरी चरण सिंह: साधना



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से किसान दिवस पर एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने उन्नतशील कृषि के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैसी थे।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों का जिक्र किया। किसान धीरज शुक्ल को फाउंडेशन की ओर से उन्नतशील कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कृषक गोष्ठी में कई किसानों ने वर्तमान समय में किसानों के सामने उत्पन्न कठिनाइयों पर खुलकर संवाद किया। इस मौके पर श्रीनाथ शुक्ल सुनील त्रिपाठी श्रीनाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत के लिए गरीबों महिलाओं किसानों और समाज के वंचित वर्गों का सशक्तिकरण आवश्यक



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास क्षेत्र बैतालपुर के ग्राम सभा बलुआ में पहुंची। इस दौरान यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता एस एन सिंह ने सर्वप्रथम विभागों के कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों से अपने विभाग एवं योजनाओं को पूछा भी, अन्य योजनाओं को भी साझा किया। मुख्य अतिथि एस एन सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आम आदमी के सपनों को पूरा करने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का प्रतीक है, मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी का मतलब विकसित भारत बनने की गारंटी, सुशासन की गारंटी, सरकार की टाइम बाउंड डिलीवरी की गारंटी, सामाजिक न्याय और गरीब की गारंटी है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत की गारंटी, आत्मनिर्भर भारत की गारंटी है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार जनता के द्वार से है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं से लाभान्वित करना है। कहा कि विकसित भारत और विकसित देवरिया के लिए गरीबों महिलाओं किसानों और समाज के वंचित वर्गों का सशक्तिकरण आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है।

# सहजानंद राय ने किया नमो ऐप अभियान का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** शहर के हनुमान मंदिर प्रांगण में नमो ऐप का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने किया। उन्होंने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है नमो ऐप एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से सरकार की योजनाओं को कोई भी देख सकता है। पार्टी नमो ऐप डाउनलोड करने के लिए एक अभियान चला रही है जिसमे जिले के साढ़े तीन लाख लोगों से यह ऐप डाउनलोड कराया जायेगा, नमो एप बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के कार्यकर्ता सभी मोर्चो और प्रकोष्ठें के कार्यकर्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के समर्थक इसको डाउनलोड करें यह प्रयास पार्टी के द्वारा किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के 2 करोड नए लोगों को इस ऐप को डाउनलोड कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है पूरे देश में लगभग 14 करोड़ भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं और विश्व का सबसे बड़ा दल भाजपा है आज के परिवेश में तकनीकी संसाधनों का महत्वपूर्ण योगदान है तकनीकी के माध्यमों से आम लोगों को जोड़कर 2024 का चुनाव पार्टी प्रचंड बहुमत से जीते यही हम सब का प्रयास है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अतः सभी कार्यकर्ता साथियों से आग्रह है कि आप लोग अधिक से अधिक लोगों को नमो ऐप से जोड़ें। सदर सांसद रामापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में हम सबका ये प्रयास है कि समाज का हर व्यक्ति डिजिटल तकनीकी के माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करे उसमे नमो ऐप एक उत्कृष्ट साधन है जिससे जुड़ कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जाना जा सकता है। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर है नई नई तकनीकियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कर रहे हैं।

नमो ऐप के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नमो ऐप के माध्यम से पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार जो भी कार्यकर्ता अधिक से अधिक करेगा उसको ऐप के माध्यम से अंक प्रदान किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी उसको सम्मानित करेगी तथा पूरे देश में पांच ऐसे कार्यकर्ता जो नमो ऐप के माध्यम से चयनित किए जाएंगे जिनको नमो एंबेसडर कहा जायेगा और उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं का भी सम्मान होता है ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता है और वह पार्टी की रीतियों और नीतियों से प्रभावित होकर उत्साह पूर्वक जुड़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता एसएन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी, नीरज शाही, सिंह, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, राजेश मिश्र, प्रमोद शाही, अजय शाही, मारकंडे तिवारी, अजय उपाध्याय,सीपी सिंह, अरविंद पांडे, पवन मिश्रा, अंकुर राय, संजय पांडे, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, निर्मला गौतम, भारती शर्मा,आराधना पांडे, आशा ओझा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेण्टा बनकर पुलिस अधीक्षक से मिले नौनिहाल



**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के रामनगर स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल के प्री-प्राइमरी के नौनिहालों ने क्रिसमस डे मनाया। बच्चों का आठ सदस्यीय दल सेण्टा का वेश बनाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज पहुंचा। सेंटा बने नन्हे छात्रों ने एसपी डॉ इलामारन जी से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। एसपी डॉ इलामारन जी ने सभी बच्चों से स्नेह भाव से भेंट की और उन्होंने बच्चों को चाकलेट देते हुए क्रिसमस डे की शुभकामनाएँ दी। साथ ही बच्चों को उनके बारे में सवाल पूँछते हुए देश के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहने और राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित भी किया। बच्चों ने सेंटा के वेश में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों व फरियादियों को अपने हाँथों से उपहार स्वरूप चॉकलेट बाँटे। इस अवसर पर नौनिहालों के साथ उनके शिक्षक पूजा सिंह और हिमांशु पाठक उपस्थित रहे।

# अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में बच्चों दिखाए कौशल

**अवधनामा संवाददाता**



**गौरीगंज (अमेठी)।** सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय में अंतर विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 21 और 22 दिसंबर को हुआ। इस खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई विद्यालयों ने हिस्सा लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज एमजेएस गौरीगंज और बचपन स्कूल गौरीगंज के बच्चो ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ जयपुरिया विद्यालय की निदेशक मंजू मिश्र के द्वारा मशाल जलाकर किया गया । प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में जयपुरिया विद्यालय के बच्चों ने नृत्य गीत आदि का प्रदर्शन किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से दौड़ लंबी कूद गोला फेंक कबड्डी वॉलीबॉल आदि हुए। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के 14 वर्ष आयुवर्ग की बालिका प्रतिस्पर्धा में जवाहर नवोदय विद्यालय की वैष्णवी श्रीवास्तव ने तथा बालक वर्ग में एमजेएस विद्यालय गौरीगंज के छात्र मोहम्मद अरिज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 आयु वर्ग के बालिका मुकाबले में एमजेएस विद्यालय की नंदिनी सिंह एवं बालक वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा में 14 आयुवर्ग के बालिका मुकाबले में संस्कार ग्लोबल विद्यालय की ज्योति पांडे तथा बालक वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय के चित्रांग पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष आयु वर्ग के बालिका मुकाबले में एमजेएस विद्यालय की ऋतु दुबे तथा बालक वर्ग में एमजेएस विद्यालय के छात्र अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के 14 वर्ष आयु वर्ग के बालिका मुकाबले में एमजीएस विद्यालय की दीपांशी ने तथा बालक वर्ग के मुकाबले में संस्कार ग्लोबल विद्यालय के अनुकल्प सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## आईजीएल द्वारा बॉलीवुड गीतकार को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत

**गोरखपुर।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने गोरखपुर शहर के प्रसिद्ध होटल में आयोजित दो दिवसीय लिटरेरी फेस्ट के शब्द संवाद में बीस हजार रुपए का सहयोग किया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने आयोजन समिति को चेक समर्पित किया और कहा की शहर को नया आयाम देने में प्रबुद्ध जनों के प्रयासों की हम जितनी सराहना वंदन करे वह कम है। औद्योगिक इकाईयां गोरखपुर की तस्वीर बदल रही है। इसके साथ डॉ एसके मिश्रा ने कहा की आईजीएल द्वारा सदैव जनहित में कार्य कराए जा रहे है और भविष्य में भी कम्पनी सदैव शहर के विकास में अपनी महती भूमिका इसी तरह निभाती रहेगी। इसके साथ ही एस के मिश्र ने आयोजन समिति के प्रति धन्यवाद समर्पित किया और इसके साथ ही उन्होंने भोला सिंह के प्रति भी आभार जताया।

# प्रदेश संयुक्त मंत्री बनाए जाने पर शिक्षकों ने दी बधाई



**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के सम्पन्न हुए प्रादेशिक चुनाव में श्रीनिवास शर्मा को लगातार दुसरी बार प्रदेश संयुक्त मंत्री तथा कलमदानी सिंह को लगातार चौथी बार प्रदेश संयुक्त मंत्री बनाये जाने पर शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।शिक्षकों ने निर्विरोध निर्वाचित शिक्षक नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इससे संगठन को काफी मजबूती मिलेगी तथा शिक्षक हितों की रक्षा होगी। श्रीनिवास शर्मा एवं कलमदानी सिंह के प्रदेश संयुक्त मंत्री बनाये जाने पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिलामंत्री छेदी प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष मु जाकिर, ऐजुलहक, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, पारसनाथ साहनी, अमरनाथ यादव, शंभू यादव, देवेन्द्र ओझा, राजू सिंह, अजय सिंह, राजेश प्रसाद, ज्ञानचंद तिवारी, बबलू जायसवाल, रामप्रकाश शर्मा, अंजनी सिंह, नारायण प्रसाद, कृपाशंकर चौधरी, अजय शर्मा, मिनहाज अहमद सिद्दिकी, विरेन्द्र कुशवाहा, सैयदा जहांआरा खातून, बिजुली प्रसाद, बिहारी प्रसाद यादव, सर्वेश शर्मा, सऊद आलम, मनोज राय, आदि ने निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## ज्योति महोत्सव में बच्चों ने दिखाये हुनर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ज्योति महोत्सव में दूसरे दिन स्पोर्ट्स कार्यक्रम में पहुंचे पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है। खेल से शरीर के साथ साथ मानसिक एवं सामाजिक विकास होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई जितनी आवश्यक है। उतना ही खेल, इसलिए आप सब खेलों में अवश्य ही भाग ले। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इस दौरान सुमनोहर स्वागत नित्य प्रस्तुत करके छात्रों ने सबको तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रबन्धक अजय प्रकाश यादव और प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव ने अथितियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया। सिनियर बालक एवम बलिका वर्ग के कबड्डी मैच का उद्घाटन विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मैच की विजयी गंगा हाऊस रहा। जबकि सिनियर बॉलीबॉल की विजयी सरस्वती हाऊस रहा। अन्य रोमांचक खेलों में बनाना रेस म्यूजिकल चेयर रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ने कल के खो खो मैच के विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया।

# नरेंद्र मोदी के विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने का सपना जल्द होगा पूरा: राजेश

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का पंचायत भवन परेवाखान में आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामसभा परेवाखान के पंचायत भवन पर आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन रिसिया भारतीय जनता पार्टी के नेता राजेश निगम रहे जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रिसिया हेमंत वर्मा द्वारा की गई एडीओ पंचायत चित्तौरा अशोक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान विभागो द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा एलईडी वैन से लोगों को जागरूक करने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण होता रहा इस दौरान भरी संख्या में परेवाखान इटकौरी सहित आस पास के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती जी की के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद प्राइमरी विद्यालय इटकौरी सिसई सलोन अतरहरी संविलियन विद्यालय परेवाखन के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गीत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बाल विवाह आदि कार्यक्रमों को बहुत ही अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया गया जिसका उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया और मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया।इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग,आवास, राशन कार्ड,आधार कार्ड, स्वक्ष जल जीवन मिशन वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित लोगों को मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए।अपने संबोधन में श्री निगम ने सरकार की योजनाओं की बिंदुवार जानकारी लोगो तक पहुंचाते हुए कहा कि सरकार आम जन के उत्थान के लिए सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है सरकार हिंदू मुस्लिम की भावना से कार्य न करते हुए सभी को विकसित करने का संकल्प लिया है जब तक हर व्यक्ति विकसित नहीं होगा देश विकसित होकर विश्व गुरु नही बन पाएगा इसीलिए सरकार की मंशा इस यात्रा को जनता के द्वार द्वार तक भेज कर सभी को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए संपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा रही है।इस दौरान अरविद गुप्ता मंडल महामंत्री हलीम अहमद अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल मंत्री शिलाजीत तिवारी दाता राम वर्मा जिला प्रधान संघ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी एडीओ पंचायत अशोक श्रीवास्तव एडिओ महिला ज्योति सिंह एडीओ समाज कल्याण सुलतान अहमद पंचायत सचिव यासिर शकील ग्राम प्रधान परेवाखान इटकौरी मकोलिया सहित समस्त विभागो से आए अधिकारियों जनप्रतिनिधियों आदि के साथ साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय के एमडीएम शामिल होगा मशरूम

**बहराइच।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 04 विकास खण्डों में संचालित परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम में मशरूम की सब्ज़ी परोसे जाने के लिए किसान दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग ने सुहेलदेव एग्रो कृषक उत्पादक संगठन पयागपुर व शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन चित्तौरा के साथ एमओयू साईन किया है। कृषि विभाग व बिल मिलिन्डा गेट्स फाउंडेशन बीएमजीएफ़ के टेकनिकल सपोर्ट यूनिट द्वारा इस कार्य में बेसिक शिक्षा विभाग को सहयोग प्रदान किया जायेगा। हरियाली रिसार्ट में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर की मौजूदगी में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी तथा कृषक उत्पादक संगठन पयागपुर व शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन चित्तौरा के प्रतिनिधियों के बीच एमओयू साईन किया गया।

# मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री की जयन्ती



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह के 121 वीं जयंती दिवस पर किसान सम्मान दिवस एवं मिलेट्स पुनरोद्धार अन्तर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम कार्यशाला में द्वितीय दिवस का अयोजन कल्याण सिंह सभागार (आडोटोरियम) में आयोजित किया गया।

शुभारम्भ राज्यमंत्री प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रारम्भ में सीडीओ द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सर्वप्रथम कृषि विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डीडी कृषि बसन्त कुमार दुबे द्वारा बीज शोधन के अन्तर्गत मटका विधि से बीज शोधन के बारे में बताया गया एवं कृषि रक्षा रसायनों के छिडकाव करते समय बर्ती जाने वाली सावधानियों को सेफ्टी किट का उपयोग करके बताया गया साथ ही बीज शोधन एवं भूमि शोधन में जैविक फफूँदीनाशक ट्राईकोडर्मा एवं ब्यूवेरिया बैसियाना के उपयोग के बारे में बताया गया, मृदा परीक्षण एवं जैविक खेती के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, इसके बाद इफको, मत्स्य, बीमा कम्पनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस ,उद्यान, पशुपालन , किसान पंजीकरण, एवं प्रदर्शन हेतु रखे गये विभिन्न कम्पनियों के यंत्रों का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद किसान सम्मान समारोह हेतु मंच का संचालन महावीर प्रसाद दीक्षित सेवा निवृत्त अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा किया गया। मंच पर सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डा.मुकेश चन्द्र द्वारा फसल चक्र एवं फसल निगरानी से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। कीरत बाबा द्वारा कृषक समस्याओं को रखा गया।

## गल्ला व्यापारी गाड़ी से फिसल कर गिरा, हुआ बेहोश

**ललितपुर।** शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे गल्ला मण्डी से अपनी फर्म बंद करके घर लौट रहे गल्ला व्यापारी बाइक स्लिप होने से गिरकर बेहोश हो गया। व्यापारी के साथ करीब साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक की रकम थी। लेकिन इंस्पेक्टर जर्नादन यादव व सदर चौकी इंचार्ज अंकित कौशिक की सूझबूझ और चेतक पर तैनात आरक्षी सुशील और आरक्षी धीरेन्द्र की तत्परता से जहां एक ओर घायल होकर बेहोश पड़े गल्ला व्यापारी के प्राण बचाये गये तो वहीं दूसरी ओर उसकी रकम को भी सुरक्षित करते हुये सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस कार्य की आमजन में खूब सराहना हो रही है। गौरतलब है कि नवीन गल्ला मण्डी में फर्म मेसर्स अभिषेक कुमार अमित कुमार के संचालक पंकज जैन पुत्र देवेन्द्र कुमार प्रतिदिन की भांति अपनी फर्म बंद करके शहर के मोहल्ला बाहुबलिनगर स्थित अपने आवास की ओर हाई-वे से जा रहे थे। सी बीच कैलगुवां चौराहा के पास उनकी मोटर साइकिल अचानक से स्लिप होकर गिर गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गये। इसी बीच चेतक पर गश्त कर रहे सिपाहियों को इसकी सूचना लोगों से मिली।

# किसान दिवस पर विधायक व डीएम के हाथों सम्मानित हुए अन्नदाता

**05 एफपीओ को सौंपी गई ट्रैक्टर की चाभी**

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस 23 दिसम्बर के उपलक्ष में हरियाली रिसार्ट में प्रसार सुधार (आत्मा) योजना अंतर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी, गोष्ठी एवं जैविक मेला के अवसर पर जनपद के सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले 31 किसानों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वाले किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार की धनराशि प्रेषित की गई। किसान दिवस के अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व डीएम ने सीडीओ रम्या आर के साथ कृषकों को प्रशस्ति पत्र तथा 05 कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशकों को सी-2 योजना के तहत ट्रैक्टर की चाभी भेंट की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी किसानों के कल्याणार्थ दृढसंकल्पित हैं। केन्द्र व राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय दोगुनी हो तथा उनके चेहरे पर खुशहाली आये। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार द्वारा जहॉ एक ओर किसानों को समय से खाद, बीज व पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है वहीं दूसरी ओर उन्हें उनकी उपज का वाज़िब मूल्य भी दिलाया जा रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने कहा कि जिले के प्रगतिशील, कर्मठ एवं लगनशील किसान आज ऐसे व्यक्ति की याद में बैठे हैं, जिसने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों की खुशहाली के लिए संघर्ष करते हुए बिता दिया। श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों को पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यान्वित कराया जा रहा है। साथ ही किसानों की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। विधायक महसी ने कृषकों का आहवान किया कि प्रगतिशील किसानों से अनुभव लेकर खेती में उच्च तकनीक को अपनाकर अपनी आय को दोगुना करने का प्रयास करें तथा बाज़ार की मांग के अनुसार अपनी खेती में लचीलापन लायें।

# माई छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस-डे

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** माय छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेंट पब्लिक स्कूल में शनिवार को शीतकालीन अवकाश से पहले क्रिसमस का पर्व बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन स्कूल के डायरेक्टर अशोक सेन, पत्रकार देवेंद्र साहू, प्रधानाचार्या आराधना शर्मा, रानी कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या आराधना शर्मा ने प्रभु ईशु के त्याग व आदर्शो व जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि हमें भी उनके जीवन के त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पवित्र शास्त्र बाइबल का पाठ शिक्षिका मोहनी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रेयर डांस, वेलकम डांस, स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। माई छोटा स्कूल के डायरेक्टर अशोक सेन ने कहा कि प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिन पूरी दुनिया में धूमधाम से बनाया जाता है। वैश्वीकरण के दौर में त्यौहार की संस्कृति भी अपनी सीमाएं लांघ चुकी है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का संदेश आपस में खुशियां बांटना, खुश रहना, प्रेम व भाईचारा फैलाना है। देवेंद्र साहू ने कहा कहा कि क्रिसमस के त्यौहार का मुख्य मकसद है बुराई को खत्म करना और अच्छे विचारों को एक दूसरे में फैलाना। हर किसी के प्रति दया का भाव रखना। शिक्षिका रानी कुशवाहा द्वारा क्रिसमस पर्व के महत्व को बताया गया। इस दौरान प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके बाद अंत में बच्चों को कई तोहफे व चॉकलेट्स दिए गए।

# विशेष सचिव ने की राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** राजस्व, चकबन्दी और आपदा सम्बंधी कार्यो की समीक्षा हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन राम केवल ने जनपद भ्रमण के दौरान देवी पाटन मण्डल के राजस्व व चकबन्दी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान राजस्व व चकबन्दी वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर राजस्व व चकबन्दी वादों के निस्तारण की समीक्षा मण्डल स्तर पर की जा रही है। बैठक के दौरान विशेष सचिव श्री राम केवल ने देवी पाटन मण्डल के जनपद बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती में राजस्व व चकबंदी यादव के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पांच वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों का अभियान चलाकर गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। राजस्व व चकबंदी वादों के निस्तारण के शासन स्तर से समीक्षा की जा रही है। उन्होनें कहा कि वादों के निस्तारण में बिलम्ब के कारणों की समीक्षा कर उसका निराकरण कराते हुए यथाशीघ्र वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।

# गैंग रेप के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के कोर्ट ने दिए आदेश

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** युवती से गैंगरेप मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित सिंह की अदालत ने संज्ञान लिया है।कोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म एवं मामले से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ कुड़वार थानाध्यक्ष को तीन दिन के भीतर मुकदमा दर्ज कर कोर्ट को सूचित करने एवं निष्पक्ष जांच के लिए आदेश दिया है।अदालत ने पैरोकार के माध्यम से आदेश के प्रति संबंधित थाने को अविलंब प्रेषित करने एवं आदेश की प्रति जीडी में अंकित करने का आदेश दिया है। थाने व एसपी ऑफिस से सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली थी।

कुड़वार थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय पीड़िता ने बीते 26 नवंबर की घटना बताते हुए कोटिया गांव के रहने वाले अरबाज एवं उसके साथी उस्मान के खिलाफ पिस्टल के दम पर डराकर गैंगरेप करने का आरोप लगाते हुए अर्जी दिया था।मामले में आवाज उठाने पर पीड़िता पर तेजाब डालकर बर्बाद कर देने एवं पारिवारी जनों को गोली मारकर खत्म कर देने की धमकी दी गई थी।प्रकरण की शिकायत लेकर आरोपियों के घर पीड़िता की मां गई, तो आरोपी अरबाज की मां कैसरी बानो एवं उसके बड़े पिता मो. शकील के जरिए गाली-गलौज देने व धमकी देने का आरोप लगाया है।आरोप के मुताबिक मामले में पीड़िता ने थानाध्यक्ष कुड़वार से शिकायत की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।बीते दो दिसंबर को पीड़िता ने एसपी को भी जरिये रजिस्ट्र डाक घटना की सूचना दिया था। लेकिन वहां से भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। पुलिस की कार्यशैली से निराश होकर पीड़िता ने कोर्ट की शरण लिया था।

# गीता ज्ञान के माध्यम से ही जीवन दर्शन व मोक्ष संभव: राजनारायण

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में बीस दिवसीय प्रथम स्तरीय संस्कृत भाषा शिक्षण कार्यशाला का आभासी माध्यम से गूगल मीट के माध्यम से बौद्धिकसत्र सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षु सोमेश्वर वाजपेयी ने वैदिकमंगलाचरण से कार्यक्रम प्रारम्भ किया। शिवाजी स्वागतगीत व सुबलक्ष्मी ने संस्थानगीत गाया , प्रकाश ने गीतापाठ किया एवं निखत कमाल , पूनम विश्वकर्मा ने शिवर का अनुभव साझा किया। सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में राजनारायण शर्मा विभागाध्यक्ष ,सरस्वती विद्यामंदिरं वरिष्ठमाध्यमिक विद्यालय सुलतानपुर उनका अभिनंदन अशोक मिश्र ने किया। उन्होंने संस्कृत के विद्वानों की प्रशंसा करते सनातन ज्ञान परंपरा उल्लेख करते संस्कृत भाषा व गीता के शिक्षण पर जोर दिया। अतिथि रूप समागत राजनारायण शर्मा ने संस्कृत व्यावहारिक विशेषता बताते हुए संस्कृत को दैनिक जीवन में प्रयोग करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि भारत का मूल ज्ञान गीता व संस्कृत में ही निहित है। प्रशिक्षक अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को संस्कृत संभाषण सीख कर अपने जीवन को संस्कृतमय बनाने का सुनहरा अवसर संस्थान द्वारा प्रदान किया जा रहा है। लोगों में संस्कृत के प्रति रुचि बढ़ रही है। प्रशिक्षक विनय शुक्ल ने बताया कि संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में देश-विदेश के संस्कृत अनुरागियों को बीस दिवसीय निःशुल्क सरल संस्कृत भाषा शिक्षण का ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। दीपकपाण्डेय ने कार्यशाला के मार्ग दर्शकों प्रशिक्षण प्रमुख सुधीष्ठ मिश्र, योजना सर्वेक्षिका डा. चन्द्रकला शाक्या, प्रबन्धक व निरीक्षकों धीरज मैठाणी , दिव्य रंजन, राधा शर्मा , तथा आमन्त्रित शिक्षार्थियों तथा उपस्थित संस्कृतानुरागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान के वृत्त कथन में अशोक मिश्र ने बताया कि निःशुल्क प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाता है विभिन्न समय विकल्पों के साथ प्रतिमाह यह बीस दिवसीय कक्षा संचालित होती हैं। कार्यक्रम का संचालन शचीकान्त त्रिपाठी ने किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना सं. 30/23

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई–ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1; लॉट सं०:** PARKING-LJN-KLD-MX-16-23-1 (Parking-Mixed); **कार्य का नाम: खलीलाबाद** स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार साईड स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 2; लॉट सं०:** PARKING-LJN-KMP-MX-99-23-1 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: कमलापुर** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 3; लॉट सं०:** PARKING-LJN-AA-MX-95-23-2 (Parking-Mixed); **कार्य का नाम: अटरिया** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 4; लॉट सं०:** PARKING-LJN-TSF-MX- 101-23-2 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: तहसील फतेहपुर** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 5; लॉट सं०:** PARKING-LJN-BVN-MX-97-23-1 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: बिसवां** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 6; लॉट सं०:** PARKING-LJN-SOT-MX- 31-22-2 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: शोहरतगढ़** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 7; लॉट सं०:** PARKING-LJN-MMB-MX-100-23-2 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: महमूदाबाद अवध** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; **क्र.सं. 8; लॉट सं०:** PARKING-LJN-KB-MX- 98-23-1 (Parking - Mixed); **कार्य का नाम: खैराबाद अवध** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु; • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • **सभी लॉट** के लिये ई–ऑक्शन दिनांक **08.01.2024, 12:00 बजे** प्रारंभ होकर **08.01.2024, 13:40 बजे** बंद होगी। • ई ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction Module) पर उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)

मुजाधि/वा०–217 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## संक्षिप्त समाचार

### कालेज की ई पत्रिका का द्वितीय अंक लोकार्पित

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के द्वितीय अंक का शनिवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। कालेज पत्रिका का द्वितीय अंक विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

### 29 दिसंबर को पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में शहीदी समागम

**सुल्तानपुर।** गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जो की छोटी सी उमर के धर्म और हिंद की रक्षा के लिए शहीद हो गए। उनकी याद में सिख पंथ के द्वारा एक शहीदी समागम का आयोजन आगामी 29 दिसंबर को पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली से भाई जगजीत सिंह बबीहा और लखनऊ से भाई सतबीर सिंह आ रहे है। कीर्तन व इतिहास को संगत में सांझा किया जा रहा है । दर्शदीप सिंह दीप , गुरमीत सिंह सिमरन, गुरमीत सिंह यश , सिमर, एंजल, अनमोल यश व अन्य सेवादार की सक्रिय सहभागिता बताई जा रही है।

### सिविल लाइन वार्ड में पानी के लिए हाहाकार, नागरिकों ने की डीएम से मदद की गुहार

**सुल्तानपुर।** पानी न आने से पूरे मोहल्ले में हाहाकार मचा हुआ है।शिकायत के बाद भी नगर पालिका कर्मियों ने पानी की सप्लाई में आ रही समस्या को ठीक नही किया। जिससे आपूर्ति नही हो पा रही है। यह समस्या खास तौर से डा. रुप सिंह की गली के कई घरो की है। जबकि यह पानी आपूर्ति आवश्यक आवश्यकता है,इस मामले में भी लापरवाही से मोहल्ले वासी परेशान हैं। तत्काल ठीक कराने की मांग लोगो ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, सभासद से किया है।

### एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**सुल्तानपुर।** एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से आवास में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास कार्यो की जानकारी दी। साथ ही जिले में विकास कार्य के लिए मांग पत्र भी सौंपा।एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा ने जिले में हो रहे कार्यो की जानकारी दी व बताया कि कितना कार्य कहां हो चुका है। मुख्यमंत्री को बताया कि इसौली विधानसभा क्षेत्र में अभी कई और कार्य होने हैं। इसके लिए उन्होंने मांग पत्र भी सौंपा है।ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री से उन्होंने शिष्टाचार भेंट की है। इस मौके पर राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा की। साथ ही प्रशासनिक चर्चा भी की गई। जिले के विकास कार्य के लिये सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

### वाहन चालकों को बताये यातायात नियम



**ललितपुर।** शासन के आदेश पर संचालित हो रहे सड़क सुरक्षा पखबाड़े को सफल बनाने के लिए यातायात पुलिस काफी संजीदा है। प्रतिदिन सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करते हुये वाहन चालकों से नियमों का कढ़ाई से पालन करने के प्रति सचेत भी किया जा रहा है। एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन और एएसपी अनिल कुमार व सीओ ट्रैफिक कमलेश नारायण पाण्डेय के संयुक्त पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी द्वारा पैदल गश्त करते हुये शहर में दुकानदारों से पैदल फुटपाथ पर स्थायी या अस्थाई अतिक्रमण न करने का आह्वान करते हुये वाहन चालकों को नियमों का पालन करते हुये जागरूक रहने के लिए आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में आज टीएसआई आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी वंश बहादुर, मुख्य आरक्षी बलराम कुशवाहा, आरक्षी आशुतोष गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग- 44 पर भ्रमण कर राजमार्ग के किनारे खड़े वाहनों के चालकों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के संबंध में जागरूक करते हुये यातायात नियमों के बारे में भी जागरूक किया गया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विधुत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या:– | विधुत/डब्ल्यू0/आलमबाग/175/2023–24 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में सामान्य वायरिंग एवं उससे सम्बन्धित अन्य कार्य के सम्बन्ध में। |
| ख | अनुमानित लागत | रु0 57,88,635.60/– |
| ग | धरोहर राशि | रु0 1,15,800/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड. | कार्य समापन अवधि | बारह माह |
| अन्य सूचना | | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 15.01.2024 को अपरान्ह 15.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 15.01.2024 को अपरान्ह 15.00 बजे के बाद। |

- निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है।
- मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा।
- डिमांड ड्राफ्ट /बैंकर्स चेक / डिपॉजिट रसीद /एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्या:– विधुत/डब्ल्यू0/आलमबा/175/2023–24

दिनांक:– 23.12.2023 4033/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।**

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-487-23-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.12.2023 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.12.2023 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4019/23

# संयुक्त सचिव ने मीटिंग कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रगति की समीक्षा की



अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद में 21 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री सत्यजीत मिश्रा ने जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक कर विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसको सभी विभागों द्वारा मिलकर अच्छे से आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। इसके माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। अब तक किसी कारणवश वंचित रहे पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनको योजनाओं का लाभ दें। इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीन स्तर की समस्याओं को जाने तथा उसका समाधान करें। इस अभियान के अंतर्गत होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण करें। इसको शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव में विभिन्न योजनाओं के अधिक से अधिक संतृप्तिकरण एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु प्लान / कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने संयुक्त सचिव का आभार व्यक्त किया तथा उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनपद की 330 ग्राम पंचायतों में से अब तक 200 ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है। अब तक 125517 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का 02 जनवरी से 07 जनवरी 2024 तक नगरीय क्षेत्रों में आयोजन होगा। इस दौरान सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, सीएमओ डॉ गीतम सिंह,डीआईओएस, बीएसए तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में हुई मदरसे की जांच



**मौदहा हमीरपुर।** सरकार के निर्देश पर जनपद के एकमात्र अनुदानित मदरसे की जांच की गई जिसके बाद जांच रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में गठित जांच टीम की अध्यक्षता में जिले के एकमात्र सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम की जांच की गई जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने की,जबकि जांच कमेटी में खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी नामित सदस्य रहे।इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि वह इस जांच कमेटी में नामित सदस्य हैं जिसके चलते वह जांच के लिए गए थे बाकी जांच के बिंदु एक प्रपत्र में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पास हैं और उनके द्वारा ही जांच आख्या शासन को भेजी जाएगी। जबकि अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि शासन के आदेश पर बच्चों के बैठने, स्कूल की व्यवस्था, कमरों सहित अन्य संसाधनों की जांच की जा रही है चूंकि जांच सरकार द्वारा अनुदानित मदरसों की होना है और जनपद में एक मात्र यही मदरसा अनुदानित है इसलिए इसकी जांच की जा रही है बाकी उनके द्वारा जांच रिपोर्ट सरकार को भेज दी जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुस्करा ब्लॉक के गौरा गांव में आयोजन

संयुक्त सचिव व डीएम की मौजूदगी में गौरा में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में 21 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुस्करा विकासखंड के गौरा गांव में भव्य आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडेय की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी/ भारत सरकार के संयुक्त सचिव सत्यजीत मिश्रा रहे। इस मौके पर गौरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने पहुँचकर सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित मा0 प्रधानमंत्री जी का संदेश देखा व सुना गया। इस मौके पर संयुक्त सचिव ने उपस्थित लोगों/ ग्राम वासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह , स्वास्थ्य विभाग ,सहकारिता ,अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक द्वारा जन सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्टॉल तथा समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग ,जल जीवन मिशन ,कृषि विभाग , पंचायत राज विभाग आदि के द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन योजना ,स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी के लाभार्थी आदि ने योजनाओं के लाभ से हुए उनके जीवन में बदलाव के अनुभव साझा किए तथा प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर परिषदीय स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें संयुक्त सचिव व जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया।

# चोरी के 3.86 कुंतल धान के साथ दो लोग गिरफ्तार

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** बुधवार की रात को बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गांव में मवेशी बाड़े से तीन कुंतल से अधिक 17 बोरियों में भरे धान चोरी कर लिए गए थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए तहकीकात की और दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी किए गए धान और दो तमंचे, कारतूस के साथ ही चोरी में इस्तेमाल किए गए वाहन को भी बरामद किया है। बिसंडा थाना पुलिस ने आपरेशन क्लीन के तहत धान चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम पिन्टू सिंह उर्फ गोविन्द पुत्र उमाशंकर सिंह और विकास सिंह पुत्र पुष्पराज सिंह निवासीगण ग्राम बाघा बताया है। गौरतलब हो कि बाघा गांव में 20 दिसंबर की रात अभियुक्तों द्वारा किसान रमाकान्त के पशुबाड़े से 17 बोरी धान चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी बिसंडा श्यामबाबू शुक्ला, उप निरीक्षक सुभाषचंद्र चौकी प्रभारी ओरन, उप निरीक्षक रामाधार सिंह, कांस्टेबल विकास और पवन शामिल रहे।

# अखिल भारतीय संगीत समारोह के साथ मामादेव महोत्सव संपन्न

अवधानामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा विकास खण्ड के गांव पिपरौंदा में विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय संगीत समारोह एवं दो दिवसीय रामलीला का आयोजन धनुष यज्ञ के साथ सम्पन्न हो गया है। अखिल भारतीय संगीत समारोह में देश के कोने कोने से आये विद्वान कलाकारों ने अपनी संगीत कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संगीत प्रेमियों की वाहवाही लूटी है। पिपरौंदा गांव में मामादेव समर्पण सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान यहाँ पर 22 दिसम्बर को मेला, हवन पूजन के साथ ही रात्रि में मुनि आगमन, ताड़का वध,नगर दर्शन पुष्प वाटिका की लीला का मंचन हुआ। इसमें राम का अभिनय कर रहे रामदत्त द्विवेदी, लक्ष्मण अभिनेता उत्तर भारत के प्रकाण्ड अभिनेता सुरेश तिवारी, जनक अभिनेता अमित शुक्ला खन्ना, रितिक तिवारी, मुकेश द्विवेदी, सागर सिंह, जयनारायण द्विवेदी, दिनेश दीक्षित, पप्पू राम जी,दीनदयाल तिवारी, ललित मिश्रा फतेहपुर, योगेश बांदा, गरीबदास, मेनालाल,पुष्पेन्द्र सहित अन्य कलाकारों को खूब सराहा गया है। 23 तारीख को दिन में यहाँ पर अखिल भारतीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संगीताचार्य मुकेश द्विवेदी कानपुर, मृदंगाचार्य अवधेश द्विवेदी, अनमोल द्विवेदी, रामधनी चौहान, रामधनी आर्य मऊरानीपुर, चंदन मास्टर कानपुर, दीपक गुप्ता कानपुर सहित अन्य संगीतज्ञों के द्वारा विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति कर लोगों को भावविभोर किया गया है। रात्रि में धनुष यज्ञ की लीला में उत्तर भारत के प्रकांड विद्वान परसुराम अभिनेता झलोखर आश्रम के सर्वेश द्विवेदी एवं सुप्रसिद्ध लक्ष्मण अभिनेता पिपरौंदा निवासी सुरेश तिवारी के बीच हुए लक्ष्मण परसुराम संवाद का अभिनय बेजोड़ रहा है।

दो दिवसीय आयोजन में गाँव के बद्रीप्रसाद त्रिपाठी, उमेशकरन मेहता, श्यामबाबू मिश्रा ,भगवानदीन वर्मा , दयाशंकर त्रिपाठी प्रधानाचार्य ने.इ.का., देवकीनन्दन त्रिपाठी प्रवक्ता गा.इ.का., डा0 परमेश्वरी दयाल तिवारी, ज्ञानचन्द्र द्विवेदी, अवधेश तिवारी, जगदीश दीक्षित, राकेश शुक्ला, भगवत शरण तिवारी, पंकज तिवारी विनय द्विवेदी, दीपक तिवारी, शिवम त्रिपाठी, रोहित तिवारी, अरूण तिवारी अजय द्विवेदी दिनेश तिवारी, गोविन्द तिवारी, प्रदीप तिवारी टेढ़े, पप्पू अग्निहोत्री, संतोष शर्मा, संतोष जाट, प्रेम सिंह जाट, गुलजार सिंह, विजय कसौंधन, संतोष कसौंधन, रामसनेही पाल, नवल मौर्या, कामता कुशवाहा, प्रवेश पाल, सेवाराम प्रजापति, कमलेश अनुरागी, नत्थू खंगार हरि कुवर अनुरागी, सुमरूद्दीन, सफरूद्दीन, इस्माइल खां, संतोष, ग्राम प्रधान बक्सदीन वर्मा, विपिन त्रिपाठी सहित मामादेव महोत्सव समर्पण सेवा ट्रस्ट के लोगों का विशेष योगदान रहा है।

# विधायक व डीएम द्वारा कृषक बन्धुओं को किया गया सम्मानित

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्मोत्सव पर जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी/किसान मेला/मिलेट्स किसान मेले का विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर व मॉ सरस्वती जी के चित्र पर, भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम के शुभारंभ में विधायकगण व जिलाधिकारी ने कृषि व विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, उद्घाटन के पश्चात विधायकगण व जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, एन.आर.एल.एम. समूह की महिलाओं द्वारा, लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, इस दौरान मिलेट्स पर आधारित खेती से सम्बन्धित अन्न के स्टाल का भी विधायकगण व जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया और मिलेट्स पर आधारित बनाये गये प्रोडेक्ट को देखा और गुणवत्ता की जानकारी ली। इस दौरान किसान सम्मान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद में अधिक उत्पादन करने वाले कृषक बन्धुओं का विधायकगण व जिलाधिकारी ने अंगवस्त्रम् व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया, सम्मानित होने वाले कृषकों में रमेश सिंह धान की खेती में प्रथम, चरकू मक्का की खेती में प्रथम, रामनिहोर कुशवाहा गेहूँ की खेती में प्रथम,



जोखन प्रसाद सावां की खेती में प्रथम, जउत्री देवी कोदव की खेती में प्रथम, रामरक्षा गेहूं की जैविक खेती में प्रथम, रमेश सिंह, शिवराम सिंह, गोविन्द को मत्स्य पालन पंगेसियस में प्रथम, रामवृक्ष को ड्रीप सिंचाई पद्धति से मीर्च की खेती में प्रथम स्थान, राम सुन्दर, सुबेदार को रेशम उत्पादन में प्रथम, समर बहादुर को मुर्रा भैंस द्वारा अधिक दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चैबे ने उपस्थित कृषक बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कृषक बन्धुओं को अधिक से अधिक मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती करने हेतु जागरूक किया जा रहा है, मिलेट्स की खेती करके कृषक बन्धु अपने आय में वृद्धि कर सकते हैं और पौष्टिक व पर्यावरण अनुकूल भोजन प्राप्त कर सकते हैं, देश की आर्थिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी, जब कृषक बन्धु अपने खेतों से अनाज का उत्पादन अधिक करेंगें और उसका उचित मूल्य प्राप्त करेंगें, तभी वह आर्थिक रूप से मजबूत होंगें, कृषक बन्धुओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए ही मिलेट्स की खेती करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हमारा देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा, जब कृषक बन्धु आर्थिक रूप से मजबूत होंगें और विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगें।

## बीपीएमए में दो दिवसीय आर्ट गैलरी आज से

**बांदा।** केदारनाथ न्यास समिति और भगवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी द्वारा महादेवी कुशवाहा की याद में बुंदेलखंड में पहली बार भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी स्कूल में 24 व 25 दिसंबर को स्तरीय आर्ट गैलरी का आयोजन किया जा रहा है। इस आर्ट प्रदर्शनी में दिल्ली व भोपाल के कई बड़े कलाकार, चित्रकार व शिल्पकार भाग ले रहे हैं, जो बच्चों को बुंदेलखंड की लुप्त हो रही कला के बारे में जानकारी देंगे। यह जानकारी भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित कुशवाहा ने दी। बताया कि दो रविवार व सोमवार को नामीगिरामी कलाकार अखिलेश, प्रियंका सिन्हा, निशी शर्मा और प्रतीक्षा आदि यहां आएंगे और वे बच्चों को समझाएंगे कि कला को भी आगे बढ़ाया जा सकता है।

# नव वर्ष आगमन पर झूम रहा महिला हार्पर क्लब

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** नव वर्ष के आगमन को लेकर महिला हार्पर क्लब की पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नीबू रेस, रंगोली प्रतियोगिता और गीत-संगीत से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं। 2023 की विदाई और 2024 की अगुवाई इस क्लब की धरा पर देखते ही बनती है। वर्ष 2023 की विदाई में महिला हार्पर क्लब झूमता नजर आता है। महिला हार्पर क्लब का यह आयोजन महिला हार्पर क्लब की कार्यकारिणी समिति के दिशा निर्देशन तथा क्लब की सभी सदस्याओं के सहयोग से सम्पन्न हुआ, विशेष रूप से क्लब की उपाध्यक्ष आराधना शर्मा, सचिव सीमा सिंह, उपाध्यक्ष शमीम बानो, उपाध्यक्ष गीता सिंह, उप सचिव-शोभा चौहान, उपाध्यक्ष-ज्योत्सना पुरवार, कोषाध्यक्ष मंजू ओमर का विशेष सहयोग रहा। अंत में खेलकूद एवं सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया गया। लवली गुप्ता, कार्यक्रम में ऋतु गुप्ता, शिवानी गुप्ता, जया पुरवार, जागृति वर्मा, पूजा, रूपाली, सुनीता अग्रवाल, राखी ओमर, नीता ओमर, मीरा, रूपाली ओमर, सरिता, साधना त्रिपाठी, ज्योति पुरवार, रिचा गोयल, मंजरी गुप्ता, शिवानी सिंह, तुलसा ओमर, ज्योत्सना पुरवार, गीता सिंह, सरोज सिंह, शिवानी गुप्ता, शीला सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

# गिरजाघरों में क्रिसमस की तैयारियां तेज

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** ईसाई समुदाय के पवित्र पर्व क्रिसमस के दिनोंदिन निकट आने के साथ ही नगर के गिरजाघरों में क्रिसमस की तैयारियां तेज हो गयी है। क्रिसमस को लेकर नगर के गिरजाघरों से लेकर ईसाई समुदाय के लोगों के घरों में साफ-सफाई, रंग- रोगन व सजावट का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। नगर के संत जेवियर्स चर्च में आकर्षक विद्युत झालरबत्ती से सजाया गया है।चरनी का निर्माण कराया जा रहा है। चरनी अर्थात गोशाला को रंग-बिरंगे झालरों,लाइटों, घंटियों, स्टार व क्रिसमस ट्री से सजाने का कार्य की तैयारी की जा रही है। चर्च के भीतरी भाग से लेकर बाहरी भाग तक को भी झालरों व रंग- बिरंगे बिजली बत्तियों से सजाकर चकाचक किया जा रहा है। सोनभद्र रावटसगंज में प्रभु यीशु के आगमन को लेकर घर-घर केरल सिंगिंग का प्रभु के प्रार्थना सभा ईसाई समाज के लोग इस मौके पर फादर लैंसी रिकोंहा सिस्टर रेशमी सिस्टर फिलोजोश जे वालर,जूलियल एरियल शैलेश मार्टिन अभिषेक चार्ल्स, श्वेता सोलोमन, जूली मरिया, रिंकी रिचर डेविड श्वेता सोलोमन, रिर्चड डेविड, क्रोटिना, जूली मारिया अभिषेक चार्ल्स प्रिंस प्रदीप मधु रिंकी रोबिन हैप्पी शामिल रहे।



प्रकाश जीनियस एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा संचालित प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में क्रिसमस पर्व पूर्ण उत्साह से मनाया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सेंटा क्लॉज के रूप में सभी छोटे बच्चों ने आए हुए साथी बच्चों को अन्य उपहार भेंट किया। विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्रा अति उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। इस पर्व पर बच्चों ने जिंगल बेल व अन्य गानों पर डांस किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि हमारा देश सभी धर्म का सम्मान करता है। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने कहा कि ईसा मसीह प्रभु से अपने दुश्मन को भी क्षमा करने की महान सोच हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि क्रिसमस का त्योहार हमें यह सिखाता है कि सादा जीवन जी कर हम मानव का सही मार्गदर्शन कर उनके जीवन का कल्याण कर सकते हैं।

# सवाल पूछने पर सांसदों को किया जा रहा निलंबित

## जदयू और भाकपा ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनता दल युनाइटेड और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने संयुक्त रूप से शनिवार को अशोक स्तंभ तले प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलातधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र का खात्मा कर रही है। संसद के भीतर अराजकतत्वों के प्रवेश पर सवाल पूछने पर सांसदों के निलंबन की कार्रवाई की जाती है। साजिश रचने वाले को गिरफ्तार तक नहीं किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र को भाजपा सरकार के द्वारा पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद द्वारा ही पास जारी कर संसद के भीतर अराजक तत्वों को अंदर प्रवेश कर कर हमले की साजिश रची गई और विपक्ष द्वारा सवाल पूछने पर निलंबन की कार्यवाही की जाती है। जबकि जिस भाजपा सांसद द्वारा पास जारी करके इतनी बड़ी साजिश रची गई उसे आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया और न ही उस सांसद की सदस्यता खत्म की गई। वर्तमान सरकार में देश खतरे में है और अघोषित इमरजेंसी के जैसे हालात हैं। कहा कि अगर कोई सांसद सवाल उठाते हैं, सुरक्षा की मांग करते हैं तो उनको निलंबित कर दिया जाता है। ज्ञापन में कहा गया कि 146 सांसद अब तक कभी भी सांसद निलंबित नहीं किए गए। जदयू और भाकपा पदाधिकारियों ने कहा कि नौजवान बेरोजगारी से परेशान हैं। किसान भी हलाकान नजर आ रहा है। महिलाएं असुरक्षित हैं। मांग की है कि निलंबित सांसदों को तत्काल बहाल किया जाए। जनता दल युनाइटेड महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने कहा कि देश किसी भी धार्मिक ग्रंथ से नहीं चलेगा। भारत देश भारत के संविधान से चलेगा और मौजूदा सरकार देश के संविधान से नहीं चल रही है। इस सरकार को देश की जनता 2024 में उखाड़ फेंकेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। भाकपा के जिला सचिव श्यामसुंदर ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है, महिलाएं असुरक्षित हैं, किसान हलाकान है। यह सरकार अडानी अंबानी की सरकार बनकर रह गई है। जदयू श्रमिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार भारतीय ने बताया कि इस सरकार में मजदूरों का शोषण हो रहा है। किसानों का शोषण हो रहा है। इस सरकार में अगर कोई सवाल करता है तो विपक्ष के नेताओ, सांसदों, विधायको उनको घरों में ईडी, सीबीआई भेज दी जाती है। जबकि हम इंडिया गठबंधन के लोग हैं। भाजपा सरकार के ईडी सीबीआई से डरने वाले नहीं है। इस दौरान शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ, रविंद्र कुमार भारतीय जनता दल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ, जदयू जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राम भाई प्रजापति गुड़िया देवी, चंद्रकांति राजेश पटेल, लवलेश यादव, अर्पित सिंह, माधव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चने की फसल की देखभाल करें किसान, दवा का करें छिड़काव

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. प्रमोद कुमार ने जनपद में भ्रमण किया और चने की फसलों को देखा। बताया कि चने की फसल में काली एवं हरे रंग की दोनो प्रकार की सूड़ियों का प्रकोप है। यह सूड़ी सेमी लूपर व कटुआ कीट की लार्वा अवस्था है, जो चने की पत्तियों को काटकर खाता है। डंठल को कुतर देता है, इससे पूरा पौधा नष्ट हो जाता है। इस कीट की रोकथाम के लिए डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ईसी अथवा क्लोरो पाईरिसफास 20 प्रतिशत ईसी अथवा क्यूनाल फास 25 प्रतिशत ईसी मात्र 500 मिली एकड़ अथवा मैलिथियान 50 प्रतिशत, ईसी मात्रा 600 मिली, 400 से 600 लीटर पानी अथवा हाईक्लोरोवास 76 प्रतिशत मात्रा 100 मिली पानी में घोलकर छिड़काव करने से कीट का प्रभाव रूक जाता है। आवश्यकता अनुसार 10 से 12 दिन बाद किसी भी एक रसायन में छिड़काव करें। इसके अतिरिक्त जहां छिड़काव करने में कठिनाई हो, वहां मैलाथियान 5 प्रतिशत धूल मात्रा 10 किग्रा प्रति एकड़ में सामान्य भार राख मिलाकर प्रातकाल छिड़काव करने से भी कीट समाप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त कहीं चने की जड़ सड़न की समस्या हो जिसमे पौधे सूख रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## रवीन्द्र जायसवाल का आगमन आज

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल जी का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम 24 दिसम्बर, 2023 को निर्धारित है। मंत्री जी 24 दिसम्बर, 2023 को मध्यान्ह 12.00 बजे ब्लॉक करमा के ग्राम पंचायत केकराही में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगें, तत्पश्चात अपरान्ह 01.30 बजे ग्राम कैथी में अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा का अनावरण एवं अजीत चैबे जी पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर भेंट वार्ता करेंगें, अपरान्ह 15.00 बजे सर्किट हाउस सोनभद्र में जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं सें भेंट करेंगें, अपरान्ह 15.30 बजे सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक करेंगें, इसके बाद वाराणसी के लिए रवाना होंगें।

## नमो ऐप डाउनलोड कैम सिविल का हुआ आयोजन




**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** नगर मंडल द्वारा आयोजित नमो ऐप डाउनलोड कैंप का शुभारम्भ शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने किया। भाजपा सोनभद्र नगर अध्यक्ष बलराम सोनी के नेतृत्व में नमो ऐप का कैम्प नगर के स्वर्ण जयंती चौक पर लगाकर कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 60-65 लोगों के मोबाईल फोन में टोल फ्री नम्बर- 1800 2090 920 पर मिस्डकॉल कराकर ऐप को डाऊनलोड कराया गया। और उसके बाद माइक्रो डोनेशन भी कराया गया। इसके संदर्भ में विस्तृत जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष नें लोगों को दिया। इस मौके पर नमो ऐप अभियान जिला सहसंयोजक व जिला मंत्री विनोद पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, जिलाकोषाध्यक्ष राकेश मेहता, नगर महामंत्री अभिषेक श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष अनुपम तिवारी, नगर मंत्री मनीष वर्मा, चंदू केजरीवाल सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यकर्ता व लोगों की उपस्थिति रही।

## धूमधाम से मनाया गया चौधरी साहब का जन्मदिवस



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** शनिवार को किसानों के मसीहा कहे जाने वाले श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में सोनभद्र के राबर्ट्सगंज स्थित सिंचाई डाक बंगले पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आज का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोक दल एवं पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रालोद के प्रयागराज क्षेत्र के संगठन महासचिव श्रीकान्त त्रिपाठी जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन रालोद जिलाध्यक्ष रामसेवक पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में त्रिपाठी के साथ रालोद के वरिष्ठ नेता अतुल सिंह एडवोकेट, अशोक कुमार कन्नौजिया आदि के उद्बोधन द्वारा चौधरी साहब के गरिमामयी व्यक्तित्व और अद्भुत कृतित्व पर आम जनमानस का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में पवन कुमार पटेल, मुन्ना मालिक, अभय पटेल, भोला बाबा, चंद्रभान सिंह, पवन शुक्ला, बबुंदर यादव, इबरार अली आदि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ,डॉक्टर लोकपति सिंह ,रामदेव बाबा, सूर्यप्रकाश, गंगेश्वर, ओम प्रकाश भारती, दामोदर, हिमांशु, प्रद्युम्न, श्याम सुंदर, अमित, संतु, बेचू, बाबूलाल चौहान सहित रालोद के सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## करंट लगने से किशोर राहत

**बांदा।** जनपद महोबा के घंडुवा गांव निवासी दिव्यांश (12) पुत्र गया प्रसाद शनिवार की घरेलू बिजली लाइन से करंट लग जाने पर झुलस गया। घर वालों देखा तो उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## क्रिसमसः बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



**बांदा।** शहर के इंदिरा नगर स्थित शुभ संस्कृति किड्स जोन स्कूल में क्रिसमस-डे का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। शुभारम्भ में संत तुलसी के प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलन किया तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना ओमर ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। संत तुलसीदास की प्रतिमा पर कैलाश बिहारी गौतम द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यार्थियों को ईसा मसीह के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शुभ संस्कृति किड्स जोन की प्रधानाचार्या रीना ओमर ने सभी आगन्तुको का आभार व्यक्त किया। साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# नए उप्र में शासन नतमस्तक होकर किसानों को सम्मान देता है: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- सीएम ने कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का किया सम्मान
- सीएम ने किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ
- हौसलाअफजाई कर सीएम ने सुनाई किसानों की विकासगाथा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा।

यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में कहीं। सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की।

सीएम ने कहा कि किसानों ने हौसलाअफजाई करते हुए उनकी विकासगाथा स्वयं सुनाई। बोले कि रायबरेली के वीरेंद्र सिंह ने प्रति हेक्टेयर 88 कुंतल, मोल्हईराम ने 84 कुंतल प्रति हेक्टेयर, अंबेडकर नगर के हरिराम ने 78 कुंतल प्रति हेक्टेयर गेहूं का उत्पादन किया। ललितपुर के सोनू पटेल 46 कुंतल प्रति हेक्टेयर, ललितपुर के ही राजेंद्र सिंह ने 43 कुंतल व मंशा राम ने 42 कुंतल प्रति हेक्टेयर चना का उत्पादन किया। प्रमोद कुमार 55 कुंतल, भरत सिंह पटेल 54 कुंतल व राजा सिंह ने 50 कुंतल प्रति हेक्टेयर मटर में उत्पादन किया। राई में बरेली के राधेश्याम 46 कुंतल प्रति हेक्टेयर, रामबेटी ने 45 कुंतल, विजय कुमार 38 कुंतल प्रति हेक्टेयर का उत्पादन किया। धान में रायबरेली के जयराम सिंह ने 110 कुंतल, शत्रुघ्न लाल यादव ने 105 कुंतल व बद्री प्रसाद ने 95 कुंतल प्रति हेक्टेयर का उत्पादन किया।

श्रीअन्न के तहत गोपाल सिंह कानपुर नगर, सूर्यप्रकाश, हमीरपुर के केशव प्रसाद ने बेहतरीन कार्य किया। प्राकृतिक खेती के लिए वाराणसी के हरिशंकर सिंह, बिजनौर के शरद कुमार सिंह, महोबा की कमला त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

रामपुर एफपीओ, मीरजापुर के नवचेतना एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी व बहराइच की शिवा एफपीसी की सराहना की।



### सरकार की स्कीम स्वावलंबन का आधार बनती है

सीएम ने कहा कि परिवर्तन व रिफॉर्म करते हुए कृषि को हम लाभकारी बना सकते हैं। इस दिशा में हुए प्रयास यूपी की दृष्टि से 22-23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा दी है। गन्ना किसानों को साढ़े छह वर्ष में दो लाख 25 हजार करोड़ से अधिक की राशि खाते में भेज चुके हैं। धान व गेहूं की सीधी ख़रीद और एमएसपी का लाभ डीबीटी के माध्यम से पहली बार मिला। उन्होंने कहा कि खेती को सही ढंग से करना घाटे का सौदा नहीं बनेगा। सरकार की स्कीम स्वावलंबन का आधार बनती है। श्रीअन्न की दृष्टि से भी कार्यक्रम हुए। प्राकृतिक खेती में हर मंडी, कृषि विज्ञान केंद्र, विश्वविद्यालयों के सर्टिफिकेशन की कार्रवाई हो, उसका ज्यादा दाम किसानों को प्राप्त हो, इस प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया गया। श्रीअन्न के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र वर्ष की दृष्टि से 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित कर पीएम ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग भी की है।

### अब स्मार्ट फोन से शांत होगी किसानों की जिज्ञासा

सीएम ने कहा कि अभी हमने एक अप्लीकेशन लांच किया है। ऐप के माध्यम से एआई का उपयोग किसान मित्र के रूप में कैसे किया जा सकता। अब किसानों की हर जिज्ञासा का जवाब स्मार्ट फोन से प्राप्त हो जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। कुछ समय बाद दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार होनी है। ड्रोन के माध्यम से अब एक घंटे में सौ एकड़ खेती में दवा, खाद, पेस्टिसाइड का छिड़काव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ के क्षेत्र में सामूहिक रूप से मिलकर खेतीबाड़ी व फूड प्रोसेसिंग की प्रक्रिया से जुड़कर भी कई गुना मुनाफा कमा सकते हैं। वेयर हाउस के बारे में सीएम ने कहा कि यदि मार्केट में दाम कम है तो जब दाम अच्छा मिले तो गोदाम से उपज निकालकर उपलब्ध कराएं। इसके लिए एफपीओ के माध्यम से हर विकास खंड स्तर पर वेयर हाउस निर्माण की कार्रवाई को बढ़ाया जा रहा है। अब मनुष्य के साथ धरती मां की सेहत की भी देखभाल होगी। पीएम स्वायल हेल्थ कार्ड इसका उदाहरण है।

# राकेश मौर्या सपा के जिला अध्यक्ष नियुक्त

अवधनामा ब्यूरो



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जौनपुर के लिए नये जिलाध्यक्ष की नियुक्ती कर दिया है। जनपद के दक्षिणांचल स्थित बरसठी विकास खण्ड क्षेत्र स्थित भदराव के निवासी राकेश मौर्य पर भरोसा जताते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है। जिलाध्यक्ष के घोषणा की खबर जिले में पहुंचते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी जनो ने एक दूसरे मिठाई खिलाकर बधाई दिया है। वहीं उनके मनोनयन पर जिले नेताओं ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दीं और कहा राकेश मौर्य के जिलाध्यक्ष बनने से समाजवादी पार्टी मजबूत होगी बधाई देने में विधायक लकी यादव, रागिनी सोनकर, पंकज पटेल, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक गण लालबहादुर यादव, राजनरायन बिन्द, श्रद्धा यादव, श्रीराम यादव, दीपचंद सोनकर एवं संजय सरोज राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, दीपचंद राम आदि ने बधाई ज्ञापित किया है। राकेश लम्बे समय से पार्टी में एक कार्यकर्ता के रूप में सपा से जुड़कर काम कर रहे थे। पार्टी नेतृत्व ने राकेश के रूप में मौर्य समाज को साधने का काम किया है। राकेश को सपा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने से मौर्य समाज के लोगो ने भी सपा नेतृत्व को बधाई ज्ञापित किया है।

## राज्य युवा उत्सव के विजेता कलाकार राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे

**लखनऊ।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे राज्य युवा उत्सव में प्रदेश के कलाकारों द्वारा युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल महानिदेशालय, पुरानी जेल रोड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में अन्तिम दिवस अपनी सांस्कृतिक विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया गया। यह राज्य युवा उत्सव दिनांक 21 से 23 दिसम्बर, 2023 तक आयोजित किया जा रहा था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों के जनपदों से 600 विजयी कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

राज्य युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, डिक्लेमेशन एवं थीमैटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

समापन समारोह में लोकनृत्य विधा के अन्तर्गत आगरा मण्डल द्वारा मयूर और होलिका नृत्य पर गोरखपुर मण्डल एवं वीणा पाणी संस्थान, महोबा द्वारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर थीमैटिक विधा के अन्तर्गत अपनी प्रस्तुति दी गयी। होली एवं झांसी मण्डल द्वारा राई नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। समापन अवसर पर सचिव/ महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एल0वाई0 द्वारा विजयी कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा मित्रों को सफलता पाने के लिए जी-जान से कोशिश करना चाहिए। सफलता से ज्यादा सफलता की यात्रा महत्वपूर्ण है।

# एकमुश्त समाधान योजना अत्यन्त लोकप्रिय साबित हो रही: शर्मा



- योजना के तहत लाभ लेने के लिए अभी 08 दिन शेष
- उपभोक्ताओं ने बकाये में मिली छूट का लिया भरपूर लाभ
- योजनांतर्गत शुक्रवार तक 37.60 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं को अपने बकाये की राशि चुकाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना अतंत्य लोकप्रिय साबित हो रही। अब तक की यह सबसे सफल योजना रही। योजना के तहत् उपभोक्ताओं ने बकाये में मिली छूट का अब तक भरपूर लाभ लिया। ओटीएस न सिर्फ उपभोक्ताओं के लिए बल्कि ऊर्जा विभाग के लिए भी लाभप्रद साबित हो रही।

योजना के तहत 08 नवम्बर से 23 दिसंबर तक 37.60 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिला है, इससे विभाग को 3900 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व भी प्राप्त हुआ। सभी उपभोक्ताओं को अब तक 1550 करोड़ रूपए का फ़ायदा हुआ। अभी योजना के एक सप्ताह से ज्यादा का समय बचा हुआ है, अंतिम दिनों में भी उपभोक्ता इसका फायदा उठाकर अपने बकाया बिलों और विद्युत् चोरी व आरसी जारी होने के मामलों को खत्म करा सकते हैं।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज शनिवार को जल निगम फील्ड हॉस्टल ''संगम'' लखनऊ में प्रेसवार्ता कर ओटीएस योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है की योजना के अंतिम दिनों में भी लाभ लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कर लें। 31 दिसंबर के पश्चात ऐसे उपभोक्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिनका बिल बकाया होगा या विद्युत चोरी व आरसी के मामले लंबित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि योजना के अंतिम दिनों में पूरी गम्भीरता व लगन के साथ प्रयास करें, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सके।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 08 नवंबर, 2023 को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की तीन चरणों में शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। यह योजना 08 नवंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है। योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर तक चला, जबकि 01दिसंबर से 15 दिसंबर तक इसका दूसरा चरण चला तथा तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चल रहा है। अब तक उपभोक्ताओं को योजनांतर्गत 1550 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है। योजना में 33.38 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 1041 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त हुआ। इनसे 3036 करोड़ रूपये का राजस्व मिला। इसी तरह निजी नलकूप में 1.56 लाख किसानों को 113.46 करोड़ रूपये की छूट मिली और विभाग को 406 करोड़ रूपये का राजस्व मिला। प्रदेश में कुल 14 लाख निजी नलकूप कनेक्शन है।

## प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग यूपी जोड़ो यात्रा का करेगा स्वागत

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग यूपी जोड़ो यात्रा का भव्य स्वागत करेगा। विभाग की प्रदेश महासचिव संगठन सीमा देबनाथ ने बताया कि विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभाग के प्रदेश उपायक्ष रमेश श्रीवास्तव को यूपी जोड़ो यात्रा का प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश मुख्यालय में आयोजित विभाग के पदाधिकारियों की बैठक में पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये, जिस पर अमल करते हुए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गयी। उन्होंने बताया कि कमेटी में सीमा देबनाथ, सचिव राम आशीष मौर्य, सुनील कुमार सिंह, जिला चेयरमैन लखनऊ राजेश कुमार को यात्रा के स्वागत की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

# पनौती किसे कहा और हो कौन गया: वसीम राइन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि पंजा छाप दल के युवराज बार बार हार से बेहाल हैं। पनौती किसे कहा जा रहा था और साबित कौन हो गया। पसमांदा मुसलमान की ताकत को कम आंकने की गंभीर भूल अब इस दल को भारी पड़ रही है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने यह बात अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने राज में पसमांदा मुसलमान के साथ जो अन्याय किया है और वोटबैंक से आगे बढ़ने नही दिया उसे पसमांदा भुला नही है बल्कि उसके पास अपने ऊपर हुए जुल्म का पूरा हिसाब है। कांग्रेस सरकार के रहते ही आर्टिकल 341 के जरिये धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर पसमांदा मुसलमान के पैरों में बेड़ियां डाल दी गई, उसकी बुनियादी तरक्की की राह में रोड़े अटकाए गए, शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक विकास के रास्ते बंद कर दिए गए। पसमांदा मुसलमान भुला दिया गया जिसने हर बार सरकार बनने में अहम भूमिका निभाई और अशराफ याद रहे जिन्होंने हमेशा सत्ता के साथ चिपके रहकर सिर्फ मलाई काटी और इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लम्बे समय से सत्ता से बाहर है और पार्टी के भीतर के हालात और इनके नेताओ की ऐंठन सुधरने के नाम नही ले रही। अब जबकि विधानसभा चुनाव में हार का मजा चखकर लौटी है उसके बाद भी तेवर पहले जैसे ही है। कांग्रेस बार बार मिलती हार से सबक लेते नही दिखती। पसमांदा मुसलमान भी अब जागरूक हो गया है उसने तय कर लिया है कि अब बिना हिस्सेदारी के कोई बात नही होगी। वोटबैंक बनकर साथ चलने के बजाय पसमांदा शांत रहकर फैसले लेने के हक़ में है। स्पष्ट बात है कि जो दल पसमांदा समाज के हित की बात करेगा हिस्सेदारी देने को तैयार होगा पसमांदा उसी के साथ रहेगा।

# सभी नगरीय निकाय स्थाई व अस्थाई रैनबसेरा संचालित करायें

- सभी निकाय पदाधिकारी रैनबसेरों के व्यवस्थित संचालन में सहयोग करें

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गरीबों, आश्रयहीनों व निराश्रितों को ठंड व शीतलहर के दौरान खुले में सोने को मजबूर न होने पड़े, साथ ही ऐसे लोगों को भी जिन्हें परिस्थितिवश बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों के आसपास खुले में सोना पड़ता है। इन सभी लोगों को ठंड से बचाने के लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्रों में स्थाई एवं जरूरत के अनुसार अस्थाई रैनबसेरों को संचालित कराये। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगर विकास विभाग एवं नगरीय निकाय के अधिकारी रैनबसेरों के संचालन व व्यवस्था को बनाने में पूर्ण गम्भीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। साथ ही सभी निकाय पदाधिकारी भी अपने क्षेत्रों में रैनबसेरों के व्यवस्थित संचालन में सहयोग करेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि सड़क किनारे खुले में सोने वालों को ठंड से बचाने के लिए रैनबसेरा में पहुंचाने के लिए जरूर सहयोग करें। सभी निकाय अधिकारी शेल्टर होम्स की जानकारी के लिए साइनबोर्ड लगवाये। रैनबसेरों में उचित प्रबंध के साथ गर्म कपड़े, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल आदि की व्यवस्था हो। नगर विकास मंत्री ने निर्देश में कहा कि बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, मेडिकल कालेजो, लेबर अड्डों, बाजारों की भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पास अनिवार्य से रैनबसेरा संचालित कराये। लोगों को ठंड से बचाने के लिए चौराहों, बाजारों, रेलवे व बस स्टेशनों, अस्पतालों के आसपास जहॉ पर मजबूरी में लोग आते हैं ऐसे स्थानों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाए। सभी रैनबसेरों में महिलाओं और पुरूषों के लिए रहने की अलग-अलग व्यवस्था हो, शौचालय भी अलग-अलग हो। रैनबसेरों के संचालन में किसी प्रकार की कोताही न हो, इसकी देखरेख के लिए नोडल अधिकारी भी बनाये जाए।

# एक मोमिन की जिंदगी शरीयत का आईनदार होती है: खाालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुफ्ती अबुल कासिम मोहम्मद अतीक मियां के उर्स को सम्बोधित करते हुए मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि एक मोमिन की जिंदगी शरीयत का आईनदार होती है। उर्स का आयोजन रकाबगंज के बाग मौलवी अनवार में किया गया। उर्स को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि जिंदगी जिक्रे खुदा का नाम है और दुनिया में डूबा शख्स मुर्दा दिल है। औलिया अल्लाह अपनी जिंदगी का कोई पहलू गफलतों में नहीं गुजारते थे और इल्म हासिल करने के बाद अमल करते थे। आज दुनिया रसूल की शिक्षाओं को भुला कर आखिरत की जन्नत के बजाए दुनिया की खत्म हो जाने वाली जन्नत बनाने में लगी है और कहती है जिंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल खाक जिया करते हैं। नबी की शिक्षाओं में है कि ज्यादा हंसो मत कि दिल पत्थर हो जाए। हकीकत को कबूल करें और खुदा के खौफ में आंसू बहाओ ताकि दिल नरम पड़े। आखिरत की तैयारी करें और अपनी कब्रों को अजाब का घर न बना जन्नत का नमूना बनाने की कोशिश करें। मौलाना ने कसीदाबुर्दा शरीफ पढ़ा और कुरान की आयतें पढ़ कर ईसाले सवाब किया गया। उर्स के दौरान मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली ने उर्स में शामिल लोगों के साथ अस्माए इलाहिया और कुरानी सूरहों की तिलावत कराई। इस मौके पर तमाम बुजुर्गों के लिए भी ईसाले सवाब के साथ ही देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, तरक्की और खुशहाली की दुआएं की गयीं।

## एआइपीएमएम का राष्ट्रीय अधिवेशन आज व प्रेस वार्ता कल

**लखनऊ।** भारतीय मूल के राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम समाज के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदार बनाकर देश का प्रभावशाली समाज बनाने की दिशा में लंबे समय से प्रयासरत एवं पसमांदा हितों के लिये संघर्षरत सामाजिक संगठन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सद्स्यों, प्रदेश अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारणी, ज़िला अध्यक्षों, एवं पसमांदा विचारक/ एक्टिविस्ट भारतीय मूल के पसमांदा समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 24/ दिसंबर 2023, 2:00 बजे लखनऊ स्थिति कार्यालय (119/254 खंदारी लेन लालबाग लखनऊ) में आयोजित होगी तथा प्रेस वार्ता दिनांक 25/12/2023, 12:00 बजे, प्रेस क्लब हज़रत गंज लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

# अपना दल (एस) ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की मनाई गई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अपना दल (एस) के लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री अरबी सिंह ने कहा कि आज़ादी के बाद सही मायने में किसानों की पीड़ा को किसी ने समझा तो वो थे श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी। जमींदारी उन्मूलन में चौधरी चरण सिंह जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आप सच्चाई व ईमानदारी के सच्चे मिसाल थे। राष्ट्रीय सचिव तेजबली सिंह ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी नेता इस मांग को संसद में भी उठा चुकी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव तेजबली सिंह, विधि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, राष्ट्रीय सचिव राकेश वर्मा, युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव संजीव सिंह राठौड़, महिला मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष शिल्पी द्विवेदी, विधि मंच के प्रदेश महासचिव सच्चिदानंद पटेल, अमर सिंह, एडवोकेट संजय विश्वकर्मा, एडवोकेट उमेश पाल, रमाश्रय सिंह, अमर सिंह श्याम बिहारी मोदनवाल इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वजीर हसन रिजवी का निधन

**लखनऊ।** दैनिक अवधनामा सहित विभिन्न समाचार पत्रों में पत्रकार रहे अब्बास रिजवी के पिता वजीर हसन रिजवी (78) अच्छे भाई मर्सियाख्वान का शनिवार को बीमारी के चलते उनके आवास पर निधन हो गया। शनिवार देर रात स्वर्गीय वजीर हसन रिजवी को कर्बला तालकटोरा में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय की नमाजे जनाजा दर्सगाहे बाकिरिया के मौलाना हसन अस्करी ने अदा कराई और मजलिस को खिताब किया। स्वर्गीय के परिवार में पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के मजलिसे सैय्युम रविवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा अफसरजहां बेगम में शाम 6 बजे होगी। मजलिस को मौलाना हसन जहीर खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के बाग मक्का स्थित आवास पर शाम 6 बजे होगी। स्वर्गीय ने कई इमामबाड़ों और अजाखानों में मर्सिए की मजलिसें शुरू कराई।

# इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस के मुस्लिम कद्दावर नेता बनने की राह पर

अवधनामा ब्यूरो


- मेनीफेस्टो कमेटी में सदस्य नियुक्त कर बनाया और प्रभावशाली



**नई दिल्ली/लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने अंदरूनी तौर पर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है कांग्रेस ने गत दो दिन पहले अपनी मेनीफेस्टो कमेटी का गठन किया है इस कमेटी में जहां कांग्रेस के शीर्ष वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है वहीं इस मेनीफेस्टो कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम होना सभी को हैरान करने वाला है राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इस कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम हैं सूत्रों को माने तो राजनीतिक आंकड़ेबाज हतप्रभ है आश्चर्यचकित है कि जिस कमेटी का चेयरमैन पी चिदंबरम को बनाया गया है और कमेटी में प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश जैसे नेताओं को जगह दी गई है उसमे इमरान प्रतापगढ़ी को भी शामिल करना बहुत सोचा समझा फैसला है क्योंकि इमरान अभी युवा है, हाल ही में राज्यसभा सांसद बनाया गया था,फिर वो स्टार प्रचारक बनाए गए ! अब उन्हें मेनीफेस्टो कमेटी में रखा गया है , जो काफी बड़ी बात है। यह थोड़ा अधिक हो रहा है। कुछ कहते हैं कि उन्हें राहुल गांधी का भरपूर समर्थन हासिल है। कांग्रेस का एक समूह उनकी आलोचना करने के बहाने न मिलने पर खिसियाने लगता है। उन पर कीचड़ उछालने की साजिश रचता है लेकिन कांग्रेस का एक घड़ा प्रतापगढ़ी को लंबी रेस का घोड़ा मानता है और इमरान की प्रतिभा वफादारी मेहनत और हर मोर्चे पर कांग्रेस के लिए डटे रहना भी उनको अलग कतार में खड़ा करता है हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावो में कांग्रेस के लिए नतीजे चाहे कुछ भी रहे हो लेकिन तेलंगाना में कांग्रेस की बंपर जीत के लिए प्रतापगढ़ी को भी श्रेय देते हैं तेलंगाना में इमरान प्रतापगढ़ी का नारा ÷बाय बाय केसीआर÷ बहुत पॉपुलर हुआ और इमरान ने खुद चुनाव प्रचार के दौरान अपना नारा ÷बाय बाय केसीआर÷ घर घर तक पहुंचाया। राजनीतिक पंडितों की माने तो इमरान प्रतापगढ़ी आने वाले समय में इससे भी बहुत आगे जा सकते हैं। वो आदर्श भारतीय मुस्लिम है।मात्र 35 साल की आयु में देश के सबसे ईमानदार और अडिग नेता राहुल गांधी का भरोसा हासिल करना मामूली बात हो ही नही सकती। शीर्ष नेतृत्व की इमरान को पसंद करने की एक वज़ह शायद यह भी है कि प्रतापगढ़ी ब्रॉडमाइंड है और सबके साथ मिलकर और सबको साथ लेकर काम करने को अपनी ताकत मानते हैं यही दृष्टिकोण यही योग्यता उन्हें अब तक के तमाम मुस्लिम नेताओ में सबसे अलग सकारात्मक और विजनरी बनाता हैं मगर इमरान आगे कितने सफल होते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा।

# कांग्रेस ने मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** देश के पांचवें प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह की मौजूदगी में पुष्पांजलि सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर दिनेश सिंह सहित अन्य कांग्रेसियों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित हुआ। 1930 में जब महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया तो उन्होंने हिंडन नदी पर नमक बना कर उनका साथ दिया, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। चौधरी चरण सिंह किसानों के नेता रहे और उनका तैयार जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था। 1 जुलाई 1952 को प्रदेश में उनकी बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखापाल पद का सृजन भी किया और किसानों के हित में 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 3 अप्रैल 1967 को उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सेवादल मध्य जोन अध्यक्ष राजेश सिंह काली, संजय शर्मा, डॉ. रिचा कौशिक, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, अजय चन्द्र चौबे सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।